
रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 22 जुलाई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 331 मूल्य 3.00 ₹

# कोरोना की वापसी : 24 घंटे में करीब 4 हजार लोगों की मौत

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से रिकार्ड 3,998 लोगों की मौत हुई और संक्रमण के 42,015 नये मामले सामने आये हैं। इस बीच 34 लाख 25 हजार 446 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 41 करोड़ 54 लाख 72 हजार 455 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 42,015 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 12 लाख 16 हजार 337 हो गया है। इस दौरान 36 हजार 977 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ तीन लाख 90 हजार 687 हो गयी है। सक्रिय मामले 1040 घटकर चार लाख सात हजार 170 रह गये हैं। इसी अवधि में 3998 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 18 हजार 480 हो गया



है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 1.30 फीसदी, रिकवरी दर बढ़कर 97.36 फीसदी और मृत्यु दर 1.34 फीसदी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 1777 घटकर 97932 रह गये हैं। इसी दौरान राज्य में 7510 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 6000911 हो गयी है जबकि 3656 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 130753 हो गया है। केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 4692 बढ़कर 126894 हो गये हैं तथा 12052 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 3045310 हो गयी है जबकि 104 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 15512 हो गयी है। कर्नाटक में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 1271 कम होकर 26279 रह गए हैं। वहीं 29 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा 36226 हो गया है। राज्य में अब तक 282497 मरीज स्वस्थ हुए हैं। तमिलनाडु में सक्रिय मामलों की संख्या 565 घटकर 26717 रह गयी है तथा 30 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 33782 हो गयी है। वहीं 2478778 मरीज संक्रमण मुक्त हुए हैं। आंध्र प्रदेश में सक्रिय मामले 23843 रह गये हैं। राज्य में कोरोना को मात देने वालों की तादाद 1907201 हो गयी है जबकि 13178 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।



**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ननिहाल पहुंचकर अपने बचपन से जुड़ी स्मृतियों को ताजा किया। भूपेश बघेल अक्सर दशहरा, दिवाली, शीतकालीन छुट्टियों एवं गर्मी की छुट्टियों में अपने ननिहाल आया करते थे। मुख्यमंत्री अपने ननिहाल में परिजनों से बारी-बारी से आत्मीय मुलाकात की।

मुख्यमंत्री बुधवार को बेमेतरा जिले के ग्राम टकसींवा पहुंचकर मुकुंदलाल परगनिहा की माता स्व. बसन्ता बाई परगनिहा के निधन पर शोक संतप्त परिवार जनों से मिलकर श्रद्धाजंली अर्पित की।

## सरकार के गलत फैसलों से हुई 50 लाख लोगों की मौत : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना के कारण बड़ी संख्या में हुई मौतों के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि उसकी गलत नीतियों के कारण महामारी की दूसरी लहर में 50 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। श्री गांधी ने ट्वीट किया सच्चाई, भारत सरकार के गलत निर्णयों के कारण कोविड महामारी की दूसरी लहर में हमारे 50 लाख भाई, बहनों और माता-पिताओं को जान गवानी पड़ी है। इससे पहले पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ऑक्सीजन की कमी के कारण लोगों की मौत नही होने की केंद्र सरकार की दलील को गलत बताया और कहा कि लोगो मौत की मौत की असली वजह सरकार की गलत नीति रही है।

## केरल सरकार ने किया दो दिन का कंप्लीट लॉकडाउन

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केरल सरकार ने पूरे राज्य में दो दिन के संपूर्ण लॉकडाउन का ऐलान किया है। 23 और 24 जुलाई को पूरे राज्य में सख्त पाबंदियां लागू रहेंगी। इसके साथ ही पिनराई विजयन सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग को टेस्टिंग बढ़ाने को कहा है। हर दिन 3 लाख सैंपल जांच का आदेश दिया गया है। ईद पर तीन दिन तक पाबंदियों में छूट को लेकर सुप्रीम कोर्ट से फटकार लगने के बाद केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने मंगलवार को कहा था कि राज्य में पाबंदियों में किसी तरह की छूट नहीं दी जाएगी।

## ऑक्सीजन की कमी से किसी की मौत नहीं हुई : भाजपा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र सरकार के ऑक्सीजन की कमी से मौत नहीं होने वाले बयान पर विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि किसी भी राज्य ने नहीं कहा कि ऑक्सीजन की कमी से मौत हुई है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार के जवाब पर तीन चीजें ध्यान देने योग्य हैं। पहला, केंद्र कहती है कि स्वास्थ्य राज्यों का विषय है। दूसरा , केंद्र कहती है कि हम सिर्फ राज्यों के भेजे आंकड़ों को संग्रहित करते हैं और तीसरा सरकार ने एक दिशानिर्देश जारी किया है, जिसके आधार पर राज्य अपने मौत के आंकड़ों को रिपोर्ट कर सकें।


## किसान आज जंतर-मंतर पर देंगे धरना

**नई दिल्ली।** कृषि सुधार कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसान 22 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर धरना देंगे । किसान नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को बताया कि कल करीब 200 किसान धरना में शामिल होंगे। धरना में शामिल होने वाले किसानों के बारे में निर्णय संयुक्त किसान मोर्चा करेगा । किसान बसों से धरना स्थल पर पहुंचेंगे। किसान पुलिस की निगरानी में आयेंगे और शाम को धरना समाप्त कर देंगे। धरना शांतिपूर्ण होगा और कोरोना नियमों का पालन किया जाएगा । संयुक्त किसान मोर्चा ने संसद के मानसून सत्र के दौरान धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की थी । किसान संगठनों और सरकार के बीच 11 दौर की बातचीत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका था। पिछले सात माह से अधिक समय से किसान राजधानी की सीमाओं पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं ।

## डीआरडीओ ने न्यूनतम दूरी की टैंक रोधी मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश में ही बनी हल्की और न्यूनतम दूरी की टैंक रोधी दिशा निर्देशित मिसाइल का बुधवार को सफल परीक्षण किया। हल्की होने के कारण इस स्वदेशी मैन पोर्टेबल मिसाइल को आसानी से बिना किसी वाहन के कहीं भी ले जाया जा सकता है और इसे दागने के लिए किसी मशीनी लांचर की जरूरत भी नहीं है और कोई भी व्यक्ति इसे पोर्टेबल लांचर से दाग सकता है। दागो और भूल जाओ की श्रेणी वाली इस मिसाइल का निशाना अचूक होता है और इससे जहां एक ओर सेना की मारक क्षमता बढ़ेगी वहीं दूसरी ओर इससे आत्मनिर्भर भारत योजना को भी बढ़ावा मिलेगा।




# पेगासस जासूसी मामला : सीएम भूपेश ने की जांच कमेटी बनाने की घोषणा

## कहा- छत्तीसगढ़ में भी हुई जासूसी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पेगासस जासूसी मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जांच कमेटी बनाने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बात सामने आई है कि पेगासस बनाने वाले कंपनी के लोग छत्तीसगढ़ आए थे और कुछ लोगों से मिले थे. भूपेश बघेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को बताना चाहिए कि वे किनसे मिले थे और किस तरह की डील हुई थी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बयान बेमेतरा के टकसीवा रवाना होने से पहले दिया. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी कुछ लोगों की जासूसी हुई है, इसकी जांच होनी चाहिए, यह प्रजातांत्रिक देश है. इस



दौरान सीएम ने जांच कमेटी गठित की है। भूपेश बघेल बोले कि वो (पेगासस) कह रहे हैं कि भारत सरकार को सेवाएं देते हैं. भारत सरकार को बताना चाहिए कि उनस डील हुई की नहीं हुई. मंत्रियों, विपक्ष के नेता और पत्रकारों की जासूसी करा रहे हैं. सामाजिक कार्यकर्ताओं की जासूसी करा रहे हैं. आखिर उद्देश्य क्या था. ये तो पूरे देश को जानने का हक है, आखिर उनसे डील हुई की नहीं हुई. दूसरे देशों में जांच हो रही है, यहां क्यों नहीं होना चाहिए ये तो प्रजातांत्रिक देश है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर भी निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय पेगासस के लोग छत्तीसगढ़ भी आए थे, हमने उसकी जांच शुरू की है. रमन सिंह जी को बताना चाहिए कि किससे डील हुई? बता दें कि इजरायल के पेगासस साप्टवेयर के जरिए फोन टैपिंग और जासूसी की रिपोर्ट आने के बाद बवाल मचा हुआ है. मीडिया रिपोर्ट में कई वरिष्ठ पत्रकार और राजनेता के फोन टैपिंग का दावा किया गया है. इस मामले को लेकर कांग्रेस मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है।

## पेगासस मामले पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- देश की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश



इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस सॉफ्टवेयर के जरिए फोन टैपिंग का मामला काफी चर्चित विषय बन गया है। इस पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश है। यह षड्यंत्र का हिस्सा है। प्रमाणित बात सामने नहीं आई है। छत्तीसगढ़ सरकार या कांग्रेस के पास कोई सबूत है, तो सामने लाएं। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोहन मरकाम को बोलने के पहले सोचना चाहिए। दरअसल प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रेस वार्ता में कहा था कि भाजपा का नाम बदलकर भारतीय जनता जासूसी पार्टी रख देना चाहिए। मोदी सरकार देश की जासूसी करने वाली सरकार है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में एनएसओ कंपनी के लोग 2017 को आए थे। तत्कालीन रमन सरकार और पुलिस के साथ उनकी चर्चा हुई थी। भूपेश सरकार के द्वारा नवंबर 2019 में एक समिति गठित की थी। समिति ने जांच की, जिसमें पाया कि पेगासस के साथ हुई बैठक की जानकारी से जुड़े दस्तावेज जला दिए गए थे। भूपेश सरकार के स्कूल खोलने के फैसले पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार गम्भीर नहीं है। कोरोना की तीसरी लहर की चेतावनी बार-बार मिल रही है। राज्य में कोई नियंत्रण नहीं है। स्कूल खोलने में हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। राज्य की स्थिति का आंकलन करने के बाद निर्णय होना चाहिए।

# नरवा के पुर्नजीवित होने से भू-जल स्तर में होगी वृद्धि : सीईओ मयंक चतुर्वेदी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण काल के दौरान रायपुर जिला पंचायत अंतर्गत लंबित कार्यों को रफ्तार देने और कोरोना टीकाकरण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने जिला पंचायत सीईओ मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए नालों को पुर्नजीवित किया जाना है। नरवा के पुर्नजीवित होने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। इसके तहत दूसरे चरण में नरवा का चिह्नांकन कर प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। इसके आधार पर नरवा योजना अंतर्गत सभी जनपद को तीन-तीन समूहों में बांट कर जिलें में कुल 76 नरवा का चयन किया गया है।

बताते चलें कि गर्मी के मौसम में कई इलाकों में पानी का संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे में नरवा योजना का लाभ भू-जल के स्तर को बढ़ाने में मिलेगा, जिससे लोगों को पानी मिलेगा। कोरोना संक्रमण के कारण जिला पंचायत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों लंबित कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन, नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, गोठान समेत मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत कार्यों पर बैठक में चर्चा हुई।

### प्रस्तावित कार्य अविलंब प्रारंभ होंगे

गोठान के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी गोठानों में चारा-पानी और चबूतरा शेड निर्माण के कार्य पूर्ण करने के निर्देश सीईओ ने दिए। उन्होंने कहा कि गोठानों को बहुआयामी ि याविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। ज्ञात हो कि पहले और दूसरे चरण में बन चुके गोठानों में एक अप्रैल से गोबर खरीदी चल रही है। इस कार्य को नए गोठानों में भी शुरू करना है। गोठानों में प्रस्तावित कार्य अविलंब प्रारंभ कर पूर्ण किया जाए।

# पेगासस स्पाइवेयर मामले में कांग्रेस का आज राजभवन मार्च

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में प्रदेश के कांग्रेसजनों द्वारा 22 जुलाई को दोपहर 1 बजे पेगासस मामले में विरोध स्वरूप गृहमंत्री अमित शाह के त्यागपत्र और सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर राजीव भवन से राजभवन मार्च किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस, प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अ ध्य क्ष ा , पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के जिल, ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय-निकाय, त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों सहित आज 22 जुलाई 2021 के राजभवन मार्च में शामिल होंगे।

## जल्द मिल सकती है रायपुर से भोपाल उड़ान की सौगात

**रायपुर।** आने वाले दिनों में राजधानी के हवाई यात्रियों को एक बार फिर से रायपुर से सीधे भोपाल के लिए हवाई सेवा की सौगात मिल सकती है। बताया जा रहा है कि विमानन कंपनियां इंडिगो एयरलाइंस व एलायंस एयर द्वारा इसके लिए अपने मुख्यालय में प्रस्ताव भी भेजा गया है। विमानन कंपनियों का कहना है कि रायपुर से भोपाल के लिए यात्रियों की काफी ज्यादा मांग है। और इसे शुरू किया जाना चाहिए। पिछले साल 18 मार्च 2020 के बाद से कोरोना संक्रमण के चलते रायपुर से भोपाल फ्लाइट रद कर दी गई। अब एक बार फिर से इस फ्लाइट को शुरू करने की मांग की जा रही है। अभी रायपुर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, इंदौर, हैदराबाद सहित अन्य बहुत से क्षेत्रों के लिए फ्लाइट शुरू हो गई है।

# प्रदेश सरकार अपने वादों से मुकर गई : भाजपा

## बेरोजगारी भत्ता, नियमितीकरण, शराबबंदी जैसे विषयों पर कोई चर्चा नहीं

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जनता से किए गए वादों को पूरा करने की नीयत क़तई नहीं है। प्रदेश सरकार ज़ुबानी जमाखर्च की थी क़वायद करने के बजाय अपने उन वादों की चर्चा करे, जो उसने चुनाव जीतने के लिए प्रदेश की जनता से किए हैं। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने मंगलवार को हुई प्रदेश सरकार की कैबिनेट में लिए गए फैसलों को नाकाफी बताते हुए कही।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने 39 विषयों पर चर्चा की, लेकिन विडम्बना यह है कि उन विषयों में एक भी वह



विषय चर्चा में नहीं आया जो जनाकांक्षाओं को पूरा करने की प्रदेश सरकार की इच्छाशक्ति का परिचय देता। प्रदेश सरकार को सत्ता सम्हाले ढाई साल से 'यादा वक़्त हो गया है, और कैबिनेट की जब भी बैठक होती है तो जनता को इस बात की अभिलाषा होती है कि जो वादे करके कांग्रेस की सरकार सत्ता पर क़ाबिज़ हुई है, कहीं-न-कहीं उन वादों के क्रियान्वयन के फैसले लेकर उनको लागू करने की पहल दिखेगी, लेकिन कैबिनेट की बैठक से प्रदेश निराश हुआ है।

साय ने महिला स्व-सहायता समूहों की कर्ज़माफी करने, नक्सल प्रभावित पंचायतों एक-एक करोड़ रुपए देने, सम्पत्ति कर आधा करने, धान का दो वर्ष का बकाया बोनस देने, 200 फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने जैसे अहम मुद्दों पर कैबिनेट में चर्चा नहीं होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अब वादाख़िलाफी ही कर रही है। प्रदेश सरकार यदि अपने वादों पर कोई चर्चा तक नहीं करेगी तो वे पूरे कैसे करेगी? साय ने कहा कि इसका मतलब तो यही है कि प्रदेश सरकार अपने वादों से पूरी तरह मुकर गई है और जनापेक्षाओं की कसौटी पर खोटा सिक्का बनकर रह गई है।

# प्रीबीएड, प्रीडीएलएड की परीक्षा 29 अगस्त को, अलग-अलग पॉली में होगी परीक्षाएं

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापमं) ने प्रीबीएड और प्रीडीएलएड परीक्षा के लिए तारीख की घोषणा कर दी। दोनों परीक्षा 29 अगस्त को अगल-अलग पॉली में होगी।

व्यापमं के सलाहकार डा. प्रदीप चौबे के अनुसार बीएड की परीक्षा 29 अगस्त को पहली पाली 10 बजे से 12.15 के बीच होगी, वहीं डीएलएड की परीक्षा 29 अगस्त को ही 2 बजे से 4.15 बजे तक होगी। प्रीबीएड और प्रीडीएलएड दोनों परीक्षाओं के लिए 22 जुलाई से ऑनलाईन आवेदन शुरू होंगे, वहीं आवेदन की अंतिम तिथी 5 अगस्त है। 6 से 8 अगस्त तक आवेदन पत्र



में त्रुटि सुधार किये जा सकेंगे। प्रवेश पत्र 20 अगस्त को जारी किए जाएंगे। परीक्षा के लिए 29 अगस्त की तारीख तय की गई है हालांकि ये तारीख संभावित है। कोविड-19 संक्रमण या अन्य किन्हीं कारणों से परीक्षा की तारीख में फेरबदल किया जा सकता है। ज्ञात हो कि पिछली बार कोविड-19 संक्रमण की वजह से दोनों परीक्षाएं नहीं हो सकी थी, लेकिन इस बार परीक्षा फार्म भरने के बाद परीक्षा की तारीखों का भी ऐलान कर दिया गया है। इस बार दोनों में दाखिला परीक्षा के आधार पर होगा।

# कोविड संक्रमण से सुरक्षित रखने टीकाकरण की सलाह

- **भारत सरकार के द्वारा गर्भवती महिलाओं को कोविड-19 टीकाकरण की अनुमति प्रदान**

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा गर्भवती महिलाओ को कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में दिशा-निर्देश प्राप्त हुए तथा नेशनल टेक्नीकल एडवायजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाईजेशन एवं एन.ई.जी.वी.ए.सी द्वारा अनुशंसा की गई हैं। अतः विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा तथा विभिन्न स्टेक होल्डर्स के सहयोग से भारत सरकार के द्वारा गर्भवती महिलाओं के कोविड-19 टीकाकरण की अनुमति प्रदान की गई है।

मुख्य जिला एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मीरा बघेल ने बताया कि इस संबंध में गत दिनों ऑन लाईन उन्मूखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई थी। इसके तहत गर्भवती महिला के कोविड-19 टीकाकरण हेतु जारी दिशा-निर्देशानुसार गर्भावस्था की किसी भी अवधि में सभी गर्भवती महिलाएं (प्रथम तिमाही, द्वितीय माह, तृतीय) कोविड टीकाकरण करवा सकती हैं। गर्भवती को लगने वाले टी.डी वैक्सिन के साथ या टी.डी लगने के 15 दिन बाद भी लगाया जा सकता है। अत्याधिक जटिलता वाले गर्भवती माता अपने चिकित्सक से परामर्श लेकर कोविड-19 का टीकाकरण करवा सकती हैं।

90 प्रतिशत प्रकरणों में गर्भवती माताओ को घर पर रखकर ठीक किया जा सकता है, किन्तु कुछ प्रकरण में गर्भवती महिला की स्थिति बहुत जल्दी गंभीर हो सकती हैं। अतः ऐसे स्थिति में उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत है, नहीं तो विपरित परिणाम का जोखिम ज्यादा रहता हैं। उदाहरण के रूप में ऐसे समय सिजेरियन की जरूरत पड़ सकती हैं, समय से पूर्व डिलवरी हो सकती हैं, मृत्यु भी हो सकती हैं। उपरोक्त समस्त समस्या को टीका लगा के जोखिम से बचा जा सकता है। गर्भवती महिलाओं को भी टीकाकरण के बाद कोविड व्यवहारों का पालन करना हैं। कोविड टीकाकरण के बाद उन्हें भी आम लोगों की तरह किसी-किसी में बुखार, इंजेक्शन वाले स्थान में दर्द, सूजन, बदन दर्द इत्यादि लक्षण दिखते है जो सामान्यतः 2-3 दिनो में ठीक हो जाते हैं। उन गर्भवतीयों को टीका नहीं लगाना चाहिए जिनका पूर्व में प्रथम टीका लगने के बाद जिसे कोई दुष्प्रभाव हुआ हो या उन्हें किसी भी अन्य टीका से रियेक्शन हुआ हो या ऐसी गर्भवती माता जो वर्तमान में काविड-19 से ग्रसित हो और जो उपचारित हों।

## कैश बैंक का झांसा देकर 90 हजार की ठगी मामला दर्ज

**रायपुर।** राजधानी में ऑनलाइन ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर ठगी से बचने पुलिस लगातार लोगों को जागरूक भी कर रही है। मगर, ठगों के जाल में लोग आसानी से आ जा रहे। ताजा मामला उरला थाना क्षेत्र का है। कैश बैक का लालच देकर ठग ने पहले एनी डेस्ट एप डाउनलोड करवाया उसके बाद खाते से 90 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नंद किशोर मेहता ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के लिए पीड़ित को फोन पे में 399 रुपये कैश बैक मिलने का झांसा दिया। इसके बाद एनी डेस्ट एप डाउनलोड करवा कर खाते से दो बार में 90 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर उरला पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। उरला पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ शिकायत पीड़ित नंद किशोर मेहता ने की है।

# जिला अस्पताल में नवजात बच्चों की मौत पर हंगामा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के जिला अस्पताल में मंगलवार देर रात नवजात बच्चों की मौत को लेकर हंगामा हुआ। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने सात नवजात की मौत को अफवाह बताया है। विभाग ने कहा कि सात नहीं बल्कि पिछले 24 घंटे में दो बच्चे की मौत हुई है।

नवजात नर्सरी आईसीयू के इंचार्ज डॉक्टर ओमकर खंडवाल ने कहा कि सात बच्चों की मौत की बात अफवाह है। कोई सात नवजात बच्चों की मौत नहीं हुई है। बीते चौबीस घंटे में सिर्फ़दो नवजात बच्चों की मौत हो या वो भी दो दिन तक आईसीयू में थे। क्रिटिकल कंडीशन था, इसी कारण मौत हुई है।

खंडवाल ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में 6 बच्चों की मौत अलग-अलग दिन हुई है। हॉस्पिटल में प्राइवेट हॉस्पिटल से भी बेहतर सुविधा है। कल कितने शिशु भर्ती थे और आज कितने है इस सवाल पर डॉक्टर ने बताया कि आज 35 शिशु भर्ती है। कल का रिकॉर्ड देख के बताऊंगा, 24




शिशु जो ICU में भर्ती है। ऑक्सीजन की कमी से बच्चे की मौत के सवाल पर डॉक्टर बोले कि हॉस्पिटल मैं अगर ऑक्सीजन की कमी होती तो ICU में भर्ती बाक़ी बच्चे ज़िंदा कैसे होते। एक बच्चा जो पैदा होते ही चुप था। मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी के कारण मौत हुई है न कि हॉस्पिटल में ऑक्सीजन की कमी से परिजनों का आरोप है कि कई दिनों तक उनके बच्चों का उनकी पत्नी का कोई अपडेट नहीं मिलता है। इस सवाल पर इंचार्ज डॉक्टर ने कहा कि दिन में कम से कम तीन बार परिजनों को डिटेल दिया जाता है। डॉक्टर के दावा को लेकर परिजनों बताया कि अपडेट तो दूर बच्चा पैदा हुआ है, कैसा है पत्नी का क्या हाल है, यह तक पूछने के लिए कई गालियां खानी पड़ती है।

### परिजनों ने लगाए आरोप

तंगकेश्वर पाल मढ़ी तिल्दा निवासी ने बताया कि सोमवार से मेरी पत्नी और बच्चे यहां भर्ती है। जानकारी लेने में बहुत दिक़्क़त होती है। डॉक्टर साहब आपके कैमरे में दिन में तीन बार जानकारी देने की बात कह रहे हैं, लेकिन यहां कई दिनों तक जानकारी नहीं दिया जाता है। दोनों ज़िंदा है कि नहीं। विद्या चरण पात्रे ने बताया कि मेरी पत्नी और बच्चे भर्ती है, लेकिन मुझे यह जानकारी नहीं है कि उनका क्या हाल है, किसी से पूछो डांट दिया जाता है। 24 घंटे बाद जानकारी मिली है कि मेरे बच्चे को वज़न की समस्या है। मुकेश यादव नयापारा राजिम निवासी ने बताया कि 17 जुलाई को यहां मेरे नवजात बच्चा और पत्नी भर्ती हुए थे। 18 को बच्चे की मौत हो गई। यहां पर मेरे दूसरे बच्चे की मौत है। मेरी पत्नी अभी भी भर्ती है, क्या स्थिति है ये नहीं पता।

## खुली नालियों से दुर्घटना होने का अंदेशा के साथ-साथ दुर्गंध से भी लोगों हो रहे परेशान

# रायपुर शहर में शुरू नहीं हो सका नाली ढंकने का काम, बारिश में लोगों की बढ़ी मुसीबत

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में खुली नालियों की वजह से शहर की खूबसूरती को ग्रहण लगा हुआ है। खुली नालियों को ढकने के लिए बजट में हरी झंडी मिल गई थी, लेकिन उसके बाद भी नालियों के ढकने का काम शुरू नहीं हो पाया है। निगम के प्रत्येक वार्ड में नालियां खुली हैं। खुली नालियों से दुर्घटना होने का अक्सर अंदेशा बना हुआ है। इसके साथ ही नालियों से दुर्गंध आ रही है, जिससे आने-जाने वाले लोगों का जीना मुहाल हो रहा है।

खुली नाली होने के कारण सड़क का पूरा कचरा नाली में जा रहा है। यही नहीं, कई लोग भी अपने घरों का कचरा इसी में डाल देते हैं। इससे इस क्षेत्र में काफी दुर्गंध हो रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। निगम के अधिकारी का कहना है कि कुछ वार्डों में नालियों के ढकने का काम शुरू कर दिया गया है। ज्ञात हो कि रायपुर नगर निगम के अंतर्गत कुल 70 वार्ड में 15 लाख आवादी निवासरत है। राजधानी के ज्यादातर वार्ड में खुली नालियां राजधानी की जनता के लिए भी आफत बन गई। टूटी नालियों को अभी तक कवर नहीं किया गया, जिस कारण शहर में बरसात होने पर अब लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश होने पर नालियों का सारा पानी सड़कों पर आ रहा है, लेकिन निगम की तरफ से इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन दिनों थोड़ी भी बारिश होने पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। निगम के कई वार्डों में नालियां टूट गई हैं। ऐसा जान पड़ता है कि जैसे सालों से नालियों



की मरम्मत नहीं हुई है। की टीम ने राजधानी के गोरखा कालोनी, सिंचाई कालोनी, न्यू शांति नगर, नूरानी चौक पड़ताल किया तो ज्यादातर नालियां खुली थीं। जनता अपने घर के बाहर आने जाने के लिए खुद ही नालियों को ढका है, जिससे वह आ-जा सकें। लोगों का कहना है कि निगम के पास बजट का प्रविधान होने के बाद भी कार्य शुरू क्यों नहीं किया जा रहा है। वहीं विरोधी पक्ष का कहना है कि निगम के पास फालतू पैसा खर्च करने के लिए बजट है, लेकिन नालियों को ढकने के लिए निगम बजट का रोना रोता है। नगर निगम से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में तकरीबन चार हजार किलोमीटर तक छोटी-बड़ी नाली फैली है। राज्य सरकार ने तीन साल पहले आदेश जारी किया था कि जहां भी नाली बनाई जाए, उसे तुरंत ढका जाए, लेकिन निगम के अधिकारी शासन के आदेश के बाद भी निर्माणाधीन नालियों को भी नहीं ढक रहे हैं। अधिकारियों की दलील है कि नालियां शुरुआत से ढकी जाएं तो ठीक है। बीच में ढकने पर कचरा आकर वहां इकट्ठा हो जाएगा, जिससे पानी का निकास बंद हो जाएगा।

राजधानी के कई मुहल्ले में निगम ने नालियां बना तो दीं, लेकिन ये खुली पड़ी हैं। नालियों को न ढकने के कारण यहां पर हादसों का खतरा बना रहता है। खुली नालियों में गिरने के अलावा दिन भर आसपास की पालीथिन भी उड़कर इनमें गिर जाती है, इससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके साथ ही दुकानदार भी दुकान या फिर आसपास की सफाई करके खुली नालियों में डाल देते हैं, जिससे हल्की-सी बारिश में नालियां जाम हो जाती हैं और नालियों की गंदगी सीधे सड़क पर आ जाती है।

वार्ड में जिन जगहों में नई नालियों का निर्माण किया जा रहा है, उसे ढका जा रहा है। पुरानी नालियों को ढकने का काम अभी शुरू नहीं हो पाया है।

**-पुलक भट्टाचार्य,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

निगम के पास फिज़ूलखर्ची के लिए बजट रहता है, लेकिन जनता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए निगम बजट का रोना रोता है। निगम के पास न तो फागिंग कराने के लिए बजट है और न ही नाली ढकने के लिए बजट है। बाकी कामों के लिए निगम के पास बजट आ जाता है।

**- मीनल चौबे,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, रायपुर

# अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण पर करें सख्त कार्रवाई

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल ने जगदलपुर एवं आसपास किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर कड़ाई से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में उन्होंने अवैध कब्जा करने वालों पर भी सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बैठक में वन मंडलाधिकारी स्टायलो मंडावी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर रजत बंसल ने अक्टूबर-नवंबर में प्रस्तावित सेना भर्ती रैली के लिए बस्तर जिले के अधिक से अधिक युवाओं को तैयार करने के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में उन्होंने कहा कि इस भर्ती रैली में शामिल होने के इच्छुक शैक्षणिक योग्यताधारी युवाओं का शारीरिक परीक्षण करने के पश्चात् भर्ती हेतु योग्य युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शारीरिक परीक्षण के लिए जनपद स्तर में ही प्रबंध करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने श्रवण बाधित दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थिति हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल बोर्ड के सदस्य प्रति सोमवार एवं शुक्रवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक महारानी अस्पताल में उपस्थित रहते हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय संस्थानों में नल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी भी जाहिर की। कलेक्टर बंसल ने कोरोना की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी जांच नाकों में कोरोना जांच में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पर्यटन स्थलों में भी कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बंसल ने योजनाओं के क्रियान्वयन में कसावट लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की और सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को योजनाओं की सुक्ष्म समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रहे विलंब के लिए तत्काल जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### अपहृत 7 युवकों सहित ग्रामीणों को नक्सलियों ने किया रिहा

**सुकमा।** जिले के कुंदेड़ गांव के 07 युवकों के साथ गांव के ग्रामीणों को नक्सलियों ने मुखबीर का आरोप लगाते हुए अपहरण कर लिया था। अपहरित युवकों सहित ग्रामीणों को नक्सलियों ने अंतिम चेतावनी देकर रिहा कर दिया है। कल रात सभी ग्रामीण और 07 युवक अपने गांव कुंदेड़ पहुंच गये। सकुशल घर लौटने के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी। नक्सलियों द्वारा जिन 07 ग्रामीण युवकों को अगवा किया गया था, उनमें उईका सन्नु, उईका प्रकाश, उईका रामलाल, कारम हिरा, उईका मुकेश, तेलम प्रभात एवं उईका मुड़ा शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदेड़ के 07 युवकों को 18 जुलाई को नक्सलियों ने अगवा कर लिया, 19 जुलाई को पूरे मामले की जानकारी कोया कुटमा समाज के जिलाध्यक्ष गणेश माड़वी तक ग्रामीणों के माध्यम से पहुंची थी, जिसके बाद सर्व आदीवासी समाज ने भी नक्सलियों से युवकों को सकुशल रिहाई की अपील किया था। कुंदेड़ गांव के सात युवकों को नक्सलियों ने अगवा करने के बाद 14 परिजन व अन्य ग्रामीण युवकों की रिहाई के लिए जंगल की ओर रवाना हो गए, बीस जुलाई को जब रिहाई कराने निकले परिजन और ग्रामीण भी वापस नहीं लौटे तो अपहरण का मामला प्रकाश में आया, जिसके बाद पुलिस को भी इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस पूरे मामले की तस्दीक में जुट गई वहीं मंगलवार को उन 14 ग्रामीणों में से दो ग्रामीणों को नक्सलियों ने ग्राम कुंदेड़ भेजा इस बार नक्सलियों ने 13 लोगों का नाम भी उन दोनों ग्रामीणों को सौंपा।

# पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान किये जाने वाले पद्म पुरस्कार हेतु वर्ष 2022 के लिये पात्र व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया हैं। वर्ष 2022 में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करने हेतु निर्धारित पात्रता एवं मापदंड अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य/पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव 20 अगस्त 2021 तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छ0ग0, रायपुर द्वारा मंगाई गई है। पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों/विषयों जैसे कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरी, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, किसी जाति, व्यवसाय, हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना, इन पुरस्कारों के पात्र है। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली भारत सरकार के आधिकारिक वेबसाइट www.paç-maawarçs.gov.in पर उपलब्ध है। पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन केवल ऑनलाईन पोर्टल पर ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन में अनुशंसित व्यक्ति की उससे संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए विवरणात्मक रूप में प्रशस्ति पत्र सहित उपर्युक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में उल्लिखित सभी प्रासंगिक जानकारी दी जानी चाहिए। ऑनलाईन नामांकन करने की क्रमवार प्रक्रिया उपर्युक्त वेबसाइट पर दी गई है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले नामांकन पर विचार नहीं किया जायेगा। ऑनलाईन नामांकन पश्चात् जिले के कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण जिला-बस्तर, जगदलपुर में नामांकन पत्र की छायाप्रति 20 अगस्त 2021 कार्यालयीन समय तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त नामांकन पर विचार नहीं किया जावेगा। नामांकन की प्रक्रिया एवं पद्म पुरस्कार से संबंधित अधिक जानकारी हेतु जिला कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जगदलपुर से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क किया जा सकता है।

# बजरंग दल ने किया कार्यकारिणी का गठन



पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

हनुमान मंदिर चारामा में बैठक रखा गया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल चारामा नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ परिवार से शेखर सोनकले, जिला सहसंयोजक पुरुषोत्तम सिन्हा, चारामा प्रखंड संयोजक टीकम तारम, उपाध्यक्ष रूपेश देवांगन, मंत्री हेमंत साहू, सहमंत्री- अजय निषाद ,डिलेश्वर निषाद, गीतेश दुबे की उपस्थिति में चारामा नगर की कार्यकारिणी का गठन किया गया और जिला सहसंयोजक के माध्यम से संगठन के उद्देश्यों को अवगत कराया गया ।सेवा-सुरक्षा-संस्कार को आधार मानकर काम करने के लिए कार्यकताओं में उर्जा भरा गया, जिसके बाद नगर कार्यकारिणी की घोषणा की की गई जो इस प्रकार है -संयोजक -ओम प्रकाश साहू, सहसंयोजक- आकाश देवांगन, सहसंयोजक - राहुल कुंभकार मंत्री -पंकज सिन्हा सहमंत्री -हिमांशु दुबे ,गौ रक्षक प्रमुख- राहुल साहू, अखाड़ा प्रमुख -भूषण साहू ,,सत्संग प्रमुख -मनीष देवांगन सेवा प्रमुख -हरेराम -हरे श्याम लसुरक्षा प्रमुख -कमलप्रीत छाबड़ा ,प्रचार -प्रसार प्रमुख- गीतेस्वर कौशिक सामाजिक समरसता प्रमुख।

# पूर्व विधयाक बाफना ने सविदा नर्सों की कार्य अवधि बढ़ाने के लिए बस्तर कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



प्रशासन के द्वारा बगैर नोटिस दिये ही कॉन्ट्रेक्ट नर्सेज स्टाफ को नौकरी से बाहर करने के संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मामलें में हस्ताक्षेप करने का मुद्दा उठाया है।

पूर्व विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख करते हुए कहा कि, कोरोना वायरस की दूसरी लहर से निपटने के लिए फ्रंटलाईन वर्कर्स के तौर पर विगत् मार्च-अप्रैल माह में स्थानीय प्रशासन के द्वारा जिला महारानी अस्पताल जगदलपुर एवं मेडिकल कॉलेज, डिमरापाल के कोरोना वाड्र्स के लिए कॉन्ट्रेक्ट नर्स स्टाफ की भर्ती की गई। लेकिन जैसे ही कोरोना संक्रमण की दर में मामूली सी गिरावट आई तो कॉन्ट्रेक्ट नर्सेज को बगैर नोटिस दिए ही कार्य से पृथक कर दिया गया।

इतना ही नहीं, अस्पताल में कोविड मरीज के भर्ती होने से लेकर डिस्चार्ज होने तक कोरोना को हराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इन सभी नर्सेज को सेवा में भर्ती होने के दिनांक से नौकरी से बेदखल करने के दिनांक तक एक भी माह के वेतन का भुगतान तक नहीं किया गया।

बता दें कि, पूर्व विधायक बाफना ने अन्य राज्यों में कोरोना संकट के बीच नियुक्त किये गए अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों की नौकरी नियमित करने या फिर उन सभी की सेवा अवधि को बढ़ाने जैसे फैसलों का हवाला दिया है एवं कॉन्ट्रेक्ट नर्सेज को बगैर नोटिस के ही सेवा से पृथक करने के फैसले को निंदनीय बताया है। और प्रशासन से वैध कारण बताते हुए यह स्पष्ट करने की मांग की है कि, जहॉं बस्तर जिलें में अभी भी पूरे प्रदेशभर के अन्य जिलों की तुलना में अधिक कोरोना मरीज मिल रहे हैं एवं बस्तर संभाग सीमाएं जो उड़ीसा, आंध्राप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र से लगती है। और यह सभी राज्य जो कोरोना महामारी की दृष्टि से आज भी अतिसंवेदनशील बने हुए है और महामारी की तीसरी लहर भी इन्हीं राज्यों से बस्तर में आने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया सकता है तो इस तरह की स्थिति में कोरोना वायरस से निपटने में फ्रंटलाईन वर्कर्स के तौर पर काम करने वाली इन नर्सेज को नौकरी से क्यों निकाला गया। इससे बेहतर होता कि, सभी कर्मियों की सेवा अवधि को बढ़ा दिया जाता है।

पूर्व विधायक बाफना ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि बस्तर जिले को कोरोना महामारी की चपेट से बाहर निकालने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करने वाली कॉन्ट्रेक्ट नर्सेज स्टाफ की समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें नौकरी से न निकालने, बल्कि उन सभी के सेवा काल को बढ़ाने एवं अब तक की गई सेवा का वेतन भुगतान करने जैसे मुद्दे का उचित हल निकालने का कष्ट करें।

### सांप दिखाने वाले दो बच्चों को बालक कल्याण समिति को सौंपा गया

**कांकेर।** जिले के बाल सरंक्षण अधिकारी को मिली सूचना पर अभियान चलाकर सांप दिखाने वाले नाबालिग दो बच्चों को पकड़कर बालक कल्याण समिति को सौंप दिया गया है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए स्कूल भेजा जाता है, उस उम्र में कुछ पालक बच्चों को भीख मांगना सीखा रहे हैं। कम उम्र में ही खतरनाक काम का प्रशिक्षण दे रहे हैं। साप्ताहिक बाजार में लोगों से भीख मांगने से लेकर जेब काटना सिखाया जा रहा है। भीख मांगने के लिए बच्चों को खतरनाक व जहरीले सांप दिया जा रहा है।

# आईटीबीपी के शहीद जवान को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नक्सली घटना में शहीद हुये जवान को दी गयी श्रद्धांजलि। आपको बता दे दिनांक 20.07.21 को विधायक चंदन कश्यप, नारायणपुर का ओरछा भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित था, जिसके मद्देनजर सुरक्षा हेतु जिला नारायणपुर के थाना छोटेडोंगर से आईटीबीपी 45वीं वाहिनी की पार्टी आरओपी ड्यूटी हेतु रवाना हुए थे।

अभियान के दौरान प्रातः लगभग 10:00 बजे कैम्प अमदई घाटी में डोंगर हिल्स की ओर जाने वाले मोड़ के पास आईटीबीपी और माओवादियों के बीच में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में आईटीबीपी का 01 जवान शिव नारायण मीणा शहीद हो गए वही 01 सहा उप निरीक्षक, घायल हो गये।

शहीद जवान शिव नारायण मीणा के पार्थिव शरीर को स्थानीय पुलिस लाईन, नारायणपुर में सलामी दी गई। जवान को श्रद्धांजलि देने के बाद पुलिस के आला अफसरों ने जवान के ताबूत को कांधा देकर वाहन में रखा जिसके बाद शहीद जवान का शव उनके गृहग्राम राजस्थान के लिए रवाना किया गया। श्रद्धांजलि के दौरान चंदन कश्यप विधायक नारायणपुर, आईजी सुंदरराज पी. डीआईजी बालाजी राव, कलेक्टर धर्मेश साहू ,पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण, सहित जिले के सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि,नागरिक एवं राजपत्रित पुलिस अधिकारियों सहित सैकड़ों जवान उपस्थित रहे।

### बीजापुर जिले में मिला सम्मान मेरी वास्तविक पूंजी-बसंत ताटी

**बीजापुर।** कृषक कल्याण परिषद् का सदस्य नियुक्त होने के बाद ज़िले मे प्रथम आगमन पर वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता बसंत ताटी का आज भैरमगढ़ और बीजापुर में नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।स्वागत से अभिभूत ताटी ने कहा कि बीजापुर ज़िले के नागरिकों और पार्टी के सहयोगियों ने मेरा जो आत्मीय सम्मान किया है,वही मेरी वास्तविक पूँजी है।नयी जिम्मेदारी के लिये अपने वरिष्ठ नेताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि मुझ पर भरोसा करके जो बड़ी जिम्मेदारी मुझे सौंपी गयी है,मेरी कोशिश रहेगी कि मैं उसपर खरा उतरूँ। बसंत ताटी ने बीजपुर क्षेत्र के लोकप्रिय और ऊर्जावान विधायक विक्रम शाह मंडावी का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि वे क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं और उनके समाधान के लिये लगातार प्रयत्न करते हैं।उनका सहयोग हमेशा रहा है और मुझे विश्वास है कि मैं इस नये दायित्व के साथ ज़िले के किसानों की समस्याओं को सुलझाने में अपने स्तर से भी उनकी कोशिशों में सहभागी बन सकूंगा।

सूचना

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, मोवा, रायपुर में **एक्सरे-टेक्निशियन** कोर्स करने हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं जल्द से जल्द संपर्क करें। चयनित छात्र के फीस का 50% प्रतिशत स्कॉलरशिप श्री बालाजी मेडीकल फाउंडेशन द्वारा वहन किया जावेगा। **स्थान सीमित है।**

संपर्क 7471130598

**कलेक्टर दीपक सोनी एवं सीईओ जिला पंचायत अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में लॉक डाउन के दौरान भी दंतेवाड़ा जिले ने परचम लहराया**

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में दंतेवाड़ा जिला राज्य में रहा प्रथम स्थान पर

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com





'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसके क्रियान्वयन में दंतेवाड़ा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।इस योजना का संचालन 01 जनवरी 2017 से किया जा रहा है, इस योजना के तहत प्रथम बार गर्भधारण करने वाली महिला को राजगार क्षतिपूर्ति के रूप में 5 हजार रूपये बैंक खाते के माध्यम से भुगतान किया जाता है, जिससे की गर्भवती माता अपना एवं गर्भ में पल रहे बच्चे का अच्छे से देखभाल कर सके एवं स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दे।बचेली प्रसाशनिक परियोजना अधिकारी सायरा बानो खान एवं किरंदुल परियोजना अधिकारी मनीषा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला के प्रथम गर्भवती होने पर आंगनबाड़ी में पंजीयन होने पर खाते में पहला क़िस्त 1000 रु एवं 150 दिन बाद दूसरा क़िस्त 2000 रु तथा शिशु जन्म होने के 04 माह बाद तीसरी क़िस्त 2000 रु ऐसे तीन किस्तों में कुल 5000 रु गर्भवती महिला के आहार के लिए प्रदान की जाती है। अप्रैल मई एवं जून माह में बचेली सेक्टर के 64 गर्भवती महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुए जो जिले में 57.14% रही एवं किरंदुल सेक्टर में 54 गर्भवती महिलाओं को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ एवं 45.38% पर रही।जिसमें पर्यवेक्षिका उषा मालवीय,सुकाली चंद्राकर एवं कार्यकर्त्ता रानी,संगीता का विशेष सहयोग रहा।

**कार्यालय कलेक्टर, (महिला एवं बाल विकास)**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.),** Email: dpowcdgariaband@gmail.com

क्रमांक/895/मबावि./पो.आ./2021 गरियाबंद, दिनांक 19.07.2021

**// विज्ञापन //**

**महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करने हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण**

महिला एवं बाल विकास जिला-गरियाबंद (छ.ग.) की अधोलिखित बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय हेतु सक्षम स्थानीय (सेक्टर पर्यवेक्षक क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम) महिला स्व सहायता समूहों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय से कार्यालयीन समय में **दिनांक 23.07.2021 से दिनांक 23.08.2021** तक प्राप्त किया जा सकता है तथा **दिनांक 24.08.2021 अपरांह 04:00 बजे तक** आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। कार्य से संबंधित शर्तें व विस्तृत विवरण 01 दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्रमांक | परियोजना का नाम | सेक्टर का नाम जहां प्रदाय किया जाना है/सेक्टर में आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | फिंगेश्वर | बेलर-27 |
| 2. | देवभोग | देवभोग-31, मुड़ागांव-37, सुपेबेड़ा-33, झाखरपारा-40 |

जी-62196/1

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास**
**जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

# जिलें के 1709 स्कूलों में संचालित हो रहा है मोहल्ला क्लास, संक्रमण से मुक्त स्कूली बच्चे हो रहें है लाभांवित





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देश पर जिलें में मोहल्ला क्लास का संचालन जोर शोर से प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत जिले के 1709 स्कूलों में मोहल्ला क्लास की शुरूआत कर दी गयी है।

कोरोना वायरस संक्रमण के कारण विगत 17 माह से विद्यालय बंद है। जिसके कारण घरों में रहते हुए बच्चों को पढ़ने लिखने और सीखने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने सभी शिक्षकों से अपील किये कि वे बच्चों को मोहल्ला क्लास के माध्यम से कोविड नियमों का पालन करते हुए अध्यापन जारी रखें। कलेक्टर के इस अपील से शिक्षकों को बल मिला और अब जिले के 2 हजार 77 शालाओं में से 1709 शालाओं में मोहल्ला क्लास की शुरूवात होने लगी है।।जिन शालाओं में परिस्थितिवश मोहल्ला कक्षा का संचालन नही हो पा रहा है। उन शालाओं के शिक्षकों ने आनलाईन कक्षा के माध्यम से अध्यापन जारी रखा है। जिले के अधिकांश गांवों में पारा मोहल्ला के माध्यम से अध्यापन कार्य संचालित होने से पालकगण प्रसन्नता व्यक्त कर रहे है। संस्था प्रमुखों के द्वारा बताया गया कि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित कर समिति के सहयोग से शिक्षको एवं शिक्षा सारथियों के द्वारा मोहल्ला कक्षा संचालित की जा रही है। पालकों से समिति द्वारा आग्रह किया जा रहा है कि पालक अपने बच्चों को मोहल्ला कक्षा मे अधिकाधिक संख्या में पढ़ने भेजें। गांव के कुछ पढ़े लिखे युवाओं, गृहणियों द्वारा भी शिक्षा सारथी के रूप में मोहल्ला कक्षा संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मोहल्ला कक्षा के संचालन का अवलोकन संकुल, विकासखण्ड, जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। समय -सीमा की बैठक में कलेक्टर महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किये है कि वे जब भी गांवों में भ्रमण करें तो मोहल्ला कक्षा संचालन का निरीक्षण अवश्य करें। जिले के मोहल्ला कक्षाओं में वर्तमान में सेतु पाठ्यक्रम का अध्यापन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पिछली कक्षा के सारांश की पुनरावृत्ति का अध्यापन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा बताया गया कि सेतु पाठ्यक्रम जुलाई अंत तक पूर्ण कर लिया जावेगा। कक्षा छः से नौ तक मोहल्ला क्लास में चार विषयों क्रमशः हिन्दी, अंग्रेजी,गणित व विज्ञान पर निखार कार्यक्रम के माध्यम से अध्यापन जारी है। जिले में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम माह मार्च 2021 से माताओं द्वारा किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड से चुने हुए महिला शिक्षकों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद इन प्रशिक्षको द्वारा प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिसके माध्यम से गांव स्तर पर माताओं को प्रशिक्षण का कार्य निरंतर जारी है। अंगना म शिक्षा आठ वर्ष तक के आयु के बच्चों के लिये बहुत ही लाभदायी है।

# गौठान भूमि के लिए, 10 एकड़ अतिक्रमण हटाया गया

## एसडीएम बजरंग दुबे द्वारा लगातार भू माफियाओं के खिलाफ खोला मोर्चा



पायनियर संवाददाता ◄ सरसींवा
www.dailypioneer.com

अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ के सबसे बड़े ग्राम पंचायत सरसींवा गांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ के द्वारा सरसींवा में10 एकड़ शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर पंचायत के सुपुर्द किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार अनुभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ के अनेक गांव में शासकीय भूमि पर भू माफिआओं के द्वारा लंबे चौड़े एरिया में कब्जा कर लिए जाने से अनेक गांव में निस्तारी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गया है। गांव-गांव में मवेशियों के लिए चारागाह व अन्य जरूरी कार्यो के लिए भूमि नहीं होने से रह वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । इसी तारतम्य में सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़ बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सरसींवा में भू माफियाओं के द्वारा शासकीय भूमि में किए गए लगभग 10 एकड़ क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाकर उन्हें चिन्हांकित करते हुए इसे ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया ।

ज्ञात हो कि एसडीएम दुबे के द्वारा बीते सप्ताह दिन पूर्व ही ग्राम पंचायत बिसनपुर के आश्रित ग्राम लूकापारा में 8 भी भू माफियाओं के द्वारा किए गए 8 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया जा चुका है । वही ग्राम पंचायत टिहलीपाली में 7 एकड़ जमीन को खेत बना कर कब्जा कर लिए गया था उसे भी जेसीबी की मदद से हटाया गया था। बेजाकब्जा जमीन हटवाने वालो में मुख्य रूप से नायाब तहसीलदार अश्वनी चंद्रा, पटवारी संतोष पांडेय, सरपंच नीतीश बंजारे,सचिव प्रदीप यादव, पंचगढ़ , कोटवार इनके साथ ही सरसींवा पुलिस थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू की पुलिस टीम के साथ मे अवैध बेजाकब्जा जमीन को हटाया गया।

# नपा के कर्मचारियों को रैनकोट व सुरक्षा जैकेट व अन्य सामग्री वितरित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर पालिका कार्यालय एवं सफाई विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिल्ड में कार्यरत कर्मचारियों को रैनकोट, सुरक्षा जैकेट व सफाई कामगारो को रैनकोट के साथ हैण्ड ग्लब्स (दस्ताने) एवं मास्क का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल, सभापति जितेन्द्र महाले, पार्षद अमितेष नेताम, कमल भारद्वाज के द्वारा भी सामग्री वितरीत की गई। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा सफाई विद्युत एवं जल विभाग में कार्य कर रहे कर्मचारियो के कार्य की प्रशंसा करते हुये बारिश में कार्य प्रभावित न हो इसके लिये रैनकोट, हैण्ड ग्लब्स व मास्क सहित सुरक्षा जैकेट वितरण जरूरी था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल ने कार्यरत कर्मचारियो के अच्छे व मेहनत पूर्ण कार्य की प्रशंसा कर सामग्री का विरतण किया गया। इस दौरान नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट के कुल 106 लोगो को रैनकोट व अन्य आवश्यक सामग्री वितरीत किया गया। वितरण के दौरान नगर पलिका के उपअभियंता राकेश कुमार सोनी एवं मुगल किशोर साहू, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, लेखापाल कु. पूजा साहू, कृष्णकांत कुर्रे राजस्व प्रभारी राजेश यादव, गणेश पाड़े, शतेन्द्र सिन्हा, प्रसुन शर्मा, सुरेन्द्र सोना, भूनेश्वर साहू, तुलसी यादव, अमित वर्मा, जय वर्मा, कैलाश सोनी, किशोर यादव, कृष्णा गेण्डरे, अश्वनी तिवारी, जे.सी.बी. चालक महेन्द्र निर्मलकर, संजय कुमार साहू, धनेश पटेल, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# धर्म का परिवर्तन न करे : धनंजय साहू

■ खैरताल में किया गया धर्मांतरण जागरूकता अभियान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला साहू समाज बलौदाबाजार द्वारा जिला अध्यक्ष धनंजय साहू के नेतृत्व में ग्राम खैरताल में गत दिवस धर्मांतरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक जनों को धर्मांतरण नहीं करने के लिए जागरूक किया गया।

जिला अध्यक्ष धनंजय साहू ने कहा कि कैसी भी विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो जाए लोगों को अपने धर्म का परिवर्तन नहीं करना चाहिए। कुछ लोगों के द्वारा शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य लालच व प्रलोभन में देकर लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे लोगों के लालच में नहीं पड़ना चाहिए। धर्म हमारी संस्कृति व परंपरा की पहचान है जो हमारे पूर्वजों के द्वारा सहेज कर रखा गया है जिसे आगे बढ़ाने में हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। धर्म से ही व्यक्ति की पहचान होती है यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन करता है तो उनके पूर्वजों होगी ठेस पहुंचती है। ऐसी स्थिति में हमें अपने धर्म पर अधिक रूप से कायम रहना चाहिए। सामाजिक जनों को यदि किसी प्रकार की विशेष आवश्यकता अथवा समस्या होती है उन्हें समाज से को अवगत कराना चाहिए जिससे उनकी समस्या का समाधान किया जा सके धर्म परिवर्तन करने से ही समस्या का समाधान नहीं हो सकता। जिला अध्यक्ष साहू ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा जबरन लालच या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाया जाता है तो इसकी जानकारी समाज के पदाधिकारियों को अवश्य दे। ताकि ऐसे लोग पर कड़ी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी सामाजिक जनों से धर्म का परिवर्तन नहीं करने तथा अपने धर्म का नियम का पालन करने की अपील किया। कार्यक्रम को जिला साहू संघ महिला उपाध्यक्ष लिलेश्वरी साहू सलाहकार माधव प्रसाद साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के पूर्व अध्यक्ष साहू एवं सामाजिक जनों के द्वारा साहू समाज भवन खैरताल परिसर मैं पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ अध्यक्षतराम साहू, संरक्षक बाबूलाल साहू, देश राम साहू परदेशी साहू ग्राम पंचायत खैरताल सरपंच, सामाजिक पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में ग्रामीण व सामाजिक जन उपस्थित थे।

# गांव के मुख्य मार्ग में लबालब पानी भरने से हो रही है परेशानी

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखंड से लगभग 15 किलोमीटर दूरी पर नेशनल हाईवे 53 में स्थित छूईपाली के मुख्य मार्ग पर पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था न होना न केवल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण है, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग एवं सड़क से लगे घरों का दूषित पानी की निकासी न होने से पानी स्थायी रूप से एकत्रित हो गया है। ऐसे में मुख्य मार्ग स्थित निवासियों को न केवल बदबू का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि घरों के बाहर जमा पानी के चलते छोटे बच्चों के इसकी चपेट में आने का अंदेश भी है, लेकिन पंचायत भी इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही, जिससे राहगीरों के साथ ही परेशानी का सामना स्थानीय निवासियों को भी करना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित ग्राम पंचायत छुईपाली के ग्रामीणों एवं स्थानीय निवासियों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा रोड किनारे के बरसाती पानी निकासी रास्ता को बंद कर दिया गया है जिससे बरसात का पानी घरों में घुस रहा है एवं गांव के भीतर प्रवेश रास्ते में पानी भर जाने के कारण आने जाने में परेशानी हो रहा है। स्थानीय निवासियों की मांग है कि जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था पंचायत द्वारा तत्काल की जानी चाहिए जिससे आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# महंगाई भत्ता की मांग लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी/अधिकारी फे डरेशन छ.ग. के आदेशानुसार जिला शाखा बलौदाबाजार द्वारा जिलाधीश बलौदाबाजार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौपा गया । जिसमें प्रमुख मांग कर्मचारियों एवं पेंशनरों को जुलाई 2019 का 5 प्रतिशत जनवरी 2020 का 4 प्रतिशत जुलाई 2020 का 3 प्रतिशत जनवरी 2021 का 4 प्रतिशत और कुल 16 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से भुगतान करने हेतु ज्ञापन सौपा गया । जो कि कर्मचारियों एवं पेंशनरो का हक है। ज्ञात हो की कोरोना संक्रमण को रोकने कई शासकीय सेवाकों ने दिन-रात परिश्रम किया एवं कई शासकीय सेवक कोरोना संक्रमित होकर कालकल्वित हो गये। अतः मुख्यमत्री से निवेदन है कि उपरोक्त मांग अतिशीघ्र पूर्ण करें । डॉ शैलेन्द्र साहू जिला कोविड प्रभारी सहित कोरोना काल में मृत अधिकारी /कर्मचारी को फे डरेशन द्वारा उनकी आत्मा को शांति प्रदान एवं परिवार को दुख सहने की क्षमता प्रदान करने हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर श्रध्दांजली अर्पित किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक डॉ एल.एस. ध्रुव, इंजी. वी.के सिरमौर, प्रकाश कुमार तिवारी, रामलाल साहू, बी.एल. दिवाकर, सुचिन वर्मा, वायल राबर्ट, अविनाश तिवारी, पी.के हिरवानी, वेदराम ध्रुव, संजय यदु ,मालिक राम यादव, सरोज बघमार, गीता साहू, पुष्पा वर्मा, अहिल्या साहू, अन्नू टंडन, सुकृति साहू , मनोरमा दुबे ,गुहत राम महेश्वरी, डी.पी.जैन , कामता जांगड़े, हेमंत कुर्रे, जामवंत वर्मा, एम.एस. पाध्ये, अरूण महेश्वरी, खुमान सिंह वर्मा, मंतराम वर्मा, जे. वर्मा, टीकाराम साहू, देवलाल बघमार, त्रिलोक वर्मा ,रवि गढ़पाले (रायपुर), गोपाल प्रसाद साहू (रायपुर), भूपेन्द्र सिंह वर्मा सतीश राजवाड़े , राकेश कश्यप सहित बड़ी संखया में उपस्थित थे। उक्त प्रेस विज्ञप्ति डॉ एल.एस ध्रुव, पी.के हिरवारी और बी.एल. दिवाकर ने दिया ।

# डॉक्टर शैलेन्द्र साहू को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा भाटापारा शहर मंडल द्वारा भारत माता चौक में कल कोविड अस्पताल के डॉक्टर शैलेन्द्र साहू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। डॉ साहू का सोमवार को कोविड से आकस्मिक निधन हो गया था। भारत माता चौक में कोविड हॉस्पिटल प्रभारी स्वर्गीय डॉ शैलेंद्र साहू के आत्मा की शांति के लिए कैंडल जलाकर, दो मिनट मौन धारण किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय विधायक, उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि कोविड की चल रही लड़ाई के बीच जिले ने एक योग्य डॉक्टर को खो दिया है। डॉ साहू अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित एवं व्यवहार कुशल चिकित्सक थे। दिन-रात अस्पताल में सेवा देकर हज़ारों मरीजों को मौत के मुंह से निकाला। उनका असामयिक निधन बलौदाबाजार भाटापारा जिले सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है। विधायक ने आगे कहा कि डॉ शैलेंद्र साहु अपने सर्वोच्च कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए हजारों लोगों के जीवन का संरक्षण करने वाले कोरोना योद्धा का इस तरह असामयिक निधन अत्यंत पीड़ादायक है, उनका समर्पण, सेवा भाव व कर्तव्यनिष्ठा चिकित्सा क्षेत्र हेतु सदैव अनुकरणीय रहेगा। विधायक शर्मा व भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति व परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर आंनद यादव पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो, आशिष जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, आशिष टोडर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा शहर, योगेश अंनत भाजपा सहित अन्य मौजूद रहे।

## कहर, कोरोना और डीजल का, महंगी हो गई सुतली

# प्लास्टिक और जूट सुतली की नई कीमत तत्काल प्रभावी

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जूट सुतली की खरीदी इस बरस भी महंगी पड़ेगी। जूट का विकल्प प्लास्टिक सुतली भी ऊंचे दाम पर ही पहुंच पाएगा। पश्चिम बंगाल के उत्पादक क्षेत्र में इस बरस जूट की खेती के रकबे में गिरावट की खबर आ रही है। इसके अलावा डीजल की बढ़ती कीमत के बाद परिवहन दरें भी बढ़ रही हैं। लिहाजा इन दोनों की खरीदी पर, किसानों और मिलर्स को अच्छी-खासी रकम खर्च करनी पड़ेगी।

कोरोना, लॉकडाउन, अनिश्चित मौसम और डीजल की बढ़त लेती कीमतों ने मिलकर जूट की खेती करने वाले किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। बीते बरस से जूट और प्लास्टिक की सुतली की बढ़ रही कीमत अभी भी जारी है। खरीफ फसल की बोनी के बाद फुर्सत की सांस लेता किसान चिंतित है क्योंकि अब उसे बारदाने और सुतली की खरीदी के लिए पैसों की व्यवस्था करनी है। जूट और प्लास्टिक की सुतली व बारदाने की कीमत सुनकर होश उड़ने लगे हैं क्योंकि दर लगभग 10 फ़ीसदी ज्यादा बताई जा रही है।

**बुरा हाल उत्पादक क्षेत्र का** : जूट उत्पादन के लिए पश्चिम बंगाल को पहचाना जाता है। यहां बीते बरस खेती, प्रतिकूल माहौल में करनी पड़ी। कोरोना और मौसम की प्रतिकूलता ने उत्पादन पर गहरा असर डाला। जो कसर बची, उसे लॉकडाउन ने पूरा कर दिया। इससे बाजार तक पहुंच नहीं बन पाई। जो पहुंची, वह मांग को पूरा करने में सफल नहीं रही। हालात इस बरस भी वैसे ही बने हुए हैं।



## प्लास्टिक के दाने में गर्मी

प्लास्टिक की सुतली के लिए जरूरी कच्चा माल याने प्लास्टिक के दाने की खरीदी, गुजरात की इकाइयों को ऊंची कीमत पर करनी पड़ रही है। इसका असर, तैयार उत्पादन पर पड़ चुका है। सुतली और प्लास्टिक बैग की खरीदी के लिए होलसेल और रिटेल मार्केट को अच्छी-खासी रकम खर्च करनी पड़ रही है, यानी किसान और मिलर्स, दोनों को ऊंची कीमत पर यह दोनों सामग्री मिल पाएगी।

## भाव खुला सुतली का

कटे-फटे जूट बैग की मरम्मत के काम आने वाली सुतली की खरीदी इस बार 110 से 120 रुपए किलो की दर पर करनी पड़ेगी। बीते बरस यह 90 से 100 रुपए किलो पर थी। सिलाई वाली जूट सुतली की खरीदी इस बरस 130 रुपए किलो पर करनी होगी। बीते साल यह 100 रुपए किलो पर थी। प्लास्टिक की सुतली, गुजरे साल 60 से 120 रुपए किलो में मिल रही थी। इसकी खरीदी इस बार 70 से 130 रुपए में करनी पड़ेगी। बता दें कि बैग बनाने वाली इकाइयों ने जूट और प्लास्टिक बैग की कीमत जारी नहीं की है।

कोरोना, लॉकडाउन, मौसम और डीजल की बढ़ी हुई कीमत का असर जूट और प्लास्टिक के इन दोनों उत्पादनों पर देखा जा रहा है। दोनों किस्म की सुतली की नई कीमत प्रभावी हो चुकी है।

**-मोहन बजाज,** संचालक, बजाज रस्सीवाला, बिलासपुर

# इलाके में हुई खंड वर्षा , कहीं मिली अच्छी राहत तो कहीं पड़ी सिर्फ बौछारें

## लंबे समय बाद मानसून की सक्रियता से फसलों को मिलने लगी रहा

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com





लंबे इंतजार के बाद आखिरकार शाम 7 बजे इलाके में मानसून की सक्रियता फिर से नजर आने लगी है नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में कुछ समय तक तेज बौछारें पड़ी तो कई गांव में जोरदार बारिश हुई है वही शेष इलाके में सिर्फ बौछारें ही पड़ी या फिर बूंदाबांदी हुई है। लेकिन मानसून की स कृपा से किसानों को शीघ्र ही अच्छी बारिश की उम्मीद बंध गई है।

ज्ञात हो कि इलाके में गत 20 जून के बाद से अच्छी बारिश नहीं हुई थी जिससे धान उड़द मूंग आदि की फसलें सूखने की स्थिति में आ गई थी मानसून की बेरुखी के चलते कई गांवो में किसानों ने अपनी फसलों को नलकूप कुओं आदि से सिंचाई शुरू कर दी थी। जबकि शेष किसान मानसून के भरोसे ही बैठे थे दूसरी ओर फसलों में कीट व्याधि और खरपतवार भी काफी बढ़ गई थी लेकिन बारिश ना होने से किसान कीटनाशक एवं खरपतवार नाशकों का छिड़काव भी नहीं कर पा रहे थे उधर मौसम की जानकारी देने वाले वेबसाइटों ने 18 जुलाई के बाद से मानसून की सक्रियता के पूर्वानुमान व्यक्त किए थे। हालाकी वेबसाइट के पूर्वानुमान एक बार फिर सटीक निकले और रविवार से इलाके में आसमान पर बादल छाने आने लगे थे जिनसे सोमवार को शाम नगर एवं आसपास के क्षेत्र में अच्छी बौछारें पड़ी जिससे कुछेक क्षेत्र में फसलों को आंशिक राहत मिल गई थी।

वहीं मंगलवार को शाम से ही आसमान पर गहरे बादल छाए रहे और उनसे सुबह के समय नगर में कुछ समय तक अच्छी बारिश हुई जबकि आसपास के कुछ क्षेत्रों में भी झमाझम पानी बरसा जिससे फसलों को काफी राहत मिल गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार पैकिंन, चिवराकुटा, अमरकोट, बोदा, नवरंगपुर, बलौदा, कसडोल, मुडपाहर, सेमलिया, खपरीडीह, सिघोडा, रिमजी, सगरपाली, और आसपास के क्षेत्र में जोरदार बारिश हुई है यहां के किसानों का कहना है कि लंबे समय बाद हुई इस अच्छी बारिश से ना सिर्फ फसलों को बल्कि लोगों को भी काफी राहत मिल गई है और तापमान में गिरावट होने से गर्मी और उमस से परेशान नहीं होना पड़ेगा किसानों के अनुसार किसान फसलों को की व्याधियों और खरपतवार से बचाने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव भी करने की तैयारी में जुट गए। वही आज दिन भर सुबह से ही बारिश रुक रुक कर हो रही है जिससे फसलों को और किसानों को आंशिक राहत ही मिल पाई है अब पर्याप्त राहत के लिए यहां के किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं आज के दिन भर रुक-रुक कर बारिश होने से आसमान पर बादल छाए हुए हैं और उनसे रात में बारिश होने की उम्मीद है।

# शासकीय अंग्रेजी स्कूल में वर्चुअली विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी स्कूल में वर्चुअली विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 ली से 12 तक के विभिन्न विद्यार्थियों को अलग-अलग सदन में बांटकर गायन, वादन एवं नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई। संस्था के प्राचार्य डॉ आई पी यादव ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअली किया गया विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों की टीम जिला स्तर पर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी जिसका समापन 15 अगस्त को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सान्त्वना दत्ता ने बताया कि बच्चो जो प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर मधात्मिक स्तर पर 4 सदन अरपा सदन, महानदी सदन,इंद्रावती सदन,शिवनाथ सदन में बाँट कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर गायन में आराध्या विश्वकर्मा, नृत्य अंकिता नायक,नाटक में आभ्या तिवारी एव साथी,माध्यमिक स्तर पर आर्या तिवारी गायन, विद्या वादन,नाटक में रुद्र शुक्ला एन्ड ग्रुप,नृत्य में आरुषि डहरिया, हाई एवं हायर सेकंडरी स्तर पर श्रेया खांडे गायन एवं नृत्य,नाटक में अंजलि देवांगन एन्ड ग्रुप वादन में स्वप्निल दीक्षित ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुए।विजेता प्रतिभागियों का चयन विद्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडल के द्वारा किया गया। सभी जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को संस्था के प्राचार्य एव निर्णायक मंडल के सदस्य एवं सभी सदनों के प्रभारियों के द्वारा शुभकामनाएं दिया गया।

# विधायक छाबड़ा ने कलेक्टर दर से मानदेय देने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर स्वास्थ्य विभाग में जीवन दीप समिति के कर्मचारियों के मानदेय को बढ़ाने की मांग किया है इस संबंध में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कलेक्टर को प्रेषित पत्र में बताया है कि जीवन दीप समिति के माध्यम से कार्ययरतर टेयक्नीशियन डाटा एंट्री ऑपरेटर आया ए एम एन सहित अन्य कर्मचारियों को अभी भी मानदेय के रूप में चार हजार रुपए मिलता है जिससे उन्हें जीवन यापन करने में परेशानी हो रही है इस लिए इन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए, गौरतलब है कि इसके पहले बेमेतरा जिले के स्वास्थ कर्मचारियों ने विधायक से की मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी जिसमें बेमेतरा जिले के जीवनदीप समिति के स्वास्थ कर्मचारियों के द्वारा विधायक आशीष छाबड़ा से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया की जीवनदीप समिति में महीने भर काम करने पर 4000 से भी कम वेतन मिलता है जो आज की महंगाई पर घर चलाना बहुत ही मुश्किल काम है और कई कर्मचारी तो 10 से 20 किलोमीटर दूरी तय करके आते हैं जिनको महीने भर में पेट्रोल का खर्च ही 1500 से ?2000 लग जाता है और सभी कर्मचारी कोविड-19 में अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं उसके बावजूद भी मानदेय इतना कम है फिर भी पूर्ण सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं। विधायक से सभी स्वास्थ्य कर्मचारी को कलेक्टर दर से मानदेय दिलाने के लिए अनुरोध किया।

# वार्ड क्रमांक 1 में सी.सी. रोड निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की वार्ड क्रमांक एक की पार्षद शिवांगी ध्रुव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा को लिखित शिकायत कर कहा कि वार्ड क्रमांक 01 के सी. सी. रोड को नगरपालिका के इंजीनियर द्वारा दुर्भावनावश वार्ड क्रमांक 07 में कराये जाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। शिवांगी ध्रुव ने बताया कि नगर पालिका के ईंजीनियर के द्वारा वार्ड ऋमांक 01 में सी.सी. रोड निर्माण हेतु छ.ग. शासन को प्रस्ताव भेजा गया था और शासन ने इसे स्वीकृत भी कर दिया था। राशि स्वीकृत होने के बाद नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 01 में सप्तगिरी पार्क से काली मन्दिर तक सी.सी.रोड़ की निविदा भी निकाली गई थी।

तत्पश्चात नगर पालिका के द्वारा इस कार्य का भूमि-पूजन वार्ड क्रमांक 01 के नाम से छ. ग. शासन की केबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया से करवाया गया था, वार्ड क्रमांक 01की जनता पूरी तरह आश्वस्त थी कि अब वार्ड में सी.सी. रोड निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। मगर मंत्री मेडम के भूमिपूजन करने के कुछ दिन बाद ही इंजीनियर द्वारा इसी कार्य का भूमिपूजन वार्ड ऋमांक 07 में पुनः करवाया जाता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इंजीनियर राकेश पाठक द्वारा छ. ग. शासन की केबिनेट मंत्री की छवि को वार्ड क्रमांक 01 की जनता के सामने धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। जबकि जिस स्थान पर इंजीनियर ने इस सी-सी. रोड को वार्ड क्रमांक 01 से हटाकर बनवाना चाह रहे है वहां इसकी बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। वहां पहले से .बीएसपी द्वारा डामर रोड बनवाया हुआ है और छूटे हुए स्थल पर नगर पालिका द्वारा पूर्व में सीसी रोड निर्माण करवाया जा चुका है। चाहे तो स्थल निरीक्षण किया जा सकता है। इससे साफ पता चलता है की इंजीनियर खुलेआम छ. ग. शासन के पैसो का दुरूपयोग करने में लगे है और छत्तीसगढ़ शासन की केबिनेट मंत्री की छबि को वार्ड क्रमांक 01 की जनता के सामने धूमिल करने में लगे हैं। इंजीनियर जनता के टैक्स के पैसो का खुले आम दुरुपयोग करने में लगे हुए हैं। किसी भी वार्ड में कार्य प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिये, मगर नगरपालिका दल्ली राजहरा के इंजीनियर नीति पर कार्य करते नहीं दिख रहें हैं।

यहां तो बस जनता के टैक्स के पैसों को बर्बाद करने में लगे हैं। वार्ड में जहां एक तरफ जो लोग, झोपड़ पट्टी में निवास करते है वो लोग बरसात में कीचड़ से सने रास्तों पर चलने को मजबूर हैं और नगर पालिका के इंजीनियर राकेश पाठक बीएसपी के बने डामर रोड पर सी.सी. रोड बनवाने में लगे हैं।

इनके द्वारा वार्ड में किसी भी कार्य के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा जाता है तो न वार्ड पार्षद से पूछा जाता है और न ही वार्ड की जनता से आखिर ये शासन की नौकरी कर रहे हैं ,या अपने निजी पैसों से नगर में कार्य करा रहे हैं। इससे पूर्व भी जल आवर्धन योजना में नगर के छूटे हुए सभी वार्डो को इस योजना में सम्मिलित कर लिया गया मगर वार्ड क्रमांक 01 को शामिल नहीं किया गया जो कि इनकी कार्य शैली और विकृत मानसिकता को दर्शाता हैं। पालिका इंजीनियर द्वारा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। ऐसे में इस इंजीनियर के उपर तत्काल कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। जो नगर में कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने में पूरी तरह असफल है।और जनता के टैक्स के पैसों का दुरुपयोग करने में लगा है। इस शिकायत पत्र की प्रतिलिपि अनिला भेडिया केबीनेट मंत्री छ.ग. शासन. अनुविभागीय दंडाधिकारी दल्लीराजहरा नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पलिका परिषद दल्लीराजहरा, भाजपा राजहरा मंडल, नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा को भी दिया गया है।

# पंकज राठी बने राष्ट्रीय कवि संगम के ब्लॉक अध्यक्ष



**थानखमरिया।** विगत दिनों राष्ट्रीय कवि संगम के बेमेतरा जिला इकाई की आवश्यक बैठक साजा में आयोजित की गई।उक्त बैठक में पंकज राठी को कवि संगम की साजा विकास खंड इकाई का अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

इस मनोनयन पर जिला इकाई के सरंक्षक महेंद्र सिंह विरदी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को अपनी हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि राठी जी के हमसे जुड़ने से हमारी संस्था और सशक्त होगी,हमारी गतिविधियों में विशेष सक्रियता आएगी एवं एक ऊर्जावान साथी का साथ हमें मिलेगा।प्रदेश समन्वय मंत्री कमल शर्मा सहित जिलाध्यक्ष सुनील झा,संयोजक ईश्वर साहू,बलराम सिंह,हरीश हर, पोषण, पंकज शर्मा ,अनामिका, निधि, राष्ट्रीय कवि संगम के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी बधाई प्रेषित की।

इस अवसर पर पंकज राठी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं सक्रिय रूप से इस दायित्व के निर्वहन करने की बात कही।

# कुंवर सिंह निषाद के प्रथम नगर आगमन पर राजहरा बंगाली समाज ने शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किए



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बी.एस.पी. गेस्ट हाउस में छत्तीसगढ़ मत्स्य निगम अध्यक्ष, व संसदीय सचिव एवं विधायक गुंडरदेही क्षेत्र के कुंवर सिंह निषाद के प्रथम नगर आगमन पर राजहरा बंगाली समाज द्वारा उन्हें शाल और श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए उन्हें दोबारा राजहरा आने का आमंत्रण दिया। उन्हें निषाद को नगर के प्रसिद्ध कालीबाड़ी मंदिर के प्रांगण में आने का निमंत्रण दिया गया ,जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर पुनः राजहरा नगर आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज द्वारा प्रकाशित स्मारिका भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ गगनचन्द्र पंढ्या, सचिव गौतम बेरा, गौतम मायती, दीपक जाना एवं काशी निषाद का विशेष सहयोग रहा।

# रेत भण्डारण करने वाले रेत माफियाओं की दादागिरी चरम पर, प्रशासन को करोड़ों की राजस्व नुकसान, रेत माफियाओं पर खनिज विभाग मेहरबान

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत एवं तहसील लवन अंतर्गत महानदी किनारे बसे ग्राम पंचायत डोंगरा एवं लाटा में रेत माफियाओं के द्वारा महानदी से जे सीबी मशीनों के माध्यम से 24 घण्टे रोजाना रेत निकालकर किसानों को प्रलोभन देकर उनके निजी पट्टे की जमीन पर करोड़ों का रेत भण्डारण कर प्रशासन को रोजाना राजस्व नुकसान पहुंचाने का मामला विगत कुछ माह से सुर्खियों में छाया हुआ है। खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मामले की पूरी जानकारी है फिर भी अनजान बने हुए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों के अनजान बने रहने से प्रशासन को करोडों रुपयों की चपत लग रहा है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं है। चित्रोत्पला महानदी किनारे लाटा में सैकडों ट्रक रेत भण्डारण कर रेत माफियाओं की दादागिरी चरम पर होने के चलते ग्रामीण जन शिकायत करने से डरते हैं। शिकायत करने वाले जागरूक लोगों को रेत भण्डारण करने वाले माफियाओं के द्वारा धमकाया भी जाता है। इस मामले पर तहसीलदार लवन बलराम तम्बोली ने खनिज विभाग का मामला बताकर अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड लिया। वहीं जिला खनिज अधिकारी एम चंद्रशेखर राव ने कार्रवाई की बात करते हुए। अभी तक कोई उल्लेखनीय कार्रवाई नहीं कराए हैं। ग्राम कार्यवाहक सरपंच डोंगरा शिव कुमार वर्मा रेत भण्डारण वाले मामले पर बात करने से भागते हैं।इसी वजह से मीडिया वालों का नम्बर ब्लॉक् करके रखे हुए हैं।

कार्यवाहक सरपंच शिव वर्मा कैमरे के सामने आने से भी भयभीत है। इससे अंदाजा लगाया जा सकते हैं कि रेत भण्डारण के खेल में ग्राम जनप्रतिनिधियों के साथ साथ खनिज विभाग तक तार जुड़े हुए हैं।

# युवाओं को रोजगार का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस की सरकार अब अपने ही कार्यकर्ताओं के लिए मांग रही है रोजगार

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा दल्ली राजहरा नगर अध्यक्ष संजीव सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी ने युवाओं के साथ रोजगार का झूठा वादा कर धोखा दिया है। संजीव सिंह ने कहा कि पिछले दिनों नगर के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बीएसपी के उच्चाधिकारियों को मांग पत्र देकर माइंस में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए रोजगार प्रदान करने की मांग की है।

मांग पत्र से ये साफ नजर आ रहा है की युवाओं को रोजगार का वादा कर सत्ता में आई कांग्रेस की सरकार अब अपने ही कार्यकर्ताओं के लिए ही रोजगार मांग रही है। संजीव सिंह ने कहा कि विगत दिनों युवा मोर्चा द्वारा भी नगर के युवाओं के लिए आसपास के माइंस में रोजगार की मांग की थी पर उसमे किसी भी पार्टी विशेष कार्यकर्ताओं की बात ना कर स्थानीय बेरोजगार युवाओं के नौकरी की बात कही थी। पर सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं के मांग से तो भेदभाव साफ नजर आ रहा है।

कांग्रेस की सरकार ने वैसे भी युवाओं को छला है। हर युवा को रोजगार, 1 लाख शासकीय नौकरी, 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता, शिक्षकों की भर्ती ऐसे अनेक वादा कर सत्ता पर आयी कांग्रेस की सरकार ने अपने ढ़ाई साल से ज्यादा के कार्यकाल में भी इन वायदों को पूरा नही किया है, साथ ही पीएसी जैसे परीक्षा में भी धांधली एवं अपने लोगो का पास कराने का आरोप भी सरकार पर लग चुका है।

ऐसे वादाखिलाफी सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है और वो इसका जवाब आने वाले चुनाव में जरूर देगी।

## विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा को उक्त विषय की जानकारी मिलने के उपरांत ही उन्होंने इसकी जानकारी सिमगा थाना प्रभारी को दी

# 400 पेटी देशी शराब पकड़ाया, भाजपा नेता अनिल पांडेय व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने संयुक्त दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिमगा के शासकीय शराब दुकान में 16 जुलाई को 400 पेटी देशी शराब जिसका वाहन चालक के पास कोई परमिट नहीं था तथा शराब की पेटियां स्कैन भी नहीं हो रही थी जिसे पकड़ा गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल पांडेय व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने संयुक्त प्रेस जारी कर बताया कि उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा को उक्त विषय की जानकारी मिलने के उपरांत ही उन्होंने इसकी जानकारी सिमगा थाना प्रभारी को दी, आधे घंटे तक पुलिस विभाग के किसी व्यक्ति के ना पहुचने पर विधायक शिवरतन शर्मा स्वयं शराब दुकान सिमगा पहुचे। सुनील यदु ने बताया कि भाटापारा से निकलते समय मार्ग से ही जिला पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी भाटापारा को दूरभाष कर विधायक ने उक्त विषय की जानकारी दी और यह भी बताया कि थाना प्रभारी सिमगा को इसकी जानकारी दे दी गई है. वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडेय ने बताया कि विधायक शिवरतन शर्मा के देशी मदिरा दुकान पहुचने के 01 घंटे बाद तक भी पूर्ण जानकारी होते हुए भी उक्त दुकान में आबकारी विभाग व पुलिस विभाग का कोई भी कर्मचारी नहीं पहुचा था ततपश्चात जिले के उच्च अधिकारियों को विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा चेतावनी दी गई कि अगर 10 मिनट के अंदर यह शराब नहीं पकड़ी गई तो हम NH53 जाम कर चक्का जाम करेंगे। भाजयुमो अध्यक्ष सुनील यदु ने बताया कि जब कुछ समय बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा NH53 को ढाई घंटे चक्का जाम करने पश्चात विधायक शिवरतन शर्मा की जिला कलेक्टर से बात हुई और उन्होंने पुलिस व आबकारी विभाग को आदेशित कर भेजा तब जा कर अपनी नीद से आबकारी अधिकारी जागे और दुकान में पहुचे तथा 310 पेटी शराब जो वाहन क्रमांक CG10-T-5202 में रखी थी उसको विधायक शिवरतन शर्मा के कहने पर सभी के सामने स्कैन करवा के देखा जो स्कैन नहीं हुई, स्कैन मशीन की चेकिंग हेतु एक दिन पूर्व दूकान में आई शराब की पेटी को चेक किया गया जिसमें वह मशीन काम कर रही थी। व उक्त मशीन सही थी वाहन चालक से पूछताछ की गई तो उसके पास कोई परमिट नहीं था। इस आधार पर आबकारी विभाग ने पंचनाम तैयार किया तथा स्कैनिंग ना होना, वाहन चालक पास परमिट ना होना व स्कैनिंग मशीन का सही पाया जाना एवं 90 पेटी शराब गाड़ी से दुकान में उतरे जाने का उल्लेख करते हुए गाड़ी पुलिस को सुपुर्द की व पंचनामा की एक हस्तलिखित प्रति विधायक शिवरतन शर्मा को प्रदान की गई. वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडेय ने बताया कि उसी दिन रात्रि को 10 बजे जिले सहायक आबकारी अधिकारी सिमगा थाने से परमिट वाली शराब है यह लिखकर देकर गाड़ी को थाने परिसर से वापस ले गए। जबकि आबकारी विभाग के नियमों के तहत परिवहन के दौरान वाहन चालक के पास परमिट होना आवश्यक है, शराब की पेटी की स्कैनिंग आवश्यक है अन्यथा वह शराब अवैध मानी जायेगी। विभाग के उपनिरीक्षक द्वारा पंचनामा की सारी कार्यवाही जिला आबकारी अधिकारी आशिष कोशम की उपस्थिति व निर्देश पर की गई। जो कार्यवाही जिला आबकारी अधिकारी की उपस्थिति में हुई उसके अधीनस्थ सहायक आबकारी अधिकारी उस कार्यवाही को गलत बताते हुए उस बिना परमिट की शराब को 05 से 06 घंटो बाद वैध कैसे घोषित कर सकते है, यदि यह शराब वैध थी तो जिला आबकारी अधिकारी ने उसे ज़ब्ती ही क्यों बनाई? पूरे प्रदेश में सभी शासकीय शराब दुकानों में 50 प्रतिशत से ज्यादा देशी शराब सारे टैक्स की चोरी करते हुए अवैध रूप से पहुचाई जा रही है। इसे सामान्य बात चित मे विभाग के लोग पीसीएम का माल कहते है, जिसकी विक्रय की राशि सतारूढ़ पार्टी के एक बड़े नेता के माध्यम से सत्ता के उच्च व्यक्ति के पास पहुचती है।

# विधायक सन्तराम नेताम से मिले समाज प्रमुख



**केशकाल/विश्रामपुरी।** जिला कोंडागांव विकासखण्ड बड़ेराजपुर के गोंडवाना उपखण्ड पारोंड के समाज प्रमुखों के द्वारा दिनांक 21 जुलाई 2021 को केशकाल विधायक संत राम नेताम से मुलाकात कर उपखंड मुख्यालय पारोंड में गोंडवाना सामाजिक भवन स्वीकृत करने हेतु आवेदन दिए और विधायक के द्वारा पूर्व में सामाजिक कार्यक्रमों में घोषणा भी किया गया था इस बात को समाज के द्वारा अवगत भी करवाया गया और उपखंड पारोंड में सामाजिक भवन बहुत जरूरी है। इस दौरान उपखंड पारोंड समाज प्रमुख रहे उपस्थित हीरालाल नेताम पूर्व उपखंड अध्यक्ष, जगनाथ मरकाम पूर्व उपखंड अध्यक्ष, लक्ष्मण मरकाम, मिथलेश नेताम, जागेश मरकाम, रामचंद्र मरकाम, महेंद्र मरकाम, आशाराम मरकाम, बलवंत नेताम, छबि लाला नेताम , घासिया नेताम समाज प्रमुख मुलाकात किए।

संपादकीय

# पिगासस प्रकरण

## जांच की आवश्यकता

जासूसी मामला सामने आ गया है। फेसबुक ने 2019 में दावा किया था कि इस्राइली साइबरवीपेन्स कंपनी एनएसओ ग्रुप ने एक स्पाईवेयर पिगासस विकसित किया है जिसका प्रयोग भारतीय वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए हो रहा है। इस रविवार पिगासस प्रकरण सामने आया जिसके अनुसार भारतीयों के एक और समूह को निशाना बनाया गया था जिसमें पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता, राजनेता तथा संभवतः एक वर्तमान जज शामिल थे। सरकार ने इस मामले में अपनी किसी भूमिका से इनकार किया है। एलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि यह रिपोर्ट न केवल 'तथ्यों से रहित है, बल्कि पूर्व-निर्धारित नतीजों पर आधारित है'।

संसद में विपक्ष द्वारा मचाए बवाल के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह जासूसी रिपोर्ट 'बाधा डालने वाले व विघटनकारियों' ने तैयार की है। नवीनतम खुलासा संसद का मानसून सत्र शुरू होने के समय सामने आया जिसके अनेक कारणों से पहले ही हंगामी होने की उम्मीद थी। विपक्ष ने इस जासूसी रिपोर्ट के लिए सरकार को जिम्मेदार बताते हुए जांच की मांग की है। निश्चित रूप से संदेह दूर करने के लिए जांच होनी चाहिए, नहीं तो इस प्रकार के आरोप स्वाभाविक रूप से भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बन जाएंगे। केवल गंभीर जांच से वे संदेह दूर किए जा सकते हैं जिनको जासूसी रिपोर्ट ने उठाया है। एनएसओ ग्रुप ने दो चीजों का दावा किया है। पहला, वह पिगासस अधिकृत सरकारी एजेंसियों को देती है। दूसरा, स्पाईवेयर देने के लिए इस्राइली रक्षा मंत्रालय की सहमति जरूरी है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इस्राइल पिगासस को एक हथियार मानता है। इससे यह भी संभावना पैदा होती है कि जासूसी के पीछे किसी विदेशी एजेंसी का हाथ है।

इस मामले की भारत में जांच के साथ ही एक वैश्विक जांच भी होनी चाहिए क्योंकि अन्य स्थानों पर भी इसका प्रयोग हुआ है। सरकारी एजेंसी द्वारा स्पाईवेयर प्राप्त करने की प्रक्रिया से पता चलेगा कि कौन सी एजेंसी इसे किस उद्देश्य से चाहती थी। इससे किसी संभावित बिचौलिये का भी पता चल सकता है। ऐसे दावे और प्रतिदावे हैं कि इस निगरानी साफ्टवेयर का एक दक्षिण अमेरिकी देश में कैसे प्रवेश हुआ। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भविष्य में ऐसे स्पाईवेयर प्रयोग करने वाले देशों के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया बनानी चाहिए। दुनिया में निगरानी और हस्तक्षेप उद्योग का विकास हुआ है। इस्राइल की अनेक कंपनियां इस बिजनेस में शामिल हैं। भारत में पिगासस प्रकरण को जल्दी से भुलाया नहीं जाना चाहिए। यह असाधारण संयोग है कि एनआईए द्वारा एलगार परिषद मामले में गिरफ्तार एक्टिविस्टों, उनके परिवारी सदस्यों तथा वकीलों के फोन नंबर लीक हुए डेटाबेस में शामिल हैं। पत्रकारों की निगरानी 2018 और 2019 आम चुनाव के बीच की गई।

जासूसी हमारे देश में नई बात नहीं है। राजस्थान और गुजरात सरकारों पर फोन टैपिंग के आरोप लगे थे। 2011 में केन्द्रीय वित्त मंत्री के कार्यालय दावा किया था कि उसकी बगिंग की गई है जिससे तत्कालीन केन्द्र सरकार हिल गई थी। भारत में लोगों की निगरानी की एक कानूनी व्यवस्था है और आधिकारिक रूप से उनकी जांच हो सकती है। ऐसे में पिगासस प्रकरण ज्यादा खतरनाक व परेशान करने वाला बन जाता है।

# किसान प्रदर्शनकारियों की जिम्मेदारी

## केंद्रीय कानून वापस लेने की मांग अनावश्यक है। वे किसानों के लिए अनेक विकल्प खोलते हैं जिनका लाभ अधिक कीमतें पाने के लिए उठाया जा सकता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**हालांकि,** केंद्र सरकार ने जनवरी, 2021 में तीन कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी और उम्मीद थी कि सर्वोच्च न्यायालय एक सद्भावपूर्ण माहौल बना सकेगा जिसमें प्रदर्शनकारी किसान वार्ता की मेज पर आ कर उचित समझौता कर सकेंगे। लेकिन यह उद्देश्य पूरा नहीं हो सका क्योंकि कुछ किसान संगठन कानून 'वापसी' की जिद पर अड़े हुए हैं। इसकेसाथ ही एक और मांग की गई है कि सरकार संसद द्वारा पास एक कानून केमाध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी करे। एमएसपी का अर्थ किसी किसान द्वारा अपने उत्पाद की बिक्री की न्यूनतम कीमत प्राप्त करना है। इस मूल्य का निर्धारण कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी करता है जो कृषि मंत्रालय की एजेंसी है। इस निर्धारण में उत्पादन की लागत, जमीन का मूल्य तथा किसानों की मेहनत शामिल है।

केंद्र हर साल संबंधित फसली मौसम के पहले 23 फसलों का एमएसपी तय करता है। खरीफ की फसल अप्रैल-सितंबर तथा रबी की अक्टूबर-मार्च में होती है। एमएसपी मुख्यतः गेंहूं व धान पर लागू होता है। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस की जरूरतें पूरी करने केलिए इनकी खरीद करती हैं तथा इसे सस्ती कीमत पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के लाभार्थियों को प्रदान करती हैं। ये एजेंसियां किसानों द्वारा बिक्री केलिए लाया सारा उत्पाद नहीं खरीदती हैं। धान व गेंहू केकुल उत्पाद का लगभग 33 प्रतिशत खरीदा जाता है। अन्य चीजों केलिए यह खरीद बहुत कम है। जहां तक किसानों की संख्या का सवाल है, 150 मिलियन किसानों में से केवल 8 प्रतिशत ही अपना उत्पाद एजेंसियों को बेच पाते हैं। बाकी उत्पाद निजी व्यापारी खरीदते हैं जो गेंहू का लगभग 67 प्रतिशत तथा धान का इससे भी अधिक हिस्सा खरीदते हैं। यह खरीद अनेक मामलों में एमएसपी से काफी कम कीमतों पर होती है। यही समस्या का कारण है।

किसानों के गुस्से का यही सबसे बड़ा कारण है जिससे वे निजी व्यापारियों समेत अपने सारे उत्पाद की खरीद कानूनी रूप से एमएसपी पर करने का दबाव डाल रहे हैं। एमएसपी की गारंटी करने वाले कानून या किसी अन्य विकल्प पर गौर करने केपहले हमें यह समझने की आवश्यकता है कि किसानों को निजी व्यापारियों से कम कीमत क्यों मिलती है। वर्तमान समय में किसानों को अपना उत्पाद मंडी में लाना पड़ता है जिसकी घोषणा राज्य सरकारें अपने संबंधित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी कानून के अंतर्गत करती हैं। वे अपना उत्पाद किसी अन्य स्थान पर नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो उसका वाहन कानून केउल्लंघन में रोका जा सकता है। कोई खरीदार किसान केदरवाजे से भी उसका उत्पाद नहीं खरीद सकता है।

> **वर्तमान समय में किसानों को अपना उत्पाद मंडी में लाना पड़ता है जिसकी घोषणा राज्य सरकारें अपने संबंधित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी कानून केअंतर्गत करती हैं। वे अपना उत्पाद किसी अन्य स्थान पर नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो उसका वाहन कानून के उल्लंघन में रोका जा सकता है।**

इतने कठोर नियंत्रण के कारण थोड़े से प्रभावशाली अमीर किसानों को छोड़ कर बहुसंख्य किसान अढ़तियों की दया पर निर्भर होते हैं। वे स्थानीय स्तर पर नीलामी की व्यवस्था कर इसे ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। ये अढ़तिये या स्थानीय कमीशन एजेंट खरीदारों से गठजोड़ कर सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को यथासंभव कम पैसा मिले। इसकेसाथ ही अढ़तियों को 2.5 प्रतिशत कमीशन, 3 प्रतिशत बाजार फीस तथा पंजाब में 3 प्रतिशत ग्रामीण विकास उपकर-आरडीसी भी किसानों की मुसीबतें बढ़ाते हैं। किसानों केपास इस दुष्चक्र से मुक्ति पाने का एकमात्र रास्ता यही है कि उनको अपना उत्पाद बेचने केलिए एपीएमसी मंडियों केअलावा अन्य विकल्प मिलें। कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य प्रोत्साहन व सुविधा कानून, 2020 ठीक यही करना चाहता है। वे अपना उत्पाद बेचने के लिए निजी बाजार जा सकते हैं या उसे अपने दरवाजे से बेचने के लिए प्रसंस्करणकर्ता, एकत्र करने वाले, बड़े खुदरा व्यापारी या निर्यातक आदि से अनुबंध कर सकते हैं। इसके अलावा किसानों को मजबूत करने के लिए कृषि उत्पादक संगठन-एफपीओ बनाए गए हैं जो एफपीओ बैनर तले अपना उत्पाद बेच सकते हैं। यह भय निराधार है कि बड़े किसान इसका लाभ उठाएंगे। मूल्य गारंटी व कृषि सेवा कानून, 2020 केअंतर्गत होने वाले किसान सशक्तीकरण व संरक्षण समझौते द्वारा होने वाली ठेका खेती के अनुबंध से किसान किसी समय बाहर निकल सकता है, पर फर्म ऐसा नहीं कर सकती है। इसमें न्यूनतम गारंटी कीमत की सुरक्षा दी गई है जो एमएसपी के बजाय किसान व फर्म द्वारा परस्पर निर्धारित कीमत है। खुले बाजार में कीमतों में भारी गिरावट होने पर भी किसान को समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उसे अनुबंध वाली कीमत मिलती है। इसकेसाथ ही किसान अपना पक्ष बदल सकता है। यदि उसे लगता है कि फर्म उसे उचित कीमत नहीं दे रही है तो उसकेपास एपीएमसी मंडी में अपना उत्पाद बेचने का विकल्प बना रहता है। इस व्यवस्था केअंतर्गत सभी किसान वर्तमान की तुलना में बेहतर कीमत प्राप्त कर सकेंगे जिसमें छोटे व सीमान्त किसान शामिल हैं। बाजार की गतिशीलता के आधार पर उनको एमएसपी से अधिक कीमत भी मिल सकती है। इसकेबावजूद इस बात पर जोर देना आश्चर्यजनक है कि उनसे जो भी खरीदे वह एमएसपी दे तथा सरकार इसकी गारंटी करे। यह व्यवस्था कारगर न होने केतीन कारण हैं। पहला, निजी उद्यमियों को एक खास कीमत, यानी एमएसपी पर खरीदने को बाध्य करने से वे हतोत्साहित होंगे। कोई व्यापारी ऐसा व्यापार क्यों करना चाहेगा जिससे उसे जेल जाने की आशंका हो।

अगस्त, 2018 में महाराष्ट्र की तत्कालीन देवेंद्र फडनवीस सरकार ने महाराष्ट्र कृषि उत्पाद बाजार विकास एवं विनियमन कानून, 1963 में एक संशोधन कर कृषि उत्पाद को आधिकारिक एमएसपी से नीचे खरीदने को आपराधिक कृत्य बना दिया था। भारी विरोध के बाद यह प्राविधान छोड़ना पड़ा। वर्तमान महाविकास अघाड़ी सरकार से केंद्रीय कानूनों में यह प्रस्ताविक संशोधन लागू करने की मांग केवल राजनीतिक लाभ के लिए हो रही है। दूसरा, इस गारंटी केअंतर्गत केंद्र को बिक्री के लिए आया किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़ेगा। वर्तमान खरीद स्तर पर भी एफसीआई केपास भंडारण केलिए समुचित स्थान नहीं है। यदि एजेंसियों को किसानों का सारा उत्पाद खरीदना पड़े तो उसे वे कहां रखेंगी। वर्तमान कीमतों पर खाद्य सब्सिडी पर खर्च 5,00,000 करोड़ से अधिक है। ऐसे में प्रस्तावित संशोधन की स्थिति में केंद्र को अपना सारा कर व गैर-कर राजस्व केवल किसानों की सहायता पर खर्च करना होगा। तीसरा, किसानों केसभी उत्पादों के लिए एमएसपी विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत 'प्रतिबंधात्मक' सब्सिडी में आएगा। ऐसा होने पर भारतीय सब्सिडी 10 प्रतिशत की सीमा से बहुत अधिक होगी।

यह डब्लूटीओ के कृषि समझौते का उल्लंघन होगा और इस कारण अन्य सदस्य देश दंडात्मक कार्रवाई कर सकते हैं। इस भयानक परिणाम को देखते हुए एमएसपी पर गारंटी असंभव है। किसानों को इस पर जोर नहीं देना चाहिए। केंद्रीय कानूनों की वापसी की मांग अनावश्यक है। इन कानूनों से किसानों को अनेक विकल्प मिलते हैं जिनसे उनको बेहतर कीमतें मिल सकती हैं। भले ही वे फौरन एमएसपी केस्तर पर न पहुंच सकें, पर उनकी स्थिति वर्तमान की तुलना में बेहतर होगी। बाजार की गतिशीलता को देखते हुए कुछ साल में वे ज्यादा लाभ कमाने की ओर बढ़ सकंगे। अब गेंद किसानों केपाले में है।

# समान नागरिक संहिता पर विचार

> **यदि मामला विवाह और तलाक का न हो तो 1950 का संविधान तथा अन्य सभी कानून स्वीकार्य हैं। हमारे राष्ट्रीय संविधान का अनुच्छेद 30 किसी को उसके धर्म का पालन करने की अनुमति देता है।**

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**कुछ** लोग एक समय चार औरतों से विवाह करने के अधिकार पर जोर दे सकते हैं। यदि वे और ज्यादा विवाह करना चाहें तो एक मौजूदा पत्नी को तलाक दे कर पांचवी औरत से विवाह कर सकते हैं। उनकी इस जिद के साथ उनका कानून इस बात पर भी जोर देता है कि यदि किसी की संपत्ति चुराते हुए पकड़ा जाए तो दंड के रूप में ऐसा करने वाले का हाथ काट देना चाहिए। ऐसी मांग करने वालों के लिए मेरी प्रतिक्रिया यही होगी कि 'बिल्कुल नहीं, लार्ड मैकाले द्वारा प्रदान की गई भारतीय दंड संहिता इस मामले में दंड देने के लिए काफी है।' यदि मामला विवाह और तलाक का न हो तो 1950 का संविधान तथा अन्य सभी कानून स्वीकार्य हैं। हमारे राष्ट्रीय संविधान का अनुच्छेद 30 किसी को उसके धर्म का पालन करने की अनुमति देता है। लेकिन देश के कुछ लोगों के लिए यह स्थिति अपनी विजय तथा दूसरों को नीचा दिखाने वाली हो सकती है। इसी कारण मैं गोवा राज्य में नहीं रहता जहां केवल एक नागरिक कानून लागू होता है। इससे कुछ बिगड़े लोगों को विशेषाधिकार नहीं मिलने पाते हैं। वास्तव में हमारे देश के अन्य सभी कानून तार्किक और सही हैं। विभाजन की घोषणा होने पर मेरे बाबा ने फैसला किया कि हमें पाकिस्तान जाने के बजाय भारत में रहना चाहिए। जब मैं बड़ा हुआ तो मेरे बाबा ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के बजाय हिंदुस्तान को क्यों चुना।

यहां जवाहरलाल नेहरू और उनके बाद उनकी बेटी के सत्ता में आने के बाद कुछ लोगों को खास तबके के रूप में विशेष व्यवहार की उम्मीद थी। इसका कारण यह है कि ये महान व्यक्ति वास्तव में सांस्कृतिक रूप से मुस्लिम थे। यह स्थिति यहां तक थी कि तत्कालीन इलाहाबाद और वर्तमान प्रयागराज से जारी उनके विवाह आमंत्रण पत्र को उर्दू भाषा में छापा गया था। उनको मुस्लिम तबके का वोट भी चाहिए था क्योंकि कट्टर हिंदू उनके पास आने के बजाय जनसंघ को पसंद करते। निसंदेह संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार एक समान नागरिक संहिता-यूसीसी की आवश्यकता थी जो महिला अधिकारों को भी संरक्षण दे। लेकिन मेरे बाबा ने मुझे आश्वस्त किया था कि हम जब तक चाहें इस कानून को ठंडे बस्ते में पड़ा रहने दिया जाएगा। वास्तव में ऐसा हो भी रहा था, लेकिन नेहरू के पड़पोते राजीव गांधी ने मुस्लिम महिला कानून पास करने की भयानक गलती कर दी। शाहबानो को भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने लगभग 500 रुपये महीना भत्ता देने का आदेश दिया था। इस प्रकरण की स्मृति बहुत लंबे समय तक न चलती, पर वास्तव में नौकरशाह रहे सैयद शहाबुद्दीन जैसे नेताओं ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। इसके बाद कभी अयोध्या न जाने वाले उनके जैसे नेताओं ने बाबरी मस्जिद पर कठोर दृष्टिकोण अपनाया। वास्तव में यह मस्जिद के बजाय एक मकबरा थी। पहला, बाबर की मौत से मुश्किल से दो साल पहले मीर बाकी ने मंदिर गिरवाना शुरू किया था। बाबर के बाद बाकी एक मामूली शिया रह जाता। इसलिए उसने दावा किया कि इसका निर्माण बाबर की स्मृति में किया गया है। यदि यह मस्जिद थी तो इसमें वजू का स्थान और इसका मिंबर कहां था? जब हिंदुओं ने पहले उसके बाहर एक चबूतरे पर और बाद में भीतर पूजा करनी शुरू की तो मुसलमानों ने क्या किया? मुस्लिम नेताओं ने केवल हिंदुओं को अपनी गतिविधियों से जागरूक और उत्तेजित कर दिया। इसके बाद सत्ता में पहले अटल बिहारी वाजपेयी और बाद में नरेन्द्र मोदी आए जो अनुच्छेद 44 तथा समान नागरिक संहिता के प्रति प्रतिबद्ध हैं। मेरे बाबा के विचार से यदि कोई विरोध न होता तो बाबरी मस्जिद मामला तूल न पकड़ता और उससे उत्तेजना न भड़कती। क्या किसी ने गौर किया है कि मुस्लिम शरीया महिलाओं को नियंत्रित करने या उनके प्रति प्रतिरोधक का काम करता है? यह विवाहित मुस्लिम महिलाओं के लिए एक छिपी हुई दुधारी तलवार की तरह है जो मुस्लिम समुदाय में शांति और संतुलन बनाए रखता है। पैगबंर मुहम्मद ने आदेश दिया था और मुस्लिम समुदाय इसका पालन करता है कि अपने समुदाय का विस्तार किया जाए। इससे मुसलमानों को तीसरा लाभ यह हुआ कि वे एकजुट बने रहे। गौर करें कि इसके उलट यहूदियों और ईसाइयों का क्या हुआ जिनकी संख्या घट गई। पश्चिम में उन्होंने उस ईश्वर में दिलचस्पी लेना छोड़ दी जिसने उनके लिए क्रूस पर चढ़ कर अपनी जान दे दी थी। केवल मुस्लिम विश्वास ने ही लगातार अपने समुदाय की जनसंख्या बढ़ाई है। अब समान नागरिक संहिता आने के बाद जनसंख्या वृद्धि के रूप में लाभ समाप्त हो जाएगा। दुनिया के अनेक देश हैं जिनमें जनसंख्या की पूंजी घट रही है। इसका उदाहरण जापान है। वहां ज्यादा बच्चे नहीं पैदा होते हैं और न वह प्रवासियों को अनुमति देता है। मैंने सुना है कि आने वाले सौ साल में वहां कोई नहीं बचेगा। कहा जाता है कि लोकतंत्र सेक्युलरवाद व कानून में समानता के बिना काम नहीं कर सकता है। इसके साथ ही संविधान सभी नागरिकों को समानता की गारंटी देता है। लेकिन इस बात पर गौर करें कि मुस्लिम समाज बिना किसी लोकतंत्र के फला-फूला, हालांकि उनमें समान कानून थे।



## फरमाया



**पिगासस** खुलासे घृणास्पद हैं। यदि ये सच हैं तो मोदी सरकार ने निजता के अधिकार पर गंभीर व कुटिलतापूर्ण हमला किया है।

**- प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**हमे** पता है कि कुछ ऐसे तत्व हैं जो पाकिस्तान मे विकासीय गतिविधिया होते देखना नहीं चाहते हैं। पाक और चीन ने अतीत में चुनौतियों का मिलकर मुकाबला किया है।

**- शाह महमूद कुरेशी**
पाक विदेश मंत्री



**ब्राह्मणों** को पुनः जागरूक करने के लिए हमारी पार्टी द्वारा 23 जुलाई से अयोध्या से एक अभियान छेड़ा जाएगा।

**- मायावती**
बसपा सुप्रीमो

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### पाक में अशोभनीय घटना

**दोनों** देशों में अपनी नीति रीतियों व सम्बन्धों के सामंजस्य से मतभेद उभरना स्वभाविक है। परन्तु इंसानियत व मानवता व मानवीय गुणों की अनदेखी कर अमानवीय करण की पृवत्ति को जन्म देना निंदनीय व शर्मनाक माना जाता है। वाकया है पाक व अफगान के बीच तनावपूर्ण संबधों के चलते पाक में अफगानिस्तान के राजदूत की बेटी के अपहरण की घटना का। इसमे कोई दो मत नही पाक व अफगानिस्तान के बीच तनाव जारी है। परन्तु मतभेदों को नष्ट करने का यह तरीका तो सामाजिक तौर पर बिल्कुल जायज नही। पाक में इस तरह की अशोभनीय घटना विश्व मे अन्य देशों को क्या संदेश देगी विचारणीय व चिन्तनीय है। समाचार पत्रों से ज्ञात समाचार के आधार पर बेटी के अपहरण के बाद प्रताड़ना की खबरे सभ्यता व मानवता को कलंकित करती है। क्या अपहरण की घटना को अंजाम देकर समस्या का हल हो गया? उस बेटी का क्या कसूर जो दोनो देशों के मतभेदों का शिकार बनी? सामान्य तौर पर अपहरण की घटनाएं गावों ,नगरों , महानगरों में होती है तो निदा , भर्त्सना की जाती है। मानवता व इंसानियत को कलंकित करने की बजाय दोनो देश अपने मतभेदों को बैठकें आयोजित कर के भी खत्म कर सकते हैं।

**- योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### संसद में हंगामा

**सोमवार** को संसद के मानसून सत्र की शुरुवात शोरशराबा, हंगामा और अमर्यादित आचरण से हुई। आश्चर्य की बात दोनो सदनों में चली आ रही परम्परा के अनुसार नए मंत्रियों का परिचय प्रधानमंत्री कराते है, लेकिन उन्हें हंगामा कर रोक गया और दोनो सदनों के सभापति सदन में शांति बनाए रखने के लिये चिल्लाते रहे। सदस्यों द्वारा पोस्टर बैनर लहरा कर हंगामा मचाया गया। आखिर में दोनो सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सरकार और देश के प्रबुद्ध लोगो को सदनों में, संसद और विधानसभाओं में हंगामा और अमर्यादित आचरण को रोकने की ओर ध्यान देना चाहिये जो फैशन बन गया है। इसका प्रभाव हमारे देश के भावी नागरिको पर पड़ रहा है। जो देख रहे है। सांसद और विधायक बनने पर सदन से सड़क तक अनुशासनहीनता करने का प्रमाणपत्र उनको मिल जाता है। इसलिये इसका सजीव प्रसारण टेलीविजन पर बंद कर दिया जाए। हमारा संविधान विदेशी संविधान की नकल करके बनाया गया है। आज विदेशों में सदन की कार्यवाही के सफल संचालन के लिये संविधान में संशोधन कर दिया गया है। वहां सदन में सारा कार्य मर्यादित ढंग से होता है। हंगामा करने की हिम्मत कोई सदस्य नही करता।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### पंजाब कांग्रेस का संकट

**नवजोत** सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस का नया अध्यक्ष बना कर भले ही गांधी परिवार ने चैन की सांस ले ली हो लेकिन इस से ना ही संकट टला है और ना ही सिद्धू और अमरिंदर सिंह खेमों के बीच सुलह ही हुई है। अब जबकि अगले चुनाव कुछ महीने दूर हैं तो ऐसे मे जब टिकट बंटवारे का मुद्दा सामने आएगा तो कांग्रेस मे ध्रुवीकरण साफ साफ दिखाई देगा और इसका नुकसान पार्टी को उठाना पड़ सकता है। इसमे को भी दो राय नहीं हैं की कैप्टन अमरिंदर सिंह ही पंजाब मे कांग्रेस के सबसे बड़े नेता हैं और सबसे बड़ा दांव हैं। उन्ही के कंधे पर कॉग्रेस पार्टी एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने के सपने देख सकती है। सिद्धू उनके मुक़ाबले उस स्तर के नेता नहीं है, अमरिंदर सिंह का कद इसलिए भी बड़ा है क्योंकि आज अगर कांग्रेस अपने दम पर केवल 3 राज्यों मे सत्ता चला रही है तो उसमे से एक पंजाब भी है। बेहतर होता की गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी दोनों को आमने सामने बैठाकर बातचीत से हल निकाल लेती ताकि चुनावों मे दोनों धड़े एक साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए दिखाई देते।

**- बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा

# 150 महिलाओं और 3 पुरुषों ने नसबंदी करा निभाई परिवार नियोजन में जिम्मेदारी

## परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के प्रति लोगों में बढ़ रही जागरुकता

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

विश्व जनसंख्या दिवस जो कि हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है इसके उपलक्ष्य में एक पखबाड़ा पहले और एक पखवाड़ा बाद तक जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस बार पहला पखवाड़ा दंपत्ति संपर्क पखबाड़े के रूप में मनाया गया जिसमें परिवार नियोजन के लिए योग्य दम्पतियों से संपर्क कर उनको परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है जबकि पखबाड़े का दूसरा चरण 11 से 24 जुलाई तक जारी है जिसमें योग्य दम्पतियों को परिवार नियोजन की सेवाएँ प्रदान की जा रहीं हैं। दूसरे चरण के दौरान 12 से 19 जुलाई तक 150 महिलाओं और 3 पुरुषों ने नसबंदी करा कर परिवार नियोजन में अपनी जिम्मेदारी निभाई है। वहीं परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के प्रति भी लोगों में अब जागरुकता बढ़ रही है। अस्थायी साधनों के अंतर्गत अब तक 214 महिलाओं ने आईयूसीडी, 80 ने पीपीआईयूसीडी (प्रसव पश्चात आईयूसीडी),19 ने त्रैमासिक गर्भ




निरोधक इंजेक्शन 'अंतरा' की सेवा प्राप्त की है। वहीं 1,720 महिलाओं को साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोली छाया का वितरण किया गया है। इसके अतिरिक्त 3,909 (माला-एन) गर्भ निरोधक गोलियों का वितरण किया गया है साथ ही पुरुषों को 14,000 कंडोम का वितरण भी किया गया है। इस बारे में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे ने बताया, वर्ष 2019 में 11 से 24 जुलाई तक पखवाड़े के दौरान 463 महिलाओं व 20 पुरुषों ने नसबंदी की सेवा ली थी, किन्तु कोरोना संक्रमण की वजह से वर्ष 2020 में 36 महिलाओं ने ही नसबंदी की सेवा ली थी। वहीं लॉकडाउन की वजह से अनचाही प्रेग्नेंसी को रोकने के लिए परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों का उपयोग अधिक हुआ था। उन्होंने बताया, जनसंख्या स्थरीकरण पखवाड़े के दौरान कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए नसबंदी कराने वाले हितग्राहियों का कोरोना सहित अन्य टेस्ट निगेटिव होने पर ही नसबंदी की सेवा दी जा रही है। इसी क्रम में पाटन, धमधा, उतई-निकुम, अहिवारा, कुम्हारी एवं जिला अस्पताल में स्थायी सेवा दिवस पर नसबंदी के लिए निर्धारित तिथि पर नसबंदी की सेवा प्रदान की जा रही है। वहीं 19 जुलाई को पाटन सीएचसी में 10 और जिला अस्पताल में 13 महिलाओं को नसबंदी की सेवा प्रदान की गयी है।

### तीन पुरुषों ने कराई नसबंदी

धमधा में पुरुष नसबंदी यानि एनएसवी के लिए 10 पुरुषों ने पंजीयन कराया था लेकिन खेती एवं अन्य कारणों से अब तक 3 पुरुषों ने नसबंदी कराकर समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया है। बोरिद सेक्टर निवासी 35 वर्षीय हितग्राही ओंकार सोनी ने बताया, पत्नी का दो बार बड़े ऑपरेशन से प्रसव होने से अब उसके स्वास्थ्य के लिए नसबंदी कराना अच्छा नहीं होता, इसलिए परिवार नियोजन काउंसलर से चर्चा के उपरान्त मैंने एनएसवी कराने का फैसला लिया। महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुषों की नसबंदी काफी आसान व सरल है। यह प्रक्रिया मात्र दस मिनट में पूरी हो जाती है न टांका न चिरा बस हो गया नसबंदी। इसी तरह मेढ़सरा निवासी योगेंद्र सिंह ने भी परिवार नियोजन के लिए पुरुष नसबंदी कराने में किसी तरह की समस्या नहीं होने की बात कही। उन्होंने कहा, परिवार नियोजन कराना सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है। अब वक्त आ गया है जब रुढियों व परम्पराओं को तोड़कर एनएसवी को अपनाना चाहिए। परिवार की खुशहाली के लिए छोटा परिवार अच्छा होता है। धमधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फैमली प्लानिंग काउंसलर गोपाल निषाद ने बताया, परिवार नियोजन में समय रहते स्थायी साधन अपनाने का फैसला फायदेमंद साबित होता है। उन्होंने बताया, परिवार नियोजन खुशहाली का जरिया है। जल्दी -जल्दी बच्चे न होने से मां व बच्चों का स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है। अस्पताल व नवजात की देख-रेख के खर्च का भी बोझ नहीं होता है। अच्छी सेहत व स्वास्थ्य के कारण काम का नुकसान भी नहीं होता और परिवार में आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहती है।

# 'मेरी हिंदी, मेरा गौरव' विषय पर नारा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा इस्पात भवन द्वितीय तल स्थित सभागार में 'मेरी हिंदी, मेरा गौरव' विषय पर आयोजित नारा प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह, के सी त्रिपाठी, महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ), भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य आतिथ्य में उप महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा सौमिक डे), व निर्णायकगण महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ), शाहिद अहमद एवं महाप्रबंधक (भंडार), यशजीत सिंह एवं पुरस्कार विजेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से के सी त्रिपाठी, महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ), भिलाई इस्पात संयंत्र ने नारा प्रतियोगिता के विजेता कार्मिकों को बधाई दी एवं उनके नारों की सराहना करते हुए कहा कि आपके लिखे सभी नारे बहुत ही सराहनीय एवं उपयोगी हैं जिनका उपयोग संयंत्र द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं व अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर किया जाएगा। उन्होंने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है, भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत सभी कर्मचारी एवं अधिकारीगण हिंदी भली-भांति समझते हैं, बोलते और लिखते हैं। उप महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा), सौमिक डे ने कहा कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्य म के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। हिंदी का हमें शत-प्रतिशत प्रयोग करना है ताकि संवाद व संप्रेषण बेहतर हो सके। कार्यक्रम के आरम्भ में अभ्यागत अतिथियों को राजभाषा विभाग के वरिष्ठतम सदस्य रामविशाल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग के सहायक प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन-राजभाषा), जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नारा प्रतियोगिता के बारे में संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर 20 प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार विजेता रहे टी. नारायण राव, सीनियर टेक्नीशियन, यांत्रिकी सेवाएँ, द्वितीय पुरस्कार विजेता रहे नगीना यादव, सीनियर ओ.सी.टी., रेल व स्ट्रक्चरल मिल एवं तृतीय पुरस्कार विजेता रहे खुमान सिंह देवांगन, मास्टर ऑपरेटिव, एस.एम.एस.-3, सभी पुरस्कार विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। नारा प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता कार्मिक इस प्रकार रहे-सर्वश्री अनिल कुमार अग्रवाल, सीनियर टेक्नीशियन (यांत्रिक), सीएचएम-1, चन्द्रशेखर नायडू, चार्जमेन, मापयंत्रण एवं तौल, आर एंड सी लैब, रजनी रजक, विकास सहायक, सीएसआर, रंजन गोस्वामी, ओसीटी, मार्स-1, नवीन चन्द्र बोस, एसीटी, रेल मिल, मुकेश कुमार भारद्वाज, एसीटी, टी एंड डी, ऋषि कुमार, चार्जमेन कम मास्टर टेक्नीशियन, ऊर्जा प्रबंधन विभाग, स्मिता जैन, सहायक महाप्रबंधक, वित्त एवं लेखा, एस ताताराव, टेक्नीशियन (विद्युत), ऊर्जा प्रबंधन विभाग, खूबलाल देवांगन, सीनियर यार्ड मास्टर, टी एंड डी, जवाहर बाजपेयी, वरिष्ठ प्रबंधक (जनसंपर्क), ओमवीर करन, आपरेटर, कोक ओवन एवं कोल केमिकल, जया तिवारी, वरि.प्रबंधक, परियोजना, आनंद कुमार वर्मा, प्रबंधक, एसएमएस-3 तथा अली अकरम, टेक्नीशियन (विद्युत) रेल मिल। प्रतियोगिता के निर्णायकगण महाप्रबंधक (खदान मुख्यालय), कैलाश मल्होत्रा, महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ), शाहिद अहमद, तथा महाप्रबंधक (भंडार), यशजीत सिंह, को स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

# "वन नेशन वन राशनकार्ड" योजना के साफ्टवेयर का ट्रायल रन अगस्त में

**दुर्ग।** जिले में संचालित उचित मूल्य दुकानों में ''वन नेशन वन राशनकार्ड'' योजना के साफ्टवेयर का ट्रायल रन माह अगस्त से किया जाएगा। इस संबंध में दुकान संचालकों को 22 अगस्त को कलेक्टोरेट में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत दुकान संचालकों को ई-पीओएस मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। साफ्टवेयर के माध्यम से राशन सामग्री वितरण करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां का विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से राशन सामग्री वितरण करने में असुविधा होने की स्थिति में किये जाने वाले कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी दिया जाएगा। दुकान संचालकों द्वारा ई-पीओएस मशीन में राशनकार्ड डेटाबेस दर्ज किया जाएगा। उल्लेखनिय है कि जिले में 331 उचित मूल्य की दूकान संचालित है। ''वन नेशन वन राशनकार्ड'' योजनांतर्गत साफ्टवेयर के ट्रायल रन के पश्चात योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# रिसाली निकाय हेतु आबंटित अधिकारी/कर्मचारियों को भिलाई निगम से किया गया कार्यमुक्त

**भिलाई नगर।** नवगठित नगर पालिक निगम रिसाली में किए गए निकाय आबंटन के फलस्वरुप उनकी सेवाओं का हस्तांतरण करने के लिए भिलाई निगम में कार्यरत कई अधिकारी/ कर्मचारियों को 19 जुलाई दिन सोमवार को भिलाई निगम से निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने कार्यमुक्त कर दिया है! इनमें से कई ऐसे अधिकारी/कर्मचारी है जिन्हें पहले ही भारमुक्त किया जा चुका है!

31 मार्च 2020 को भार मुक्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में बीके सिंह सहायक अभियंता, देवव्रत देवांगन कार्यालय अधीक्षक, हरचरण सिंह अरोरा राजस्व निरीक्षक, संतोष कुमार तिवारी सहायक ग्रेड 3, अमित कुमार दास सहायक ग्रेड 3, शैलेश कुमार साव सहायक ग्रेड 3, शांता कुमार देशलहरे स्वच्छता पर्यवेक्षक, गोपाल राम सिन्हा समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड 2, छगन लाल साहू सहायक राजस्व निरीक्षक, रमेशर सहायक राजस्व निरीक्षक शामिल है! अन्य अधिकारी/कर्मचारियों की बात करें तो के.के. सिंह वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, महेश टंडन सहायक अधीक्षक, आशीत कुमार देव सहायक ग्रेड 2, संजय कुमार वर्मा राजस्व निरीक्षक, पवन कुमार मिश्रा स्वच्छता निरीक्षक, मंगल प्रसाद कुर्रे राजस्व उपनिरीक्षक, अश्विनी देशमुख राजस्व उपनिरीक्षक, किरण वर्मा लेखापाल, अखिलेश वर्मा सहायक ग्रेड 3, राजेश कुमार गजेंद्र सहायक ग्रेड 3, चंद्रपाल हरमुख स्वच्छता पर्यवेक्षक, कमलेश साहू स्वच्छता पर्यवेक्षक, विनय कुमार शर्मा स्वच्छता पर्यवेक्षक, अमित कुमार चंद्राकर स्वच्छता पर्यवेक्षक, नलनीश मिश्रा समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड 2, किशोर रामटेके सहायक राजस्व निरीक्षक, विवेक रंगनाथ सहायक राजस्व निरीक्षक, टिकेंद्र वर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक, खिलेश दास भृत्य, देवेश कुमार निषाद भृत्य, मुकेश कुमार भृत्य, अल्ताफ मोहम्मद भृत्य एवं भागवत प्रसाद भृत्य को 19 जुलाई को भिलाई निगम से कार्यमुक्त कर दिया गया है!

# नगर निगम आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने 87 प्राधिकारियों को लगाया गया कार्य पर

पायनियर संवाददाता < भिलाई 03
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, आम निर्वाचन के लिए निवार्चक नामावली तैयार किया जाना है। इस कार्य के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी SDM, पाटन, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नायब तहसीलदार, भिलाई-03 की नियुक्ति होने के पश्चात् नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा के कुल 40 वार्डो को आच्छादित करने वाला विधानसभा क्षेत्र क्र.-67, अहिवारा के निर्वाचक नामावली से निगम के वार्डो के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु 87 विहित प्राधिकारियों को कार्य पर लगाया गया है। इनके द्वारा वार्ड की चौहद्दी का मिलान कर विधानसभा के निवार्चक नामावली को विभाजित करने का कार्य द्रुत गति से संचालित की जा रही है। इस कार्य के निरीक्षण हेतु अनिल बाजपेयी, अपर कलेक्टर, जिला बालोद को प्रेक्षक बनाया गया है, का आगमन आज निकाय परिसर में हुआ। प्रेक्षक द्वारा विहित प्राधिकारियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण कर आ रही दिक्कतों के संबंध में जानकारी लिये एवं उन समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किये। बाजपेयी द्वारा कहा गया है कि निर्वाचन का कार्य समयबद्ध एवं चरणबद्ध तरीके से संपन्न होना है। अतः निर्धारित समयानुसार अपना-अपना कार्य संपादित करें। किसी भी असमंजस की स्थिति में बगैर हिचक के ऊपर के अधिकारियों से संपर्क कर निराकरण करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान न.नि.आम निर्वाचन हेतु नियुक्त प्रेक्षक अनिल बाजपेयी, अपर कलेक्टर बालोद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग के.एल. वर्मा, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वी.पी.गुप्ता अनुविभागीय अधिकारी पाटन, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चंद्रशेखर मंडई नायब तहसीलदार, भिलाई-03 के साथ निगम आयुक्त कीर्तीमान सिंह राठौर, अश्वनी चंद्राकर नोडल अधिकारी निर्वाचक उपस्थित थे।

# चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स के पुरस्कार वितरित, सेल-बीएसपी के युवा प्रबंधकों ने जीता सीटीवाईएम ट्रॉफी




पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के युवा प्रबंधकों ने सेल स्तर पर आयोजित चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स अर्थात सी.टी.व्हाय.एम.-2020-21 को जीतकर बीएसपी का परचम लहराया है। इस वर्ष के प्रतियोगिता का विषय था सेल में डिजिटल परिवर्तन - चुनौतियां और अवसर। इस प्रतियोगिता के विजेता टीम के सदस्य हैं सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एजीएम (इंकास), नीरजा शर्मा, उप प्रबंधक (बी आर एम) शिव कुमार, और उप प्रबंधक (इंकास) एसपी राजकुमार।

इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह डिजिटली आयोजित किया गया। जिसमें सेल, चेयरमेन सोमा मण्डल ने विजेताओं को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से, विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र कार्यपालक निदेशक (मेडिकल एवं हेल्थ सर्विसेज) डॉक्टर एस के ईस्सर ने विजेता टीम को भिलाई में प्रदान किया। विदित हो कि यह सेल स्तरीय प्रतियोगिता सर्वप्रथम संयंत्र स्तर पर आयोजित की गई और संयंत्र स्तर पर विजेता टीमों को सेल स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इस प्रतियोगिता में सेल के पांचो इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट्स की टीमों के साथ साथ एक सीएमओ और एक एसआरयू सहित 7 टीमों ने भाग लिया। इन सात टीमों के बीच एमटीआई, रांची द्वारा डिजिटली सेल स्तरीय राउंड आयोजित किया गया। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम विजेता रही। सेल बीएसपी की इस टीम ने अपने प्रबंध कौशल का प्रदर्शन करते हुए इस सेल स्तरीय प्रतियोगिता को जीत कर भिलाई का नाम रोशन किया है।

# अजाक्स संघ ने किया नव पदस्थ डीईओ पांडेय का स्वागत



पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com

अजाक्स संघ जिला कबीरधाम ने नव पदस्थ डी.ई.ओ. राकेश पांडे का पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत दिया एवं मांगपत्र ज्ञापन सौंपा, विदित हो कि दो दिनों पूर्व ही के एल महिलांगे के स्थान पर जिला कबीरधाम के रूप में नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी राकेश पांडे ने कार्य का अजाक्स संघ ने बुधवार दिनांक 21.072021 को उनका स्वागत किया इस अवसर पर कवर्धा जिले के चारों विकासखंड के अजाक्स संघ के पदाधिकारी शामिल थे। जिसमें सहसपुर लोहारा ब्लॉक इकाई के संतोष भास्कर, सुनील मेहरा, खोमलाल रात्रे, जोहनलाल पुनाचा, प्रवीण ठाकुर ,देवराज सिंह उइके एवम नवल किशोर अंगारे शामिल थे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने डी.ई.ओ. को एक ज्ञापन भी दिया जिसमें कलिंदरी, नागदौने (भृत्य) विकास खंड शिक्षा अधिकारी को सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदोन्नति देने की मांग की गई है। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी पांडे ने इस विषय पर यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन संघ को दिया है। साथ ही शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने की बात कही।

# आईआईटी भिलाई के पीएचडी स्कॉलर का एसटीईपी-आईसीटीपी के तहत अंतर्राष्ट्रीय फेलोशिप के लिए चयन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



आईआईटी भिलाई के भौतिकी विभाग के पीएचडी स्कॉलर पुरुषोत्तम साहू को प्रतिष्ठित सैंडविच प्रशिक्षण शैक्षिक कार्यक्रम (एसटीईपी) के लिए चुना गया। एसटीईपी, इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल फिजिक्स (आईसीटीपी) और इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की प्रमुख फेलोशिप है। इसका उद्देश्य विकासशील देशों के युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे अपने देशों के वैज्ञानिक और आर्थिक विकास में बेहतर योगदान दे सकें। साहू, डॉ. सुधनवा पात्रा (आईआईटी भिलाई) और उनके सह-सलाहकार, प्रोफेसर सरग्वे पेटकोव, इंटरनेशनल स्कूल फॉर एडवांस स्टडीज एंड द नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर न्यूक्लीयर फिजिक्स (आईएनएफएन) इटली, के मार्गदर्शन में ''द क्वेस्ट फॉर न्यू फिजिक्स थ्रू द यूनिफाईड लेंस ऑफ न्यूट्रिनो एण्ड फ्लेवर फिजिक्स'' नामक पीएचडी थीसिस परियोजना पर काम करेंगे। वह ग्रैंड यूनिफाइड थ्योरी (जीयूटी) पर काम कर रहे हैं, जो की एक बियॉन्ड स्टैंडर्ड मॉडल फिजिक्स है जो न्यूट्रिनो मास, डार्क मैटर और बी फिजिक्स का एक साथ वर्णन करता है।

उनका प्रस्तावित शोध इन सभी को गेज थियोरी और ग्रांड यूनिफिकेशन के दायरे में लाता है। एसटीईपी के तहत साहू को ट्राइस्टे इटली के अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में 9 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त करने का अमूल्य अवसर मिलेगा। वर्ष 2022 में 5 महीने की और वर्ष 2023 में 4 महीने की ट्रेनिंग लेंगे।

## कोरोनावायरस के संक्रमण का खात्मा करने टीकाकरण के लिए भिलाई वासियों में अभूतपूर्व उत्साह बरकरार

# भिलाई के टीकाकरण केंद्रों में एक दिन में ही 6893 लोगों ने लगवाया कोविड का टीका

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है, कोविड का टीका लगाने लोग अपने क्षेत्र के नजदीकी केन्द्रों में पहुंच रहे है। अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाने पूरा निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला लगा हुआ है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है, पिछले कुछ वक्त से अभियान स्वरूप अधिक से अधिक लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। आज भी वैक्सीनेशन के लिए केंद्र स्थापित किए गए जहां टीकाकरण का कार्य किया गया, परंतु वैक्सीन की उपलब्धता नहीं होने के कारण दिनांक 21 जुलाई दिन बुधवार को वैक्सीनेशन सेंटर बंद रहेंगे! निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में भिलाई में वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां लोग स्वफूर्त टीका लगाकर संक्रमण की रोकथाम में अपनी सहभागिता दे रहे है। टीकाकरण के लिए सोमवार को जब शेड्यूल जारी किया गया था उसी दिन 6893 लोगों ने टीकाकरण में हिस्सा लिया! 45 वर्ष उम्र से अधिक के व्यक्तियों ने रुचि दिखाते हुए ज्यादा से ज्यादा टीका लगवाया और सोमवार को 4117 ने अपना टीकाकरण करवाया वहीं 18 से 44 वर्ष के 2776 व्यक्तियों ने कोविड का टीका लगवाया! निगम क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों का जोन आयुक्त लगातार निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को बनाए रखने आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। 18 से 44 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा रहा है। जितना अधिक टीकाकरण होगा उतना ही जल्दी कोरोना के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान के तहत टीकाकरण के लिए अब तक कई सारे केन्द्र बनाए जा चुके है, जहां महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुरक्षित तरीके से टीका लगा रही है। टीकाकरण केन्द्रों में निगम क्षेत्र के पूरे वार्डों के नागरिक पहुंच रहे है और बेझिझक टीका लगवाकर अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। निगम का अमला टीकाकरण की पूरी प्रक्रिया में अपना सहयोग कर रहे है ताकि टीका लगवाने आए लोगों को बिना कोई देरी किए शीघ्रता से टीका लग जाए। सभी टीकाकरण केन्द्रों का निगम आयुक्त तथा अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए फीडबैक ले रहे है ताकि केन्द्रों में कोई परेशानी न आए और टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे। लॉकडाउन में भी प्रशासनिक अमला टीकाकरण केंद्रों में जुटे हुए थे। निगम क्षेत्र के नागरिक अपने-अपने क्षेत्र के नजदीकी टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर आसानी से टीका लगवा रहे हैं। अभियान के तहत शहर के बहुत से लोगों को टीका लगाया जा चुका है। भिलाई के टीकाकरण केन्द्रों में विशेष टीकाकरण के लिये लोगों को प्रेरित करने आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं निगम कर्मचारी जागरूकता प्रसारित कर रहे है, इसके लिए वार्डों में शेड्यूल के मुताबिक मुनादी भी कराई जा रही है। कई केन्द्रों में कोविड का टीका लगवाने वालों का हौसला बढ़ाने सेल्फी पाइंट भी बनाए गए है। टीकाकरण के लिए सामाजिक सहयोग लगातार प्राप्त हो रहा है, हर वर्ग टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित कर रहा है! भिलाई शहर वासियों की जागरूकता से टीकाकरण में तेजी आई है!

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से ऋण लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत उद्योग क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रूपये, सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख रूपये एवं व्यवसाय क्षेत्र में अधिकतम 2 लाख रूपये ऋण लिया जा सकता है। योजना अंतर्गत सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख रूपये तक अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, अल्प संख्यक, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित आवेदकों को 15 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये तक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये मार्जिन मनी की पात्रता होगी निर्धारित मापदंण्ड के अनुसार आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए, न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो (विशेष समुदाय को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट) होनी चाहिए। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, महाराजा चौक दुर्ग में 31 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## क्विक न्यूज

### घनश्याम पांडेय एवं अधिवक्ता मनोज जायसवाल ने विस अध्यक्ष से मुलाकात की



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ चरणदास महंत से प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय एवं वरिष्ठ अधिवक्ता तथा कांग्रेस नेता मनोज जायसवाल सक्ती ने उनके प्रवास के दौरान मुलाकात की, मुलाकात के दौरान दोनों ही कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से विस्तार पूर्वक शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी दी, तथा क्षेत्र के विकास के बारे में भी चर्चा की एवं इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज जायसवाल ने भी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी दी,इस मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को मिलजुलकर सरकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाना है, एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी का संगठन निरंतर मजबूत हो इस दिशा में सभी सकारात्मक रूप से कार्य करें।

### रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश, पुलिस जांच में जुटी

**रायगढ़।** खरसिया क्षेत्र से मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। वहीं लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस को सूचना दी गई है मौके पर खरसिया चौकी पुलिस मामले की जांच करने पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार खरसिया स्टेशन के बगल साईड रेक पाइंट पर रेलवे ट्रैक पर उस वक्त सनसनी फैल गई जब रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक की लहूलुहान अर्धनग्न लाश मिली। लाश मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों में बातचीत का दौर शुरू हो चुका है। फिलहाल अज्ञात युवक लाश मिली जिसकी अभी शिनाख्ती नहीं हो पाई है।

### जांजगीर-चांपा जिले में कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग और कोविड जांच की संख्या बढ़ायें : कलेक्टर

**सक्ती।** जांजगीर-चांपा कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने 20 जुलाई को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य और संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि कोरोना संक्रमितों के कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के कार्य को गंभीरता से हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमितों की संख्या में कमी आयी है। लेकिन इसकी दूसरी लहर अभी पूरी तरह समाप्त नही हुई है। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमित पाये जाने पर वहां कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग पूरी करवाकर कोविड जांच की संख्या भी बढ़ाएं। जिले के लक्ष्य के अनुसार प्रतिदिन कोविड जांच पूरा करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार कोरोना के संभावित तीसरी लहर से निपटने की तैयारी की जा रही है।

# सभी हाट-बाजार क्लिनिक का संचालन करें प्रारंभ : कलेक्टर

- कोविड प्रोटोकाल का पालन हो सुनिश्चित, मास्क जांच अभियान जारी रखने के निर्देश
- कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में चिन्हांकित सभी हाट-बाजार क्लिनिक का संचालन तत्काल प्रारंभ किया जाए। सभी एसडीएम उनके क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले हाट-बाजार क्लिनिक की प्रति सप्ताह जांच कर साप्ताहिक प्रतिवेदन भेजे। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक के दौरान कही।

कलेक्टर भीम सिंह ने कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लगातार मास्क जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने शादियों में अनुमति अनुसार लोगों के शामिल होने की जांच करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने उद्योग अधिकारी को जिले के सभी उद्योगों का नियमित निरीक्षण करने और बाहर से आने वाले लोगों को गाइड लाइन अनुसार क्वारेंटीन करने और कोविड प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन सभी उद्योगों द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वैक्सीनेशन की समीक्षा की। उन्होंने उपलब्ध टीके के आधार पर टीकाकरण कार्य पूरी तेजी से करते रहने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टा धारियों को स्वीकृत कार्य की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। साथ ही जिन हितग्राहियों के भूमि समतलीकरण या अन्य कोई कार्य स्वीकृत नहीं हुए है, उनकी जानकारी विकासखण्डवार एकत्रित कर प्राथमिकता से कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व न्यायालय में 2 साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने किसान किताब समय पर उपलब्ध नहीं करवाने पर खरसिया के नायब तहसीलदार के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को 2 साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण 31 जुलाई के पूर्व करने के लिये कहा।

कलेक्टर ने धान के बदले किसानों द्वारा अन्य फसल लगाए जाने की सहमति अनुसार लक्ष्य प्राप्ति की विकासखण्डवार समीक्षा की। उक्त कार्य के मॉनिटरिंग में लापरवाही के चलते रायगढ़ एसडीओ को शो-काज नोटिस देने के निर्देश दिए।

उन्होंने अगले एक सप्ताह के भीतर सभी विकासखण्ड में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर जिले में बारिश की कमी वाले क्षेत्रों में लोगों को फसल बीमा करवाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके लिये उन्होंने कृषि अधिकारी के साथ लीड बैंक मैनेजर को भी बैंकों से समन्वय करने के निर्देश दिए।

स्मार्ट फोन नहीं होने के कारण ऑनलाईन कक्षा में नहीं जुड़ पा रहे छात्रों के सहायतार्थ मोबाईल दान अभियान पुनरू संचालित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके साथ ही उन्होंने उद्योग अधिकारी को इण्डस्ट्रीज से समन्वय कर छात्रों के लिये मोबाईल उपलब्ध करवाने के लिए कहा।

इस दौरान आयुक्त नगर निगम एस.जयवर्धन, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ डॉ.प्रणय मिश्र, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी बैठक में अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह उमंग और हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए बैठक में अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये, स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह जांजगीर के हाईस्कूल क्रमांक -1 के मैदान में कि जाएगा । कलेक्टर ने आज स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को समारोह की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह कोविड से सुरक्षा संबंधी प्रोटोकाल का पालन करते हुए हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाएगा । उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, समारोह स्थल पर फिजिकल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। सभी आगंतुको को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए समारोह की तैयारी की जाए,कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को झंडा संहिता का पालन करते हुए 15 अगस्त की सुबह 7:30 बजे कार्यालयों में ध्वजारोहण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ध्वजारोहण के एक दिन पहले तिरंगे के सही होने की जांच कर और उसे फहराने का पूर्वाभ्यास अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज संहिता का कड़ाई से पालन करते हुए गरिमा मय ध्वजारोहण करने कहा,मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और मुख्यमंत्री के आम जनता के नाम प्रेषित संदेश का मुख्य अतिथि द्वारा वाचन होगा।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यसमिति की आवश्यक बैठक 25 को श्री अग्रसेन भवन दुर्ग में

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की प्रदेश कार्यसमिति की आवश्यक बैठक 25 जुलाई को श्री अग्रसेन भवन बाईपास रोड, टोल नाका के पास दुर्ग में मंच की दुर्ग जिला इकाई के आतिथ्य में आयोजित की गई है,उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर ने बताया कि 25 जुलाई को सुबह 11:00 बजे से मंच की प्रदेश की बैठक होगी, तथा उपरोक्त बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की दुर्ग जिला इकाई के आतिथ्य में किया गया है, तथा बैठक की तैयारियों में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के दीपक बंसल दुर्ग,दुर्ग जिले के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री सहित पूरी टीम जुटी हुई है,नितेश अग्रवाल ने कहा कि 25 जुलाई को आयोजित बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी, साथ ही विगत सप्ताह रायपुर में संपन्न प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद आगामी अगस्त माह में प्रस्तावित परिचय सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

## पढ़ाई तुहर द्वार के दूसरे साल में नवाचारी शिक्षका नीरा साहू के द्वारा पारा मोहल्ला में शिक्षा प्रदान करने की अनूठी पहल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



कोरोना के कारण पूरे विश्व के शैक्षणिक संस्था पूरी तरह से बंद है जिसके कारण बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए शासन के द्वारा पढ़ाई तुहर द्वार योजना चलाकर बच्चों को ऑफलाइन व ऑनलाइन के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है, इसी योजना से जुड़कर शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन भांठा की नवाचारी शिक्षिका श्रीमती नीरा साहू ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पढ़ाई तुहर द्वार के दूसर साल योजना शुरू किया हैं जिसमे बच्चों को ऑनलाइन व ऑफ़लाइन के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना शुरू किया है एवं अपने साथ मे गांव के पढ़े-लिखे नवयुवक-युवतियों द्वारा पिछले साल से मोहल्ला क्लास में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है।जिसमे अनेक गतिविधि व खेल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करती नीरा साहू इस कोरोना काल के द्वितीय वर्ष में छात्रों के हित को ध्यान में रख कर व छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो व शासन के निर्देशानुसार इस दूसरे साल में भी स्कूल कालेज बन्द है ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई भी काफी प्रभावित हो रही है जिसमे छोटे बच्चों को ऑनलाइन क्लास में जुड़कर पढ़ने में परेशानी होती है व छोटे बच्चे मूर्त चीजो से देखकर छुकर समझ पाते हैं किसी वस्तु से की गई गतिविधि की समझ बच्चों में ज्यादा समय तक स्थाई रहती है।

# सभी अशासकीय स्कूलों को फीस अधिनियम का करना होगा पालन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम 2020 अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े व महापौर श्रीमती जानकी काटजू, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी बैठक में सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने सभी अशासकीय विद्यालय फीस अधिनियम का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिया। विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने अवगत कराया कि कई स्कूल ट्यूशन फीस के अतिरिक्त शुल्क ले रहे है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय में वर्तमान में ट्यूशन फीस के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की फीस विद्यार्थियों से नहीं ली जानी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी से अतिरिक्त फीस ली जाती है तो उसके अभिभावक कलेक्टर अथवा जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत कर सकते है। शिकायतकर्ता की गोपनीयता रखते हुये इस पर कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार की शिकायतों की जांच व निराकरण के लिये उन्होंने एक समिति गठित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल द्वारा अशासकीय विद्यालयों में एनसीआरटी अथवा एससीईआरटी की पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए लागू करने व अन्य प्रकाशन की पुस्तकें क्रय करने के लिए विद्यार्थियों को बाध्य नहीं करने तथा गणवेश व पुस्तकें किसी विशेष दुकान से क्रय करने हेतु बाध्य नहीं करने का सुझाव दिया। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने व शिकायत मिलने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य द्वारा अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम 2020 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 434 अशासकीय विद्यालय संचालित है तथा इन सभी विद्यालयों में विद्यालय फीस समिति के नोडल अधिकारी नियुक्त है तथा फीस समिति का गठन किया जा चुका है। सभी विद्यालयों में समिति के द्वारा नियमानुसार शुल्क निर्धारण कर लिया गया है।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिहरीद में संकुल स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिहरिद (मालखरौदा) में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे समन्वयक शिक्षक श्री श्यामसुंदर तिवारी जी द्वारा कोरोना काल में बंद पड़े गरीब विद्यार्थियों के बस्ते कैसे खुले, मोहल्ला मे विद्यालय संचालित करने, नव संकुल प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल पिहरिद को चार्ज दायित्व प्रदान किया गया, वेक्सिनेशन के लिऐ जन जागरण चलाने, संकुल को मजबूती प्रदान करने, शालात्यागी बच्चो को दाखिला दिलाने, जाती प्रमाण पत्र बनवाने हेतु शासन की सरलीकरण नियम के विषय में पालकों को अवगत कराने, विद्यालय परिसरों मे हो रहे गंदगी, नशा अड्डा, बेजा कब्जा, से मुक्त कराना, इन सभी गंभीर विषयों पर चर्चा कर समाधान निकालने, विद्यालय सह संकुल को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया, बैठक पूर्व स्व, श्री सुदर्शन वर्मा शिक्षक (बड़े रबेली) को शोकांजलि, अर्पित किया गया बैठक मे प्रभारी प्राचार्य सहित संकुल अधिनस्थ सभी15 स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका, ग्राम सरपंच, किरण डहरिया, जनपद सदस्य अरूण महिलांगे, सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र शर्मा, सहित पंच गण, उपस्थित रहे।

## जिले में अतिक्रमण मुक्त शासकीय भूमि को सुरक्षित रखना विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने 20 जुलाई को जिला कार्यालय सभागार में संपन्न बैठक के दौरान अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र आश्रितों को 31 जुलाई के पूर्व पदस्थापना आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागीय शासकीय भूमि को सुरक्षित रखने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा ऐसी भूमि पर अतिक्रमण के लिए अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी, कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित समय सीमा बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विगत वर्षो में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई की गई। लाल झंडा लगाकर चिन्हांकित क्षेत्र को सुरक्षित रखने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को ऐसी भूमि के उपयोग की कार्ययोजना शीघ्र बनाने के निर्देश दिए,उन्होंने अन्य अतिक्रमित शासकीय भूमि को राजस्व विभाग की मदद से अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय भूमि को सुरक्षित रखना संबंधित विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी है,कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम शिक्षा विभाग से समन्वय कर आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कैम्प आयोजित करें। कैम्प में पंचायत एवं राजस्व विभाग के मैदानी अमला भी उपस्थित रहें। कक्षा 6 वीं के नव प्रवेशित विद्यार्थियो को पात्रता अनुसार प्रमाण पत्र जारी करवाएं। इसी प्रकार उन्होंने महतारी दुलार योजना के तहत पात्र बच्चों की सूची शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जिनके माता-पिता की कोविड से मृत्यु हो गई है, उन बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था किया करें,कलेक्टर ने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति का कोई भी प्रकरण लंबित न रहें। नियुक्ति में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की गाईड लाईन का कड़ाई से पालन किया जाय। कोई भी पात्र हितग्राही अनुकम्पा नियुक्ति पाने से वंचित न रहें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की सभी महत्वकांक्षी यांजनाओं की उपलब्धि की जानकारी निर्धारित पोर्टल में अपडेट करवाते रहें जिससे योजनाओं की उपलब्धि समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर भी उपलब्ध हो सके।

## ड्राइवरी लाइसेंस के लिए अब मेडिकल फिटनेस जारी

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com




सरकार ने डायवरिग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया में कई तरह के बदलाव करने जा रहा है। पहले जिला कार्यालय से लाइसेंस बन जाता था और कुछ दिनों बाद कार्ड मिल जाता था लेकिन अब यह लाइसेंस आनलाइन के माध्यम से जाएगी। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 1 ए फार्म मेडिकल प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किया जाएगा इसके लिए डॉक्टरों का सारथी एप 4.0 में पंजीयन कराना जरूरी कर दिया गया है। इससे पहले विभाग के अधिकारी जानकारी दी थी जिन की अंतिम तिथि 19 जुलाई निर्धारित की गई थी। अब मेडिकल प्रमाण पत्र मैन्युअल बनाया जाता था लेकिन अब ऑनलाइन ही मेडिकल सर्टिफिकेट स्वीकार किए जाएंगे। परिवहन विभाग के ड्राइविंग लाइसेंस में पारदर्शिता लाने एवं सरलीकरण के लिए लाइसेंस के फॉर्म 1ए मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को 24 मार्च से ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए जिले के जितने भी एमबीबीएस डॉक्टर हैं जो इस कार्य को करने के लिए इच्छुक हों तथा वह मेडिकल काउंसलिंग में रजिस्टर्ड हो उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में मांगा गया है। प्रारूप में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के बाद सारथी सॉफ्टवेयर 4.0 डॉक्टरों को लागिन आईडी प्रदान किया जाएगा किया जाएगा

**दलाली प्रथा का होने लगा अंत-** ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहनों से जुड़े किसी भी तरह के काम के लिए आजादी से अब तक दलाली प्रथा चलते आ रही थी। लोग सरकारी प्रक्रिया के झंझट से उबरने के लिए आरटीओ एजेंटों को पूरा दस्तावेज दे देते थे लेकिन अब परिवहन विभाग सारे के सारे कार्य ऑनलाइन करने जा रहा है ऐसे में अब एजेंटों की रोजी-रोटी धीरे धीरे कम होते जा रही है अब जरूरतमंदों को सीधे दफ्तर में आकर अपना काम करना पड़ रहा है ।

### नो एंट्री में बेधड़क घुस रही गाड़ियां

**रायगढ़।** घरघोड़ा में भारी वाहनों का 24 घंटे घुसना अब नगर के लिए नासूर की तरह बनता जा रहा है। पहले भी दुर्घटना और विवाद की कई परिस्थितियां बन चुकी हैं। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और जागरूक नागरिकों द्वारा भारी वाहनों के नगर में प्रवेश को लेकर बड़े आंदोलन किए गए थे और लगभग हर आंदोलन के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा सुबह 5 से 10 बजे तक भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर निषेध का समझौता हुआ है। घरघोड़ा नगर में ट्रकों के नीचे आकर कई लोगों ने अपनी जान गवाई है, सबसे संवेदनशील मामला घरघोड़ा भेंड्रा रोड के समीप नाबालिक बच्ची का अनियंत्रित वाहन की चपेट में आकर मृत्यु हो जाना था। जिस पर आक्रोशित भीड़ ने भारी वाहन को आग के हवाले कर दिया था और मुख्य मार्ग घंटो जाम रहा था। शांति व्यवस्था बनाने के लिए जिले के 5 थानों के पुलिस बल को भारी मशक्कत करनी पड़ी थी।

## 30 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ चार आरोपी जेल दाखिल, आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अपने वृत क्षेत्र अंतर्गत चल रहे हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने जिला के सक्ती आबकारी विभाग मुस्तैद है तथा अपने क्षेत्र अंतर्गत चल रहे इस काले कारोबार पर जानकारी प्राप्त करने जगह जगह मुखबीर की तैनाती की गई है। जिसकी सूचना पर 30 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की बड़ी कार्यवाही की गई है। वही इस संबंध में सक्ती आबकारी से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जिला जांजगीर चाम्पा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी विकास गोस्वामी के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सक्ती/डभरा प्रभारी छबि लाल पटेल के नेतृत्व में दिनाक 20.07 2021 को गस्त के दौरान ग्राम ओडेकेरा थाना डभरा से आरोपी खेमराज चौहान के कब्जे से 08 लीटर महुआ शराब जप्त कर एवं ग्राम किरारी थाना डभरा से आरोपी अर्जुन साहू के क़ब्जे से 7.3 लीटर महुआ / देशी प्लेन शराब जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध छ.ग. आब. अधि. 34(2) का 02 प्रकरण कायम कर रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया। विदित हो कुछ दिन पूर्व वृत्त सक्ती के ग्राम सकर्रा थाना मालखरौदा के सुरेश पिता फिरतु राम के कब्जे से 08 लीटर व ग्राम बुदेली थाना मालखरौदा के धनी राम भारद्वाज के कब्जे से 07 लीटर महुआ शराब जप्त कर जेल दाखिल किया गया था।

## बरसात में मलेरिया का खतरा बढ़ा, बच्चों का करें बचाव

- गंदगी और जलभराव न होने दें - डॉक्टर टोन्डर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

बारिश के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। जगह- जगह बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति देखी जा रही है। जमे हुए पानी के कारण जलजनित रोगों के बढने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ गई है। जमा हुआ पानी मच्छर के पनपने का लिए अनुकूल होता है। मच्छर के काटने से कई रोग जैसे मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे रोगों के प्रसार की संभावना प्रबल रहती है। जिसमें मलेरिया नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं एवं पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के लिए समुचित प्रबंधन के अभाव में खतरनाक साबित हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व में मलेरिया से होने वाली कुल मौतों में 67 प्रतिशत बच्चे ही शामिल रहते हैं। बच्चों को मलेरिया के प्रकोप से बचाना स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एक चुनौती साबित हो रही है। जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि मलेरिया मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से होता है और इसके लक्षण 10 से 15 दिनों के बाद ही दिखाई पड़ते हैं।

**बचाव का सबसे बेहतर उपाय है स्वच्छता और सावधानी** - जिला गैर संचारी रोग के नोडल डॉ. टीके टोन्डर ने बताया कि मलेरिया मच्छर जनित रोग है, जो मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से होता है। वयस्कों में मलेरिया का उचित प्रबंधन न हो तो इससे मल्टी ऑर्गन फेलियर तक हो सकता है। मादा एनाफिलीज मच्छर पनपने का सबसे बड़ा कारण गंदगी और जलजमाव है। इसलिए अपने आस-पास साफ सफाई रखें, खाली बर्तन, डब्बे, गमले, घर के आस-पास की नालियां समय-समय पर साफ करें और गंदा पानी न जमने दें। शौचालय एवं उसके आसपास की जगह, किचेन, बेडरूम अंधकार मुक्त और हवादार बनाएं तथा जमे हुए पानी पर कीटनाशक का प्रयोग कर मच्छरों को नष्ट कर दें। वाटरकूलर या नल के पास पानी जमा नहीं होने दें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग जरुर करें और हाथ- पैर को ढंकने वाले कपड़े इस्तेमाल करें। सही जानकारी के अभाव में मलेरिया समुदाय के लिए स्वच्छता का विषय बना हुआ है। लेकिन यदि साफ-सफाई और सुरक्षा के उपाय किए जाए तथा इसके लक्षणों को सही से समझ कर ससमय इलाज किया जाए तो इसे हराना आसान है।

## गांधी नगर में 10 लीटर महुआ शराब पकड़ाया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह और सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल ने अवैध शराब पर सख्त कार्रवाई करने विभाग को निर्देशित किया है। आबकारी उपनिरीक्षक रायगढ़ शहर आशीष उप्पल को आबकारी नियंत्रण कक्ष में सूचना मिली कि गांधी नगर में अवैध महुआ मदिरा की बिक्री हो रही है। जिस पर छापामार कार्रवाई कर आरोपी से 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांधी नगर निवासी संजय बंजारे थाना चौकी जूटमिल रायगढ के पास 120 प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 180 मिली 21.6 बल्क लीटर और दो 5-5 ली क्षमता की प्लास्टिक जरीकेन मे रखी 10 लीटर महुआ मदिरा बरामद हुई। आरोपी पॉऊचों मे भरकर शराब बेचता था। आरोपी से कुल 31.6 लीटर महुआ मदिरा बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) , 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लेकर जेल दाखिल किया गया।

# मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से फुलदई को मिली एनीमिया से निजात

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले के बीजापुर ब्लाक अंतर्गत संतोषपुर निवासी फुलदई साहनी करीब सालभर पहले पीड़ित थी और उसका हिमोग्लोबिन स्तर 7 ग्राम था। वहीं वजन भी 35 किलोग्राम रहने सहित वह पूरी तरह कमजोर हो गयी थी। लेकिन मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत् आंगनबाड़ी केन्द्र में फुलदई को मिले नियमित रूप से पौष्टिक आहार तथा स्वास्थ्य जांच सहित उपचार के फलस्वरूप अब फुलदई एनीमिया से मुक्त हो गयी है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से लाभान्वित होकर स्वस्थ हुई फुलदई साहनी बताती हैं कि एनीमिया से पीड़ित होने के कारण वह बहुत कमजोर थी और घरेलू काम करने के दौरान भी जल्दी थक जाती थी। उसकी एक बेटी पूर्वी साहनी साढे 4 वर्ष की है जो आंबनबाड़ी केन्द्र से लाभान्वित हो रही है, वह भी सुपोषण की दृष्टि से मध्यम श्रेणी में है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कार्यकर्ता के परामर्श से फुलदई साहनी और बेटी पूर्वी साहनी आंगनबाड़ी केन्द्र से लाभान्वित होकर नियमित तौर पर गर्म पौष्टिक भोजन सहित अंडा, चिक्की, पौष्टिक बिस्किट जैसे अतिरिक्त पौष्टिक आहार लेने लगी। इसके साथ ही नियमित रूप से स्वास्थ्य तथा उपचार से लाभान्वित हुई। इन सभी का सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुआ और मार्च 2021 तक फुलदई साहनी एवं उसकी बेटी पूर्वी साहनी के स्वास्थ्य में व्यापक सुधार आया। वर्तमान में फुलदई का हिमोग्लोबिन स्तर 12 ग्राम होने सहित वजन 46 किलोग्राम हो गया। वहीं बेटी पूर्वी साहनी गंभीर कुपोषण से बाहर होकर मध्यम श्रेणी में है तथा उसका वजन 14 किलोग्राम हो गया है। सुपोषण अभियान से लाभान्वित होकर स्वस्थ्य हुई फुलदई कहती हैं कि वह अब शारीरिक रूप से सक्षम महसूस कर रही हैं तथा घरेलू कार्य सहित घर की खेती-किसानी कार्य में अपने पति राजू साहनी का सहयोग कर रही हैं। फुलदई का कहना है कि उसे अब थकान-कमजोरी जैसी कोई समस्या नहीं है।

अभी भी उसे नियमित तौर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गृहभेंट कर पोषण एवं स्वच्छता तथा साफ-सफाई का ध्यान रखने समझाईश दी जाती है। जिस पर वह पूरी तरह अमल कर रही हैं। वह शासन की इस महत्ती योजना के लिए सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहती हैं कि इस योजना से मेरे और मेरी बेटी जैसे बहुत से महिलाओं तथा बच्चों को लाभ मिल रहा है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान आंगनबाड़ी केन्द्र में लक्षित बच्चों, शिशुवती माताओं एवं गर्भवती माताओं, शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं तथा एनीमिक महिलाओं के लिए वरदान साबित हुआ है।

इस योजना से गर्म भोजन, अतिरिक्त पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य एवं उपचार सेवाएं तथा परामर्श सेवाएं लक्षित हितग्राहियों को सुलभ कराया जाता है।

### संपादन के लिए भिलाई निगम के 5 कर्मचारियों को निगम के जोन कार्यालय एवं अन्य विभागों में किया गया पदस्थ

**भिलाई नगर।** नगर निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने भिलाई निगम में कार्यरत 5 कर्मचारियों को कार्यालयीन व्यवस्था के तहत जोन कार्यालय एवं अन्य विभागों में स्थानांतरित कर पदस्थ किया है! प्रकाश अग्रवाल राजस्व निरीक्षक, राजस्व विभाग तोड़फोड़ को जोन क्रमांक दो वैशाली नगर जोन कार्यालय, भूपेश्वर देशमुख सहायक ग्रेड 2 राजस्व विभाग को जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर जोन कार्यालय, संध्या कोरडे संपदा विभाग को प्रधानमंत्री आवास योजना विभाग, बंछोर लाल कोसरे समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड 2 संपदा विभाग को जनगणना विभाग तथा दंडीराम यदु पंप सहायक, राजस्व विभाग को वैशाली नगर जोन क्रमांक दो जोन कार्यालय में पदस्थ किया गया है!

### बारिश से किसानो ने भी राहत की सांस ली

**मुंगेली।** शाम होते होते शुरू हुई बारिश ने जहां लोगों को उमस भी गर्मी से कुछ राहत दिलाई, वही किसानो ने भी राहत की सांस ली, खेती कार्य के प्रारंभ होने के बाद से जहां बारिश की राह तकते किसानो के माथे पर चिंता की लकीरे खिचने लगी थी, कि बीते वर्ष के समान इस वर्ष भी मानसून उनकी परेशानियों का सबब न बन जाये। वही दुसरी तरफ बारिश ने प्रशासनिक चिंता भी बढानी शुरू कर दी है, खुले में पडे धान का निधारित समय में उठाव न होना प्रशासन के लिए बडी मुसिबत बन गया है।

डौंडी ब्लॉक के सक्रिय गौठानों के मैदानी अधिकारियों की आयोजित बैठक में कलेक्टर महोबे ने किया निर्देशित

## गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन, विक्रय व आजीविका संबंधी गतिविधियॉ सतत रूप से संचालित रहे



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन, विक्रय तथा आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियॉ सतत् रूप से संचालित रहे। महोबे मंगलवार को डौंडी मुख्यालय में डौंडी ब्लॉक के सक्रिय गौठानों के मैदानी अधिकारियों की आयोजित बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने डौंडी विकासखंड के सक्रिय गौठानवार अब तक वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन व विक्रय की प्रगति की समीक्षा की और विक्रय हेतु शेष वर्मी कम्पोस्ट का इस माह के अंत तक शतप्रतिशत विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट फसलों के लिए उपयोगी है, इसके उपयेग के लिए किसानों को प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि सक्रिय गौठानों में विभिन्न आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियॉ सतत् रूप से संचालित रहे। गौठान ग्रामों के चारागाह में हरा चारा का उत्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने गौठानों में संचालित विभिन्न आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियॉ मुर्गीपालन, डेयरी, मशरूम उत्पादन, हल्दी, अदरक, सब्जियॉ, तार फेंसिंग आदि की जानकारी ली। उन्होंने बकरी पालन हेतु भी समूहों को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गौठानों में पशुओं के उपचार हेतु आयोजित पशु चिकित्सा शिविर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत् क्रय किए गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन, पैकेजिंग और विक्रय का कार्य जिम्मेदारीपूर्वक करें। कलेक्टर ने राजीव गॉधी किसान न्याय योजना के तहत् प्रचलित धान के बदले अन्य फसल क्षेत्राच्छादन व वृक्षारोपण की भी समीक्षा की और कहा कि किसानों को योजना के लाभ से अवगत कराए तथा उन्हें धान के बदले अन्य फसल लेने प्रोत्साहित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसान पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम प्रेमलता चंदेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी सहित कृषि, उद्यान, पशु चिकित्सा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विद्युत आदि विभाग के अधिकारी, संबंधित गौठानों के प्रभारी नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव और सहकारी समिति के प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बने : योगेश अग्रवाल

**रायपुर।** योगेश अग्रवाल को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के छत्तीसगढ़ इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने मंडल तमाम पदाधिकारियों की सहमति के बाद की है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर संगठन को और मजबूत, व्यापक, गतिशील बनाने के लिए यह जिम्मेदारी योगेश को सौंपी है। गर्ग ने इस दौरान मंडल में मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके व्यक्तिगत और संगठन के सामूहिक प्रयासों से पुरे छत्तीसगढ़ के साथ देश के उद्यमी और व्यापारियों के हित की रक्षा और सुरक्षा होगी। इसमें आपकी सहभागिता और आगामी संगठनात्मक कार्यों को बखूबी पूरा करेंगे, यहीं कामना है। गौरतलब है कि योगेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स में भी कार्यकारी अध्यक्ष और चेयरमेन जैसे पदों पर जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा योगेश ने प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया है। साथ ही अग्रवाल समाज के युवा विंग में 7 वर्षो से बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष काम किया है।



### योगेश अग्रवाल ने जताया आभार

इधर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद योगेश अग्रवाल ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग, राष्ट्रीय चेयरमैन बालकृष्ण अग्रवाल, वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जगदीश बेरीवाल समेत संगठन के तमाम पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि 'व्यापार और व्यापारियों के हित में पिछले दो दशकों से ज्यादा समय से मैं संघर्ष करता रहा हूं, शायद यही वजह है के एक राष्ट्रीय संगठन में मुझे पुरे सूबे की जिम्मेदारी दी गई है। व्यापारी हित में किए जाने वाले हर संभव प्रयास जिससे व्यापार और कारोबारी के साथ सभी का हित हो इस उद्देश्य को लेकर आगे भी काम करता रहूँगा। इधर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद योगेश अग्रवाल को दौरान रायपुर से संजय कनूगा, राधाकिशन सुंदरानी, प्रमोद जैन, विनय बजाज, अमरदास खट्टर, राजकुमार राठी, संजय चौधरी, ललित जयसिंह, सुदेश मृघान, राजू तारवानी, सतीश बागड़ी, वासु जोतवानी, अशोक अग्रवाल (हनुमान) प्रसून दीक्षित, राजेश गुरनानी, लोकेश जैन, विकास सिपानी, अश्विन विग, चंद्र विधानी, गिरीश पटेल, हरख मालू, गुरजीत सिंह संधू, किशोर आहूजा, अजीत द्विवेदी, आनंद, अरविंद जैन, आलोक सिंह, आकाश धावना, राजेश गुरनानी, राजू लुंकड, गुरप्रीत सिंह, पवन अग्रवाल, विजय अग्रवाल समेत बड़ी संख्या व्यापारियों ने बधाई दी है।

## सनहार्ट ग्रुप ने अजंता ओरेवा ग्रुप के साथ हाथ मिलाकर रचा इतिहास

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े विट्रीफ़ाइड टाइल्स के प्लांट की स्थापना के लिए सनहार्ट ग्रुप ने अजंता ओरेवा ग्रुप के साथ हाथ मिलाकर रचा इतिहास आज के समय में टाइल्स हर किसी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है. बात घरकी हो, ऑफिस की हो या फिर किसी अन्य जगह की, टाइल्स के बग़ैर किसी भी जगह की कल्पना करना मुश्क़लि हो गयाहै. टाइल्स किसी निश्चित स्थान की इंटीरियर की खूबसूरती को और उसके प्रभाव को कई गुनाबढ़ा देतीं हैं. उल्लेखनीय है कि टाइल्स के उत्पादन के क्षेत्र में भारत विश्व के अग्रणी तीन देशों में शामिल है और ये उद्योग प्रतिवर्ष 15त्न की रफ़्तारसे आगे बढ़ रहा है. सनशाइनटाइल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड भारत में एक प्रतिष्ठित और लोक प्रिय कंपनी है जो किअपना व्यवसाय सनहार्ट ब्रांड के नाम से संचालित कर रहे हैं. उल्लेखनीयहै किसन हार्ट ब्रांड भारतीय सिरामिक इंडस्ट्री का छठा सबसे युवा ब्रांड बन गया है. सन हार्टब्रांड के उत्पादों में आकर्षक विविधता है, जिन्हें पूरी तरह से भारत में ही तैयार किया जाता है. यह ब्रांडपूरी तरह से 'मेकइनइंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की सोच को साकार करता है।

पिछले लगातार 5 सालों सेभारतीय सिरामिक कंपनी के रूप में सनहार्ट की गिनती भारत के सबसे बड़े निर्यातक के तौरपर होती है एवं थ्रीस्टार एक्सपोर्ट हाउस का दर्जा प्राप्त करने वाला यह पहला सिरामिकब्रांड भी है. टाइल्स की गुणवत्ता और इन में नवीनता की बदौलत ही सनहार्ट ब्रांड कंपनी ने कोरोना महामारी और आर्थिक मंदी के बावजूद पिछले साल के 639 करोड़ रुपए के टर्नओवर के लक्ष्यको प्राप्त किया।

सनहार्टग्रुप के चेयर मैन भुदर भाई ने अपने विचार साझा करते हुए बताया, ये हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि हम अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरने में सफल हुए हैं. इससे संबंधित हमारे फ़ैसले काफ़ी अहम रहे हैं. जय सुख भाईभलो दिया केनेतृत्व वाली कंपनी अजंता ओरिवा ग्रुप के साथ हमारी ये साझेदारी मिल-जुलकर काम करने की अद्भुत शक्ति का प्रतीक है।

## प्राथमिक शाला सुरेठा में मोहल्ला क्लास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र सुरेठा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सुरेठा में विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मंडलोई, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिवाकर, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी दुबे एवं बीआरसी डी सी डाहिरे के द्वारा मोहल्ला क्लास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, साथ ही शाला परिसर में कटहल पौधा का वृक्षारोपण करते हुए वृक्ष की सुरक्षा पर ध्यान देने का कहा गया।

## गॉंव-गॉंव जाबो, जागरूकता अभियान चलाबो



**मुंगेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद - मुंगेली के कार्यकर्ताओं द्वारा के नया गार्डन में जतन अभियान चलाया गया जिसमें 100 बच्चे और 70 महिलाएं और 60 अन्य लोगों को मार्क्स वितरण किया गया और वैक्सीन लगवाने और अभी जो तीसरा लहार आने वाला है उसकी जानकारी दी गई और लोगों से अपील किया गया बच्चे और बड़ों को भी बिना मार्क्स के बाहर नहीं निकलना चाहिए और जब घर के लोग बाहर से आ घर रहे हैं तो अच्छे से सेनीटाइजर कर घर के अंदर आए जिससे बच्चों को इस महामारी से बचाया जा सके जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता नगर मंत्री ऋतुराज सिंह आयुष सिंह सौरभ आदित्य यशराज नितेश आयुष प्रद्युमन अंकुश आयुष अमन जयसवाल प्रकाश दुबे शुभम तिवारी हर्षवर्धन राजवीर पटेल सूरज नितेश दिलेश्वर और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धनोरा में किसानों तथा ग्रामीणों ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दिया भूपेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल/धनोरा
www.dailypioneer.com



धनोरा में किसानों को ग्रामीणों द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जनपद सदस्य व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र महेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश की भूपेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन दिया। ग्रामीणों व किसानों गकी समस्या को रखते हुए वीरेंद्र बघेल ने बताया कि अभी खेती के समय में सरकार द्वारा सरकारी लेमसो में पर्याप्त रूप में किसानों को खाद नहीं दिया जा रहा हैं, जबकि निजी दुकानों में खाद पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है। जिससे किसानों को अधिक दाम में खाद लेना पड़ रहा है, सरकार के इस रवैये से किसान पूर्णतः त्रस्त हैं। सरकार इस समस्या को देखते हुए किसानों को खाद उपलब्ध कराए ।

**दूसरी मांग** :- किसानों और ग्रामीणों को बैंक संबंधित कार्य के लिए केशकाल के सहकारी बैंक जाना पड़ता है जहां पर केवल सप्ताह में 2 दिन ही धनोरा क्षेत्र के खाताधारकों को बुलाया जाता है जहां 10 से 20 हजार रु. ही आहरण कर सकते हैं जिससे कई ग्रामीणों व किसानों का कार्य प्रभावित होता है जो समय पर पूर्ण नहीं हो पाता है। इसलिए ग्रामीणों सुविधाओं के देखते हुए धनोरा मुख्यालय में जिला सहकारी बैंक का शाखा होना चाहिए।

**तीसरी मांगः** धनोरा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय के मांग के बाद धनोरा को तहसील घोषित कर दिया गया है। परंतु तहसील कार्यालय में सभी कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते हैं , जिससे आय, जाति, निवास हो या जमीन संबंधित छोटे छोटे काम के लिए आज भी क्षेत्रवासियों को केशकाल जाना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए तहसील धनोरा सभी सम्बन्धित कर्मचारी नियमित रूप से कार्यलय में उपस्थित रहे। इन मांगों को पूर्ण कराने के लिए किसानों वह ग्रामीणों ने महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संबंधित अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से धरम सिंह राणा, श्रवणदीपक, रमेश यादव, संतोष उइके, रमेश उसेंडी, अजय मिश्रा ,रूपनारायण जैन, श्रीराम यद्धु, सियाराम सिन्हा, मुकुंद पांडे, सोनसाय, हिराउ शोरी, हरेप्रधान, विजय बघेल, शंकर बघेल, अमरू, रामनाथ ,अमीर ,मोहन ,परसु, ओड़सू राम, सोनू नेताम ,ब्रिज प्रधान, मनोज गुप्ता ,महेश उसेंडी ,महेश कोर्राम, मंगिया राम ,मंगलू ,तेज दीपक ,प्रेम राज बघेल ,श्रवण पटेल, कमलेश , बरतू यादव, राधेश्याम ,पिंटू, मिश्रा मरापी, चंद्रधर, सालिक कश्यप, महेंद्र नेताम घड़वाराम,राम प्रसाद राजेश पद्दा धरम मंडावी रमेश सलाम के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व किसान उपस्थित थे।

## रातों-रात ट्रांसफॉर्मर लगने का कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली/पथरिया
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत कुकुसदा के सब स्टेशन मे कल सोमवार की सुबह तक़रीबन 11 बजे सब स्टेशन के मेन पावर जिससे कि 15 से 20 गांव को लाइन सप्लाई किया जाता है वह ट्रांसफॉर्मर खराब होने की जानकारी जैसे ही हमारे जिला पंचायत क्षेत्र 10 के जनप्रतिनिधि जनसेवक 'वशीउल्लाह शेख बबलू ' को जानकारी प्राप्त हुआ तत्काल उस समस्या को संज्ञान में लेते हुए उच्च अधिकारी से चर्चा किया, जिस पर गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों ने रात में ही ट्रांसफार्मर लगवाने को कहा और रातो रात ट्रांसफार्मर लगवाने का काम चालू कर दिया जिससे सब स्टेशन में रात भर काम होने के बाद मंगलवार सुबह 6:50 में ट्रांसफार्मर चालू भी हो गया जिससे क्षेत्र की बहुत बड़ी समस्या दूर हुई लाइन नहीं होने के पीने के पानी के लिए दूर-दूर तक भटकते रहे लोग इस समस्या को दूर करने के लिए 'ग्राम कुकुसदा सब स्टेशन के जेवारा सकेत फिटर के समस्त ग्रामवासी कीओर से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हैं' वही विद्युत विभाग के सभी कर्मचारी अधिकारी का भी धन्यवाद जो रात भर काम में लगे रहे।

एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ने प्रोजेक्ट में क्षेत्रीय मजदूरों को काम दिलाने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

## मजदूरों के जरिये काम कराने के शर्त पर वन क्षेत्र में केबल बिछाने की अनुमति के शर्तो का उल्लंघन कर रहा है ठेका कम्पनी

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण बाम्बोडे ने सोमवार को कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर को ज्ञापन सौंप झरियाबहरा से देवभोग तक बीएसएनएल के केबल बिछाई कार्य मे शर्तो का उल्लंघन का आरोप लगाया है। बाम्बोडे ने कहा कि वन क्षेत्र में उक्त कार्य की अनुमति शर्त में मशीनरी के इस्तेमाल के बजाय मजदूरों को प्राथमिकता देने का शर्त रखा गया था, पर निर्माणकर्ता कम्पनी द्वारा धड़ल्ले से मशीनरी का इस्तेमाल कर रहा है।प्रवीण ने कोरोना काल मे मजदूरी के अभाव को दर्शाते हुए इस इलाके के वनवासियों को उक्त प्रोजेक्ट में मजदूरी दिलाने की मांग किया है।

टाइगर रिजर्व फारेस्ट में काम पर भी उठाया सवाल,,,

मामले में मीडिया के समक्ष प्रवीण बामबोडे ने रिजर्व फॉरेस्ट में बगैर अनुमति के काम करने का भी आरोप लगाया है।प्रवीण ने कहा कि मैनपुर मूख्यालय से 5 किमी बाद ही टाइगर रिजर्व के बफर जोन का इलाका लग जाता है,ठेका कम्पनि के पास सामान्य वन मण्डल में भर कार्य करने की अनुमति है। बावुजूद इसके निचले फारेस्ट अमला से सांठगांठ कर ठेका कम्पनी द्वारा रिजर्व फारेस्ट के अंतर्गत आने वाले कुसुममूड़ा तक काम कर लिया गया है।प्रतिबंधित इलाके में काम करने वाले फर्म व सँलिप्त कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किया है।

### कोदोमाली से लगता है रिजर्व फारेस्ट का इलाका,,,

आरोपो को खारिज करते हुए उदंती सीतानदी अभ्यरण्य के डीएफओ आयूष जैन ने कहा कि कोदोमाली से बफर जोन लगता है।केवल बिछाई कार्य केवल सामान्य वन मण्डल में हुआ है। रिजर्वफारेस्ट में काम करने की अनुमति वाइल्ड लाइफ बोर्ड के पास प्रक्रियाधीन है।बगैर अनुमती के रिजर्व फारेस्ट में काम नही कर सकता।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आहवान पर गंहगाई भत्ता देय तिथि से स्वीकृत करने संघर्षरत रहा



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आहवान पर जिला स्तरीय फेडरेशन के द्वारा जुलाई 2010 रो लवित 16 गंहगाई भत्ता देय तिथि से स्वीकृत करने संघर्षरत रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 20.07.2021 को गध्यान्तर में माननीय मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर मुंगेली के गाध्यम से दिया गया है। फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांग में सम्मिलित इस गांग को लेकर दिसंबर 2020 में कलम रख मशाल उठा आंदोलन तीन चरणों में कर चुका है। लेख है कि केन्द्र सरकार द्वारा जनवरी 2020 का 4 जुलाई 2020 का 3 एवं जनवरी 2021 के 4 कुल लंबित 11 भत्ता कर्मचारियों को मिलेगा जबकि प्रदेश के कर्मचारियों को वर्तमान में मात्र 12 मंहगाई भत्ता ही मिल रहा है। जो कि न्यायोचित नहीं है। उल्लेखीय है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण को रोकने शासकीय सेवकों ने दिन रात परिश्रम किया है। शासन से उनका हक गिलना अपेक्षित है। आज के इस कार्यक्रम में छ.ग. कर्मचारी अधिकारी के सम्बद्ध सभी मान्यता प्राप्त संगठनों के जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारिगण सम्मिलित हुए।



### वाहन विक्रय के लिये निविदा सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यवसायिक परिसर, छत्तीसगढ़ हॉऊसिंग बोर्ड कालोनी, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) के अनुपयोगी वाहन क्रमांक 01 सीजी 04 एच.डी. 8026 (BOLERO SLE 2 WD 7) एवं वाहन क्रमांक 02 सीजी 04 एल.जे. 3476 (SUMO GOLD EX CR4 BS IV) ''जहाँ है तथा जिस हालात में है'' के आधार पर विक्रय हेतु दिनांक 10.08.2021 को अपरान्ह 02:00 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में सील बंद निविदा आमंत्रित है। धरोहर राशि के रूप में प्रत्येक निविदा के साथ रुपये - 5,000/- (रुपये पाँच हजार मात्र) का क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर के नाम से देय बैंक ड्राफ्ट संलग्न किया जाना है। निविदा दिनांक 10.08.2021 सायं 04:00 बजे निविदाकर्ताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर में रुपये - 100/- नगद जमा कर दिनांक 07.08.2021 को सायं 05:00 तक प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक क्रेतागण वाहन का निरीक्षण क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यवसायिक परिसर, छत्तीसगढ़ हॉऊसिंग बोर्ड कालोनी, कबीर नगर, रायपुर में कार्यालयीन समय में सुबह 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक कर सकते हैं।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मण्डल**
**व्यवसायिक परिसर, छत्तीसगढ़ हॉऊसिंग बोर्ड कालोनी,**
**कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)**

संवाद-29356/4

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पहले के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें : सिन्हा

## किसानों को योजना के नियम से संबंधित पूरी जानकारी होनी चाहिए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जिला स्तरीय पर्यवेक्षण एवं शिकायत समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख 58 हजार किसानों ने बीमा कराया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पहले के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। भविष्य में दुबारा ऐसी गलती न हो इसके लिए सभी संबंधित अमले को प्रशिक्षण दें और पुस्तक एवं ब्रोशर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें। कलेक्टर ने संवेदनशीलता से किसानों की शिकायत का इस माह के अंत तक निराकरण करने के निर्देश दिए। किसानों को योजना के नियम से संबंधित पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए स्थानीय सरल भाषा का उपयोग करते हुए जानकारी दें। कलेक्टर ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 1 जून से 30 सितम्बर तक कृषक पंजीयन करा सकते है । इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। खरीफ 2021 से धान के साथ खरीफ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो, कुटकी, सोयाबीन, अरहर तथा गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रति वर्ष 9 हजार प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत फसल विविधिकरण को प्रोत्साहित करें।



कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शासन या अन्य विभाग एवं संस्थाओं द्वारा अनावारी, सूखा, बाढ़, अकाल क्षेत्र घोषित किये गये जाने पर बीमा दावा देय नहीं होगा जबकि बीमा दावा गणना आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा अधिसूचित क्षेत्र में रैण्डम नंबर के आधार पर आयोजित फसल कटाई प्रयोग मुख्य एवं अन्य अधिसूचित फसल हेतु 2 पटवारी एवं 2 ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी से प्राप्त वास्तविक उपज के आंकड़ों से की जाएगी। फसल उत्पादन के आंकलन के लिए अधिसूचित बीमा इकाई ग्राम में फसल कटाई प्रयोग आयोजित करने के उपरांत प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज, थ्रेस-होल्ड उपज से कम प्राप्त होने पर बीमित किसानों को बीमित राशि के आधार पर दावा भुगतान किया जाएगा। वास्तविक उपज, थ्रेसहोल्ड उपज से अधिक होने पर दावा भुगतान की पात्रता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को यह जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने खरीफ 2020 में दावा भुगतान एवं लंबित भुगतान, रबी 2020-21 में फसल बीमा की अंतिम प्रगति एवं दावा गणना की अंतिम स्थिति, शत-प्रतिशत किसानों को फसल बीमा आवरण में लाने के संबंध में चर्चा की। गौरतलब है कि वर्ष 2020-21 में जिस रकबे से किसान द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया था यदि वह धान के बदले कोदो, कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुगंधित धान अन्य फोर्टिफाईड धान, केला, पपीता अथवा वृक्षारोपण करता है तो उसे प्रति एकड़ 10 हजार रूपए आदान सहायता राशि दी जाएगी। वृक्षारोपण करने वाले कृषकों को तीन वर्ष तक आदान सहायता राशि दी जाएगी। इस अवसर उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, सहायक संचालक कृषि टीकम ठाकुर, आत्मा योजना के राजू सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं बीमा कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

### डॉ. रमन का किला भेदना कांग्रेस के लिए सपना बनकर रह जाएगा : अख्तर अली

राजनांदगांव। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अख्तर अली ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का किला भेदने का जो सपना कांग्रेस सरकार देख रही है वह कभी पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में आधा दर्जन नेताओं को छत्तीसगढ़ सरकार की बहुप्रतीक्षित आयोग एवं सत्ता में भागीदारी दी गई है। इससे जननायक व राजनांदगांव के विधायक डॉ रमन सिंह को कोई फर्क नही पड़ेगा। क्योंकि जनता समझ गई है वर्तमान राज्य सरकार की नीयत क्या है। और इसका जवाब जनता अगले विधानसभा चुनाव में देगी।



### सुराजी गांव योजना में सभी संबंधित विभागों की रहे सक्रिय सहभागिता : कलेक्टर

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फ्लैगशिप योजना नरवा, घुरवा, गरूवा, बाड़ी के लिए सभी संबंधित विभाग कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय, हथकरघा, मछली पालन एवं पशु पालन विभाग अपने दायित्वों का निवर्हन करें। गौठान में सभी विभागों की सहभागिता एवं सक्रियता दिखनी चाहिए। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय किसानों को कृषि की वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराने के लिए मॉडल प्रस्तुत करें।

# टीकाराम सोनकर जिला उपाध्यक्ष, जीतेन्द्र सिन्हा जिला कोषाध्यक्ष



■ दिनेश मंडल अध्यक्ष, नारायण जिला उपाध्यक्ष व महेश्वर सोशल मीडिया प्रभारी

रज्जा राणा ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा ने पिछड़ावर्ग मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित की है। जिला कार्यकारिणी में डोंगरगांव इलाके से 5 चेहरों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गाँधी की अनुशंसा पर टीकाराम सोनकर, नारायण साहू, जीतेन्द्र सिन्हा, दिलीप कुमार साहू व दिनेश साहू के नाम पर जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने सहमति जताते हुए घोषणा की है। उल्लेखनीय है उपरोक्त 5 में से तीन चेहरे साहू समाज से हैं। भाजपा मंडल से जानकारी मुताबिक रुदगांव सरपंच व डोंगरगांव ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष टीकाराम सोनकर एवं नारायण साहू को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जीतेन्द्र सिन्हा को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। दिलीप कुमार साहू को जिला महामंत्री व दिनेश साहू को डोंगरगांव पिछड़ावर्ग मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं महेश्वर साहू को जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उक्त नियुक्ति के बाद डोंगरगांव विधानसभा विशेषकर डोंगरगांव ब्लॉक में पिछड़ावर्ग भाजपा को मजबूती मिलने की संभावना है। उक्त मनोनयन पर डॉ नीरेंद्र साहू, भरत वर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव, जागृति चुन्नी यदु, इंदुमती साहू, शिवगोविंद पंसारी, अजय वैष्णव, मनीष साहू, राजू यादव, वीरेंद्र साहू, निर्मला सिन्हा, मीनाक्षी देशलहरे, कांति साहू, लखन सूर्यवंशी, डिकेश साहू, सिद्दीक बड़गुजर, रोहित गुप्ता, प्रवेश ठाकुर व योगेश पटेल सहित अनेक सक्रिय भाजपाइयों ने हर्ष जाहिर किया है।

# किसानों के साथ भाजपाई अन्याय और साजिश के चलते खाद संकट : कोठारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी ने केंद्र में बैठी मोदी सरकार पर छग के किसानों के साथ साजिश रच निरंतर अन्याय करने और उसी अन्याय के कारण ही छग में केंद्र सरकार 2 लाख मीट्रिक टन खाद छग में कम भेज कर खाद संकट उत्पन्न कर किसानों को उनके कृषि के समय परेशान कर उनको फसल से मिलने वाले लाभ से वंचित करने का आरोप लगाया है।



प्रवक्ता रूपेश दुबे ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पदम सिंह कोठारी ने कहा कि जब से छग में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी और 1 घंटे में किसानों का कर्ज माफ की घोषणा हुई उसके बाद धान का समर्थन मूल्य जब 25 सौ देने की घोषणा हुई तो केंद्र सरकार खुल कर छग सरकार के सेंट्रल पुल का चांवल नही खरीदने का फरमान जारी कर अन्याय करना प्रारंभ कर दिया और किसानों को समर्थन मूल्य 25 सौ ना देने छग सरकार पर दबाव बनाया, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चलते छग सरकार ने किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू कर उन्हें उनके फसल का वाजिब हक दिया।अब जब अनियमित वर्षा से किसान परेशान है तो केंद्र सरकार अपने अड़ियल व सत्ता का दुरुपयोग कर छग के किसानों के लिए पर्याप्त खाद राज्य सरकार को उपलब्ध ना कर 2 लाख मीट्रिक टन खाद कम भेज कर संकट पैदा कर किसानों को उनके फसल से वंचित कर रही है जिसका सीधा असर किसान परिवार सहित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगी जो मोदी सरकार की साजिश और अन्याय का ही परिणाम होगा। कोठारी ने खुले शब्दों में कहा कि पूर्व में भाजपा की सरकार छग में थी तब किसानों को अमानक खाद, अमानक बीज का वितरण भाजपा सरकार करती थी, अब केंद्र सरकार के साजिश व अन्याय पर पर्दा डालने जिले के भाजपाई किसानों का ध्यान भटकाने के लिए चंद भाजपाई नुमाइंदों को लेकर चक्काजाम, तालाबंदी जैसे अप्रिय कदम की नौटंकी कर रहे है।

# पत्रकार पर हमले के विरोध में उतरा जिला पत्रकार महासंघ, एसपी से की कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गंडई के पत्रकार रवि रजक के ऊपर हुए जानलेवा हमले को लेकर के जिला पत्रकार महासंघ ने मोर्चा खोलते हुए पुलिस अधीक्षक से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। जिला पत्रकार महासंघ ने पत्रकार पर हुए हमले को लेकर के निंदा प्रस्ताव करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला माना है। पुलिस अधीक्षक को लिखित ज्ञापन सौंप संघ के सदस्यों ने इस मामले में आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

गंडई के सक्रिय पत्रकार रवि रजक पर अचानकपुर के सरपंच नरसिंह साहू ने अपने गुंडों के साथ हमला कर दिया। पत्रकार रवि रजक इस दौरान अवैध उत्खनन को लेकर के रिपोर्टिंग करने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकार रवि के साथ मारपीट की और छीना-झपटी भी की। घटना के बाद पत्रकार रवि रजक ने पूरे मामले की रिपोर्ट गंडई थाने में दर्ज कराई है, जहां पुलिस इस मामले में कार्रवाई किए जाने की बात कह रही है। जिला पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष कमलेश स्वर्णकार ने कहा है कि पत्रकारों पर हमला कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान कमलेश स्वर्णकार, सन्नी वर्मा, राकेश यादव, मनोज चंदेल, खेमराज वर्मा, उमाशंकर शर्मा, संजय राजपूत, जुनैद कुरैशी, लोकेश सवाणी, विपुल शेंदे सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।



# शिक्षक राधेश्याम नेताम ने गांव की सुरही पाठ ग्रामोत्थान समिति जेपरा को 'पांच लाख' रुपए दिए

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

ग्राम जेपरा विकासखंड चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छग) के एक आदर्श ग्राम के नाम से जाना पहचाना ग्राम है । ग्राम जेपरा शत प्रतिशत शिक्षित ग्राम है और ग्राम में प्रत्येक घर से एक न एक शासकीय सेवक के रूप चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर प्रथम श्रेणी के अधिकारी हैं इसके अतिरिक्त प्राइवेट जॉब,एवंअन्य सेवा में है ।

सुरही पाठ ग्रामोत्थान समिति ग्राम विकास और पर्यावरण के क्षेत्र में ग्राम पंचायत जेपरा के साथ मिलकर काम कर रही है और पिछले कुछ दिनों से समिति ग्राम की गली - मोहल्ले , तालाब मेड़ पार , सड़क



किनारे और ख़ाली जगहों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम कर रही है ।

राधेश्याम नेताम उम्र 55 वर्ष जो की ग्राम जेपरा विकासखंड चारामा जिला उत्तरबस्तर कांकेर के ÷हरापारा÷ के निवासी है और वर्तमान में शिक्षक के पद पर भैरमगढ़ जिला बीजापुर में पदस्थ है नेताम ने कहा है कि माता-पिता के आशीर्वाद और ग्राम के देवी देवता के आशीर्वाद से शिक्षक हैं और अविवाहित होने के कारण खर्च कम है और उनके मन में अपने ग्राम के विकास के साथ साथ किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय और प्रशंसनीय कार्य करने वाली संस्था हो या व्यक्ति हो ग्रामोत्थान समिति के माध्यम से माता -पिता अर्थात अपने दाई - बबा जो अब जीवित नही है उनकी याद में भेंट की गई राशि से प्राप्त होने वाली ब्याज की राशि से सम्मानित कर प्रेरित करना चाहते हैं । नेताम जी ने कहा कि ग्राणोत्थान समिति हरवंश मिरी के मार्गदर्शन में अध्यक्ष नारद काँगे , कार्यकारी अध्यक्ष दीपक राय , कोषाध्यक्ष उमेश सोनवानी के नेतृत्व में ग्राम विकास और जनचेतना के लिए बहुत अच्छा काम कर रही है जिससे प्रभावित होकर उन्होंने पाँच लाख रुपए की राशि समिति के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को चेक के माध्यम से दिए हैं।

# मोदी सरकार के मनमानी के चलते क्रूड ऑयल की कीमतों में हुई गिरावट का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा

■ रोज पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ सकते है फिर क्रूड ऑयल के दाम कम होने पर दाम घटाने इंतजार क्यों?

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोदी सरकार के मनमानी के चलते आम उपभोक्ताओं को कच्चे तेल के दाम में आई गिरावट का लाभ नहीं मिल रहा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड आयल की कीमतों में लगभग 9 डॉलर की कमी आई है। क्रूड ऑयल की दाम घटने से देश में पेट्रोल-डीजल के दाम में कम से कम 10 रू. प्रति लीटर कमी आना चाहिए। इसके बावजूद देश की जनता महंगे दरों पर डीजल-पेट्रोल खरीदने मजबूर है। मोदी सरकार ने क्रूड आयल के कीमतों में आंशिक वृद्धि पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ सकते है तो फिर क्रूड ऑयल के दामों में आई कमी के चलते डीजल-पेट्रोल के दाम घटाने क्यो इंतजार किया जा रहा है? क्या अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आई क्रूड ऑयल के कीमत में गिरावट के चलते पेट्रोल-डीजल के दामों की कमी का सेहरा अपने सिर पर बांधने इवेंट की तैयारी की जा रही है।



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी वन से लेकर अब तक लगातार पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत 2014 के पहले के मुकाबले आधे दर पर है ऐसे में आम उपभोक्ता सिर्फ मोदी सरकार के वसूली नीति के चलते महंगाई की मार झेल रही है। पेट्रोल-डीजल में लगाई गई बेतहाशा एक्साइज ड्यूटी ने देश में पेट्रोल-डीजल को महंगा करने का काम किया है। बीते 7 साल में मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल एक्साइज ड्यूटी बना कर लगभग 25 लाख करोड़ रुपए की वसूली आम जनता से की है। बीते जून माह में ही 90 हजार करोड़ की कमाई पेट्रोल-डीजल से की गई है, महामारी की मार झेल रही जनता के ऊपर पेट्रोल-डीजल की महंगी कीमतों ने कुठाराघात किया है। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के चलते खाद्यान्न सामग्री, दवाइयां, ट्रांसपोर्टिंग सभी के दाम बढ़ गए हैं। देश में महंगाई प्राकृतिक रूप से नहीं बल्कि मोदी सरकार के गलत नीतियों मुनाफाखोरी और टैक्स के जरिए जनता से वसूली की नीति के चलते बढ़ रही है। आजादी के बाद पहली बार जनता को राहत देने के बजाय केंद्र में बैठी सरकार आफत पैदा कर रही है।

## कक्षा 1 से 5 वीं के विद्यार्थियों को दी गयी भारत का संविधान पुस्तिका

# पाठ्यपुस्तक निगम ने बांटी विद्यार्थियों को संविधान की लघु पुस्तिका


■ कक्षा 9 से 12 वीं के विद्यार्थियों को दी गयी हम भारत के लोग पुस्तिका

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन एक स्व-वित्तशासी निकाय है। निगम अपने लाभांश राशि का उपयोग शैक्षिक गतिविधियों में करती है। इसी कड़ी में संविधान दिवस 26 नवम्बर 2019 के अवसर पर राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम रायपुर के द्वारा विगत दिनों राज्य के सभी स्कूली विद्यार्थियों को भारत के संविधान की मूलभूत जानकारी की पुस्तिका प्रकाशित कर देने का निर्णय लिया गया था।

इस हेतु कक्षा 1 से 5 वीं तक के सभी 27,30,265 स्कूली विद्यार्थियों को 'भारत का संविधान' नामक लघु पुस्तिका निशुल्क वितरित की गयी। इस पुस्तिका का लेखन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रायपुर के द्वारा किया गया है। इसी प्रकार कक्षा 9 से 12 वीं तक के सभी शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत







14,24,208 विद्यार्थियों को 'हम भारत के लोग' नामक लघु पुस्तिका निशुल्क वितरित की गयी। इन पुस्तकों में भारत के संविधान की मूलभूत तथ्यों को बहुत ही आसान तरीके से बताया गया है।

इसी कड़ी में दिनांक 20-07-2021 को छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम रायपुर की अकादमिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी थी। इसमे निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी एवं प्रबंध संचालक अभिजीत सिंह के साथ ही विनोद वर्मा (सलाहकार मुख्यमंत्री) परिवेश मिश्र (सारंगढ़), एल. एस. निगम, के पी खांडे, रामकुमार तिवारी ने 'भारत का संविधान' और 'हम भारत के लोग' पुस्तकों का अवलोकन किया और इसे न केवल विद्यार्थियों बल्कि अभिभावकों के लिए भी पठनीय बताया। सभी विद्वजनों ने इसमें उपयोग की गयी कागज़ और मुद्रण की उत्तम गुणवत्ता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने अनुशंसा की कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों तथा राज्य के अन्य अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 'वी द पीपल' पुस्तक का प्रकाशन कर वितरण किये जाने के सम्बन्ध में सलाह दी, ताकि अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को भी इस उत्कृष्ट प्रयास का लाभ मिल सके।

अकादमिक सलाहकार समिति के सदस्यों के समक्ष निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने लेखक सोपान जोशी से प्रकाशन की अनुमति प्राप्त कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की जीवनी संबंधी बाल मनोविज्ञान पर आधारित पुस्तक 'बापू की पाती' को कक्षा 6 से 8 वीं और 'एक था मोहन' को कक्षा 9 से 12 वीं तक के सभी विद्यार्थियों को छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम की ओर से निःशुल्क वितरण करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

इस सम्बन्ध में निगम के अध्यक्ष द्वारा निगम के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। निगम के अधिकारियों के अनुसार यथाशीघ्र इस सम्बन्ध में नियमानुसार राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रायपुर से अनुमोदन प्राप्त कर प्रकाशन एवं वितरण कर दिया जाएगा।

बैठक में पाठ्यपुस्तक निगम की भविष्य की कार्ययोजना पर विचार किया गया और उस पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# जिले मे नियमित रुप से चल रही है मोहल्ला क्लास

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन बेमेतरा श्री कमोद सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार श्री कमलनारायण शर्मा सहायक जिला मिशन समन्वयक द्वारा प्राथमिक शाला निनवा संकुल केन्द्र बैजलपुर, विकासखण्ड बेमेतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां दो पाली में मोहल्ला क्लास का संचालन किया जा रहा था। प्रथम पाली में तीन स्थानो पर प्राथमिक शाला एवं दोपहर 02:00 बजे पूर्व माध्यमिक शाला का संचालन किया जा रहा है। सामुदायिक भवन में कक्षा पहली से दूसरी का संचालन किया जा रहा है जिसमें आज 45 बच्चे उपस्थित थे। उसके पश्चात् प्राथमिक शाला चिखला संकुल कोदवा, वि.खं. बेरला का निरीक्षण किया गया। वहां भी कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चो को अध्यापन कार्य कराया जा रहा था। जिसमें 28 बच्चे अध्ययनरत मिले। प्राथमिक शाला चिखला हिन्दुपारा का निरीक्षण किया गया वहां दो स्थानो पर मोहल्ला क्लास का संचालन किया जा रहा है। एक जगह 07 बच्चे उपस्थित थे। श्रीमती पटेल की कक्षा में 14 बच्चें अध्ययनरत मिले। साफ-सूथरा स्थान पर कोविड-9 के निर्देशो का पालन करते हुए मोहल्ला क्लास का संचालन किया जा रहा है जिसमें बच्चे रूचि के साथ अध्ययनरत मिलें। प्राथमिक शाला परसबोड़ संकुल परसबोड़ वि.खं. साजा का निरीक्षण किया गया। जहां तीन स्थानो पर मोहल्ला क्लास सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। बच्चों को सेतु पाठ्यक्रम के निर्देशानुसार अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। 75 बच्चें अध्ययनरत मिलें। बहुत ही सुंदर तरीके से कक्षा का संचालन किया जा रहा है। उच्च प्राथमिक शाला परसबोड़ में 37 बच्चें अलग-अलग स्थानो पर अध्ययनरत मिलें। परसबोड़ हाई स्कूल में मोहल्ला क्लास का संचालन टिन सेड में किया जा रहा था। कक्षा संचालन की जगह पर सेनेटाइजर, हेण्डवास और सभी बच्चे, अध्यापन कराने वाले शिक्षक मास्क पहने हुए थे। कक्षा 10वी में 16 बच्चे अध्ययनरत मिले कुल दर्ज संख्या 94 है। संकुल केन्द्र साजा का निरीक्षण किया गया। वहां सभी शालाओं में पाठ्यपुस्तक का वितरण किया जा चुका है। कन्या उच्चत्तर माध्यमिक शाला गायत्री मंदिर परिसर में संचालित हो रहा है। जहां 17 बच्चे अध्ययनरत मिलें। प्राथमिक/उच्च प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम शाला का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम में प्रोजेक्टर एवं एलसीडी टीवी लगाया गया है। उच्च प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम में 14 बच्चे अध्ययनरत मिलें। सभी मोहल्ला क्लास संचालनकर्ता को सेतु पाठ्यक्रम एवं ट्यूनिक ऑफ स्कूल में दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए अध्यापन कार्य कराये जाने का निर्देश दिया।

# प्रभारी मंत्री के शक्ति आगमन को लेकर कांग्रेसजनों की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व आपदा प्रबंध मंत्री जयसिंह अग्रवाल के जिला जांजगीर चांपा के प्रभारी मंत्री बनने के पश्चात 22 जुलाई को प्रथम सक्ती नगर आगमन के अवसर पर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने हेतु स्थानीय विश्राम गृह में 21 जुलाई को बैठक आयोजित की गई बैठक मैं चर्चा करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल ने बताया कि प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल डभरा, मालखरौदा होते हुए शक्ति पहुंचेंगे ,यहां नगर सीमा सोठी में कचहरी चौक में साईं मंदिर के पास एवं हटरी चौक में स्वागत किया जाएगा,स्थानीय जन सेवा समिति हटरी धर्मशाला में स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया है, कचहरी चौक में जयसिंह अग्रवाल को फलों से तौला जाएगा, 21 जुलाई को कांग्रेस जनों की स्थानीय विश्राम गृह में संपन्न बैठक में विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमत्ती गीता देवांगन, साधेश्वर गवेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया कवर, एल्डरमैन घनश्याम देवांगन, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, कमल शर्मा,हरीश अग्रवाल,पार्षद रिक्की सेवक, सुरेश डेनसिल, रामु जायसवाल, राकेश राठौर, सेतराम देवांगन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# ऑनलाइन फ्रॉड पर अंकुश लगाने की दिशा में एडिशनल एसपी लिए बैंक प्रबंधकों की बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा साइबर क्राइम को लेकर बेहद गंभीर हैं। एसपी मीणा कोरबा जिले की पदस्थापना दौरान साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने योजनाबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रमों के साथ बैंक प्रबंधकों से सामंजस्य बनाकर कार्रवाई की गई थी। उनके द्वारा रायगढ़ जिले में भी इसकी शुरुआत की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर आज एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में शहर के सभी प्रमुख बैंकों के अधिकारियों के साथ मीटिंग लेकर सुरक्षा व साइबर क्राइम को रोकने के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मीटिंग में एजेंडा अनुसार बैंक प्रबंधकों को एडिशनल एसपी द्वारा कहा गया कि साइबर क्राइम विशेषकर ऑनलाइन ठगी के मामलों में पीड़ित को बैंक शीघ्र आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करावें, ज्यादातर अनाधिकृत ट्रांजैक्शन के मामले होते हैं ऐसे मामलों में विशेष रुप से बैंक ऐसे अधिकृत ट्रांजैक्शन की सूचना पर राशि होल्ड लगावे। चर्चा दौरान प्रबंधकों से कहा गया कि स्थानीय स्तर पर बैंक एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करें जो साइबर सेल से जुड़कर फ्राड के मामलों की रोकथाम एवं आवश्यक कार्रवाई में सहयोग कर सके।



एडिशनल एसपी बताए कि अधिकतर मामले क्लोन डेबिट कार्ड से रुपए निकाले जाने के आये हैं, ऐसे में डेबिट कार्ड कंपनी की जवाबदारी तय की जा सके। ऐसे सक्षम अधिकारियों के नंबर की जानकारी सभी स्तर पर उपलब्ध कराये जिससे कार्ड क्लोनिंग के मामलों में शिकायत बाद राशि को होल्ड कराया जा सके। एडिशनल एसपी द्वारा बैंक प्रबंधकों के साथ सुरक्षा को लेकर चर्चा किये जिसमें बैंक में सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी, अलार्म जैसे सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान देने कहा गया। उन्होंने वर्तमान में बड़ी संख्या में कृषक रूपये निकालने आते हैं। ऐसे में उठाईगिरी की घटना के मद्देनजर ग्राहकों को अपनी ओर से भी सचेत करें और सुरक्षा की दृष्टि से बैंक के बाहर सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए। कई सारे एजेंडा बिन्दु पर बैंक प्रबंधकों के साथ सहमति बनी है। मीटिंग में एसबीआई मैन ब्रांच रायगढ़ सहित एसबीआई बैंक के अन्य शाखाओं के ब्रांच मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा, बंधन बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, यूनियन बैंक के मैनेजर एवं साइबर सेल प्रभारी राजेश पटेल एवं सायबर स्टाफ मौजूद थे।

# सकरी की परियोजना अधिकारी को प्रभार देने के पीछे डी पी ओ की आखिर क्या है मंशा ?

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास विभाग बिलासपुर मैं अजीबो-गरीब खेल चल रहा है।

रेडी टू ईट, स्व सहायता समूहों को लेकर गड़बड़ ढाला की शिकायतें, स्थानांतरित पर्यवेक्षक और कर्मियों को दो-दो साल से भार मुक्त नहीं करने, डायरेक्टर के आदेश की अनदेखी सहित और भी अनेक शिकायतो के बाद यह भी खबर है कि शहरी परियोजना में परियोजना अधिकारी का पद रिक्त हो जाने बाद नियमानुसार जिला मुख्यालय में खाली बैठे दो अधिकारियों उमा शंकर गुप्ता जिला महिला एवम बाल विकास अधिकारी और नेहा राठिया में से किसी एक को शहरीपरियोजना का प्रभार दिया जाना था मगर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सकरी में पदस्थ महिला परियोजना अधिकारी पुष्पा कुजूर को शहरी परियोजना का अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दे दी जबकि जिला कार्यालय में दो अधिकारी ऐसे ही बैठे हुए है । अभी चूंकि रेडी टू इट कार्यक्रम संचालित करने के लिए योग्य महिला समूहों का चयन करना है और इसके लिए डी पी ओ ने सकरी की परियोजना अधिकारी को जिला मुख्यालय में बैठे दो अधिकारियो के मुकाबले ज्यादा योग्य कैसे पाया यह विचारणीय है।

आश्चर्य तो यह है कि जिले में बैठे कांग्रेस नेताओ और कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों को डी पी ओ के ऐसे कारनामे दिखाई ही नहीं दे रहे है।

# हाईकोर्ट में याचिका के कारण अटका नाले का काम



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में याचिका के कारण शहर के बीच बनने वाला नाला खटाई में पड़ गया है।श्रीकांत वर्मा मार्ग से लेकर बस स्टैंड नदी तक बनने वाले नाले का निर्माण रुक गया है।नगर निगम ने बड़ी मुश्किल से इस नाले के निर्माण के लिए शासन से आठ करोड़ लाया है लेकिन अब जमीन विवाद के चलते हाईकोर्ट में निजी व्यक्ति ने याचिका लगाई है ।नाले का निर्माण नही हुआ तो इस बार भी तालापारा ,विनोबा नगर ,निराला नगर, हंसा विहार ,बस स्टैंड में बरिश् में पानी भरेगा ,नगर निगम इस मामले में प्रयास कर रहा है लेकिन सफ्लता नही मिली है। इस नाले का निर्माण नही होने से शहर की आधी आबादी बरसात में तकलीफझलेगी।

# जिओ में नेट स्लो होने की शिकायत के बाद ठग लिए 32 लाख रुपये

- **तोरवा पुलिस ने तत्काल कार्यवाई की तो एक लाख वापस मिले**

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने सभी थाना प्रभारिओ को अपने क्षेत्र के साइबर अपराध से पीड़ित प्रकरण सामने आने पर गंभीरता से कार्य करने निर्देश दिया था. अति पुलिस अधीक्षक उमेश कसयप व निमेष बरैया ने भी हिदायत दिया था. इसी के परिपालन मे तोरवा थाना मे 15 तारीख की शाम को तोरवा के गुरुनानक चौक पास के रेलवे रिटायर्ड निवासी पी. के. राय पिता अजित कुमार ने दो मोबाइल नंबर 6297087645, 7549981407 के धारक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध कायम कराया था। पीड़ित ने google मे जिओ कस्टमर केयर का फ़ोन नंबर खोज कर उसमे से 6297087645 नंबर मिला, उसमे पीड़ित ने फ़ोन किया, नेट स्लो चलने संबंधी शिकायत किया, पता, पिन कोड पूछा गया, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित को फ़ोन किया,अपने आपको जिओ का कर्मचारी बताया, प्रॉब्लम पूछा, नेट प्रॉब्लम बताने पर उसने 5/- का ऑनलाइन फॉर्म भराया. Anydesk download करके ओपन करने बोला, ओपन करते ही विश्वास मे लेकर 325000 निकाल कर धोखाधड़ी कर लिया था.

तत्काल जानकारी मिलते ही तोरवा पुलिस एक्शन मे आई, तथा ततपरता व गंभीरता से कर्तव्य निर्वहन करते हुए साइबर सेल से सम्पर्क किया. तत्काल ऑनलाइन शिकायत किया गया. पीड़ित की घबराहट को शांत कराया. न कम्प्लेन का मेसेज पीड़ित के मोबाइल मे आया, समय पर कार्यवाही होने से आज तक पीड़ित का 100,000 (एक लाख) रुपय वापस आ चूका हैं.

# बिलासपुर विधायक ने आई एम ए और लायंस क्लब द्वारा आयोजित कोरोना टीकाकरण का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिलासपुर द्वारा लायंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में बिलासपुर के लोगों के लिए निशुल्क कोरोना का टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम में बिलासपुर के विधायक शैलेश पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अभिजीत रायजादा ने बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे को टीकाकरण की सभी जानकारियों से अवगत कराया विधायक शैलेश पांडे ने इस कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिलासपुर के सभी डॉक्टरों द्वारा बहुत ही पुनीत कार्य किया जा रहा है और जनता को जो टीकाकरण यहां किया जा रहा है उससे सभी को बहुत लाभ मिलेगा विधायक शैलेश पांडे ने बिलासपुर के सभी लोगों से अपील भी किया है कि जितना जल्दी हो सके सभी लोग कोरोना का टीका जरूर लगवाएं इससे उनका जीवन सुरक्षित रहेगा और जनजीवन भी सामान्य रहेगा । विधायक ने ये भी कहा कि आने वाले समय में यदि कोरोनावायरस की तीसरी लहर भी आती है तो हम सभी सुरक्षित रहेंगे विधायक शैलेश पांडे ने सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सभी डॉक्टरों को इस पुनीत कार्य के लिए हार्दिक बधाई दी एवं वहां उपस्थित सभी सम्मानीय नागरिकों को कोरोना का टीका लगाने के लिए फूल उनके हाथ में भेंट किया। इस कार्यक्रम में बिलासपुर के टीकाकरण अधिकारी डॉ मनोज सैमुअल डॉक्टर संदीप तिवारी डॉक्टर के डब्ल्यू देवराज डॉक्टर श्रीवास्तव डॉक्टर विकास डॉक्टर मखीजा डॉक्टर ओम मखीजा डॉ प्रशांत द्विवेदी डॉक्टर घाडगे डॉ मुकुल श्रीवास्तव लायंस क्लब के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित कमल चावड़ा नितिन सलूजा उपस्थित थे।



# सक्ती विकासखंड के पढ़ई तुंहर दुआर प्राचार्यों एवं शिक्षकों की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के चलते विद्यार्थियों के लिए स्कूल बंद है ऐसी परिस्थिति में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षा संचालित करने के निर्देश दिए हैं । इसे व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था डाइट जांजगीर के द्वारा 20 जुलाई को सक्ती विकासखंड के समस्त संकुल प्राचार्यों एवं शैक्षिक समन्वयको की बैठक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सक्ती में आयोजित की गई । बैठक में पढ़ई तुंहर दुआर के जिला नोडल अधिकारी एल के पाण्डेय द्वारा मोहल्ला क्लास संचालन ,ऑनलाइन कक्षा संचालन एवं शासन से जारी अन्य निर्देशों के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला एडमिन प्रद्युम्न शर्मा के द्वारा संकुल प्राचार्य एवं शैक्षिक समन्वयक के कार्यों तथा उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला गया। विकासखंड सक्ती के




नवाचारी शिक्षक शैल कुमार पाण्डेय आश्रम शाला मसनिया खुर्द, पुष्पेंद्र कश्यप शासकीय प्राथमिक शाला सकरेली (बा) एवं संजीव सूर्यवंशी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नंदौर कला द्वारा अपने नवाचार अनुभव को साझा किया गया। विदित हो कि सक्ती विकासखंड के 08 शिक्षक शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा वेब पोर्टल में हमारे नायक कॉलम में स्थान प्राप्त कर शैक्षणिक जिला सक्ती का परचम लहराया है। इस बैठक में महेश राम चंद्रा सहायक प्राध्यापक डाइट जांजगीर , सुरेश कुमार जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी पढ़ई तुंहर दुआर, नीलिमा बड़गे विकासखंड नोडल अधिकारी सहित सभी 28 संकुलों के प्राचार्य एवं शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

# पीएससी मुख्य परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 6 केंद्र, एक हजार 380 अभ्यर्थी शामिल होंगे



पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2020 का आयोजन किया जा रहा है।जो 26 जुलाई से 29 जुलाई 2021 तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। बिलासपुर जिले में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमें एक हजार 380 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए उड़नदस्ता प्रभारी और संवितरण अधिकारी नियुक्त किए गए है। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में बनाए परीक्षा केंद्र में 250 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी तरह देवकीनंदन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बिलासपुर के परीक्षा केंद्र में 200 अभ्यर्थी, मिशन उ.मा. शाला बृहस्पति बाजार बिलासपुर के परीक्षा केंद्र में 250 अभ्यर्थी, कौशलेन्द्र राव विधि स्नाकोत्तर महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 250 अभ्यर्थी, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला दयालबंद में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 250 अभ्यर्थी और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ.मा. शाला दयालबंद में बनाए गए परीक्षा केंद्र में 180 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे।

**टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों की जीत की कामना है उद्देश्य**

# एफओबी बिलासपुर ने की 'चीयर फॉर इंडिया' सेल्फी प्वाइंट की शुरूआत

- **डीपी विप्र कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. अंजू शुक्ला ने की जीत की कामना**

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

तमाम उम्मीदों और पदक जीतने की आस के साथ भारतीय खिलाड़ियों का दल टोक्यो में ओलंपिक गांव पहुंच चुका है। दो दिनों के बाद ओलंपिक गेम की शुरूआत होनी है। ऐसे में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीनस्थ क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय बिलासपुर द्वारा भारतीय खिलाड़ियों के जीत की कामना के लिए 'चीयर फॉर इंडिया' मुहिम की शुरूआत की गई है। मुहिम के तहत डीपी विप्र कॉलेज में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के सहयोग से सेल्फी प्वाइंट लगाया गया। जिसमें कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला समेत प्राध्यापक व अन्य कर्मियों ने उत्साह से भाग लिया।







इस अवसर पर प्रो. अंजू शुक्ला ने कहा कि पूरा देश ओलंपिक में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दे रहा है। प्रधानमंत्री खुद खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनसे बात कर रहे हैं। ऐसे में टोक्यो ओलिंपिक में शामिल होने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सेल्फी प्वाइंट पर जाकर चीयर फॉर इंडिया अभियान के तहत फोटो खिंचवाना खिलाड़ियों की जीत की कामना करने जैसा है। सेल्फी प्वाइंट को लेकर कॉलेज के प्राध्यापकों व अन्य कर्मचारियों में भी काफी उत्साह दिखा।

क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि चीयर फॉर इंडिया मुहिम की शुरूआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के आह्वान पर की गई है। इसके तहत भारत की ओर से टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले रहे सभी 119 खिलाड़ियों के जीत की कामना की जा रही है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों का हौसलाआफजाई करना है।

सेल्फी प्वाइंट के संयोजन में एफओबी बिलासपुर के वरिष्ठ एफपीए केवी गिरी, ओए शशांक सचान व डी.पी.विप्र कॉलेज के डॉ. मनीष तिवारी,डॉ. एम. एस.तम्बोली, एनएसएस अधिकारी प्रो.रीना ताम्रकार व अधिकारी प्रो.यूपेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अभियान का आगाज़ डी.पी.विप्र महाविद्यालय में करना अत्यंत हर्षित करने वाला कार्यक्रम रहा जिसके माध्यम से महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों तथा कर्मचारिगणों ने टोक्यो ओलम्पिक में हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीत के लिए अग्रिम बधाइयां प्रेषित कीं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



-: विनीत :-
आदिम जाति कल्याण विभाग
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)



अब्दुल रहीम रहीम खान
मैनेजमेंट प्रभारी-प्रदेश कांग्रेस

सुरेंद्र सिह छाबड़ा
पूर्व जिला महामंत्री
कवर्धा

हरचरण सिंह खनूजा
सचिव-झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ
प्रदेश कांग्रेस



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




तुकाराम चंद्रवंशी
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-05, कबीरधाम
प्रदेश सहसचिव छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



ऋषि शर्मा
अध्यक्ष-नगर पालिका परिषद
एवं समस्त स्टाफ-कवर्धा, कबीरधाम

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



कन्हैया अग्रवाल
आयोग निगम मंडल क्रेडा सदस्य
एवं ठेकेदार-कवर्धा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



रसीद खान
सदस्य-हजरत महबूब फाउंडेशन
पोड़ी-कवर्धा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



रियाज़ अत्तारी
प्रदेश प्रमुख
हजरत महबूब फाउंडेशन
एवं ब्यूरोचीफ पायनियर कवर्धा

फिरोज़ खान
जिलाध्यक्ष
हजरत महबूब फाउंडेशन




सुनील केशरवानी
जिलाध्यक्ष-जनता कांग्रेस छ.ग. (जे)
कबीरधाम

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



एक शुभचिंतक
पाण्डातराई

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



एक शुभचिंतक
पोड़ी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



आशा फ्यूल्स
एंड कंस्ट्रक्शन
कवर्धा, भलपहरी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

यातायात के नियमों का पालन करें
ट्रेफिक पुलिस का सहयोग करें



जिला परिवहन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, परिवहन विभाग
कवर्धा, जिला-कबीरधाम

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

चलो नोनी पढ़े बर
जिंदगी ला गढ़े बर

जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, शिक्षा विभाग
कवर्धा, जिला-कबीरधाम

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार
पायनियर
के स्थापना दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कोविड-19 के गाईडलाईनों
का पालन करें
वैक्सीन अवश्य लगवायें



जिला स्वास्थ्य अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग
कवर्धा, जिला-कबीरधाम

संकलनकर्ता-मोहम्मद रियाज़ अत्तारी, ब्यूरो चीफ - कवर्धा, मोबाईल - 8103519626


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403